माघ शुक्ल पक्ष, दशमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 19 फरवरी 2024
वर्ष - 2, अंक -179 , पृष्ठ -14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



पीएमएल-एन व पीपीपी के बीच बातचीत बेनतीजा 14

यामिनी की 'नमस्ते सासू जी' का फर्स्ट लुक रिलीज 13

- उद्योगपति, राजदूत, उच्चायुक्त समेत दुनिया की करीब 4000 हस्तियां होंगी शामिल
- आज से शुरु हो रहा राज्य सरकार का ग्रैंड-शो तीन दिन चलेगा, धरा पर उतरेंगे निवेश
- लखनऊ सज-धज कर तैयार, मुख्य सड़कों और चौराहों का कोना-कोना दमक रहा

# सितारों के जमीं पर उतरने के इंतजार में राजधानी

अजय दयाल, लखनऊ

**अमृत विचार :** बस कुछ घंटों का इंतजार और लखनऊ सजधज कर तैयार है। राजधानी की धरा मानों दोनों हाथ फैलाकर सितारों के जमीं पर उतरने के इंतजार में हो। शहर की मुख्य सड़कों का कोना-कोना दमक रहा है। उत्सव मनाने से पहले पसरी सुखद शांति का एहसास हो रहा है। देशी-विदेशी हस्तियों के बीच सोमवार से शुरु हो रहा राज्य सरकार का ग्रैंड-शो तीन दिन चलेगा।

मुख्य सड़कों पर स्ट्रीट लाइट के खंभों को फूलों की माला व झालरों की लड़ियों से सजाया गया है। सड़कों के दोनों तरफ लगी डिजायनर ग्रिल्स का रंग-रोगन किया गया है। फुटपाथ गमलों और महंगे व दुर्लभ प्लांट्स से शोभायमान हैं। सड़क पर सरपट दौड़ते वाहन और लोग इस कदर चकाचौंध को देखकर ठिठक जा रहे हैं। व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने को एक दर्जन महकमों के आला अफसर व अधीनस्थकर्मी दिन-रात एक किए हुए हैं।

हजरतगंज, गोमती नगर जैसे पॉश इलाके हों या पुराना शहर हर जगह ग्राऊंड ब्रेकिंग सेरेमनी का संदेश देतीं होर्डिंग्स राहगीरों का ध्यान खींच रही हैं।

मोदी-योगी की तस्वीरों के साथ इन होर्डिंग्स पर आयोजन के कार्यक्रम दर्ज हैं। पीएम मोदी के बड़े-बड़े जीवंत सरीखे कटआऊट्स, मानों हर आते-जाते का अभिवादन कर रहे हों।

मुख्य बाजारों, चौराहों, स्थलों की सुरक्षा भी चाक-चौबंद है। हर जगह पुलिस की टुकड़ियां तैनात हैं। गश्त भी तेज है। इस सुरक्षा में गौर करने वाली बात यह है कि पुलिस संवेदनशील गतिविधियों पर नजर रखने के साथ मेहमानवाजी की भूमिका में भी कुछ अलग व्यवहार के साथ दिख रही है। रात का तो नजारा ही और है। मानों रामलला प्राण प्रतिष्ठा के बाद एक और दीवाली मनाई जा रही हो। बड़े भवनों पर झालरों की चकाचौंध है।

### ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-4



विद्युत झालरों से सजा राजधानी का चौराहा।

### प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य

उप्र. को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के उद्देश्य से ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में पूरे राज्य के लिए निवेश परियोजनाओं की शुरुआत होगी। सर्वाधिक 52 प्रतिशत परियोजनाओं की शुरुआत पश्चिमांचल में होगी। पूर्वांचल में 19 प्रतिशत, मध्यांचल में 14 प्रतिशत और बुंदेलखंड में 5 प्रतिशत निवेश परियोजनाएं शामिल होंगी। सरकार अनुमानित 10 लाख करोड़ रुपये की निवेश परियोजनाओं को धरातल पर उतारने जा रही है।

### प्रधानमंत्री आज संभल में करेंगे कल्कि धाम का शिलान्यास

**संभल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज संभल जनपद के ऐंचोडा कम्बोह में कल्कि धाम का शिलान्यास कर जनसभा को भी संबोधित करेंगे। कार्यक्रम के मद्देनजर कड़े सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। प्रधानमंत्री का स्वागत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। प्रधानमंत्री सुबह 10.25 बजे ऐंचोडा कम्बोह पहुंचेंगे। 10.30 बजे शिलान्यास के बाद 10.45 बजे सभा मंच पर पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री व आचार्य प्रमोद कृष्णम के बाद प्रधानमंत्री सभा को संबोधित करेंगे। संभल से 11.40 बजे हेलीकॉप्टर से बरेली के लिए उड़ान भरेंगे।

### प्रधानमंत्री सवा घंटे लखनऊ में, रक्षामंत्री रहेंगे साथ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को लगभग सवा घंटे लखनऊ में रहेंगे। वे इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 19 से 21 फरवरी तक चलने वाली तीन दिवसीय ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी की शुरुआत करेंगे। वह दोपहर 1.45 से 3 बजे तक कार्यक्रम में रहेंगे। औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी प्रधानमंत्री का स्वागत करेंगे। हिंदुजा ग्रुप के चेयरमैन धीरज हिंदुजा, सैमसंग, साउथ वेस्ट एशिया के सीईओ जेपी पार्क, आईएनजीकेए के सीईओ सुसैन पल्वरर, टोरेंट ग्रुप के एमडी जीनल मेहता और एडवर्ब टेक्नोलॉजीज के चेयरमैन जलज मेहता भी यहां उप्र. में औद्योगिक विकास की उपलब्धियों पर विचार रखेंगे। रक्षामंत्री और लखनऊ से सांसद व रक्षामंत्री राजनाथ सिंह भी विचार रखेंगे। मोदी को राज्य सरकार की उपलब्धियों पर आधारित एक शॉर्ट फिल्म भी दिखाई जाएगी।

### उद्योग जगत के महारथियों का होगा जमावड़ा

तीन दिवसीय ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन, रिलायंस के अध्यक्ष मुकेश अंबानी, अदानी ग्रुप के अध्यक्ष गौतम अडानी, आदित्य बिरला ग्रुप के अध्यक्ष कुमार मंगलम बिड़ला, आईटीसी के अध्यक्ष संजीव पुरी, भारती एंटरप्राइजेज के अध्यक्ष सुनील भारती मित्तल, महिंद्रा एंड महिंद्रा के अध्यक्ष आनंद महिंद्रा शामिल होंगे। अपोलो हॉस्पिटल के वाइस चेयरपर्सन शोभना, गोदरेज ग्रुप के निदेशक फिरोज शाह गोदरेज, हिंदुजा ग्रुप सैमसंग इंडिया के एमडी अशोक लीलैंड जैसे तमाम बड़े उद्योगपति भी यहां रहेंगे।

# जैन मुनि विद्यासागर ने सल्लेखना कर देह त्यागा

राजनांदगांव, एजेंसी



- चंद्रगिरि तीर्थ में छह माह से रह रहे थे, कुछ दिनों से थे बीमार

जाने-माने जैनमुनि आचार्य विद्यासागर महाराज ने छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ स्थित 'चंद्रगिरि तीर्थ' में 'सल्लेखना' करके रविवार को देह त्याग दी। चंद्रगिरि तीर्थ की ओर से जारी एक बयान के अनुसार सल्लेखना जैन धर्म में एक प्रथा है, जिसमें देह त्यागने के लिए स्वेच्छा से अन्न-जल का त्याग किया जाता है। छत्तीसगढ़ सरकार ने रविवार को आधे दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है। मुख्यमंत्री कार्यालय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि विश्व प्रसिद्ध दिगंबर जैन संत परंपरा के आचार्य विद्यासागर महाराज जी का आज निधन हो गया उन्हें वर्तमान समय का वर्धमान कहा जाता है। राजकीय शोक के दौरान राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा और कोई भी सरकारी समारोह या कार्यक्रम आयोजित नहीं किए जाएंगे। जैनमुनि के निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित अन्य हस्तियों ने शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है।

चंद्रगिरि तीर्थ की ओर से जारी बयान के अनुसार, आचार्य विद्यासागर ने देर रात 2:35 बजे 'चंद्रगिरि तीर्थ' में 'सल्लेखना' करके देह त्याग दी। महाराज जी डोंगरगढ़ में 'चंद्रगिरि तीर्थ' में छह माह से रह रहे थे और पिछले कुछ दिनों से बीमार थे। तीन दिन से वह सल्लेखना का पालन कर रहे थे और उन्होंने अन्न-जल का त्याग किया हुआ था। उनका अंतिम संस्कार 'चंद्रगिरि तीर्थ' में किया गया। पिछले वर्ष छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पांच नवंबर को डोंगरगढ़ गए थे और आचार्य से मुलाकात की थी।

## एक नजर

### सलीम शेरवानी का सपा महासचिव पद से इस्तीफा

**लखनऊ।** स्वामी प्रसाद मौर्य के बाद सपा के एक और राष्ट्रीय महासचिव सलीम शेरवानी ने भी रविवार को पद से इस्तीफा दे दिया। बदायूं से पांच बार सांसद रहे पूर्व केंद्रीय मंत्री सलीम इकबाल शेरवानी राज्यसभा टिकट न मिलने से नाराज बताए जा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार किसी और दल में वह अपना भविष्य तलाश रहे हैं। सपा प्रमुख अखिलेश यादव को लिखे गए पत्र में उन्होंने कहा है कि मुसलमानों की उपेक्षा से परेशान होकर पद से इस्तीफा दे रहा हूं। पत्र में लिखा कि सपा मुसलमानों का भरोसा खो रही है। मुसलमान पार्टी में उपेक्षित महसूस कर रहा है। राज्यसभा के चुनाव में भी किसी मुसलमान को नहीं भेजा गया। बेशक मेरे नाम पर विचार नहीं होता लेकिन किसी मुसलमान को भी यह सीट मिलनी चाहिए थी। मुसलमान एक सच्चे रहनुमा की तलाश में हैं। सपा में रहते हुए मैं मुसलमानों की हालत में बहुत परिवर्तन नहीं ला सकता।

### प्रधानमंत्री के दौरे से पहले कश्मीर में सुरक्षा बढ़ाई

**श्रीनगर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंगलवार को जम्मू दौरे से पहले कश्मीर में सुरक्षा बलों को सतर्क कर दिया गया है। अधिकारियों ने रविवार को यहां बताया कि पुलिस एवं अर्द्धसैनिक बल शहर और उसके आसपास दर्जनों स्थानों पर वाहनों की जांच कर रहे हैं। एहतियात के तौर पर श्रीनगर में विभिन्न स्थानों पर प्रवेश और निकास मार्गों पर विशेष जांच चौकियां स्थापित की गयी हैं। उन्होंने बताया कि भले ही प्रधानमंत्री जम्मू क्षेत्र का दौरा करेंगे, लेकिन घाटी में सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क कर दिया गया है, ताकि आतंकवादी किसी विध्वंसक गतिविधि को अंजाम न दे सकें।

# टाल-मटोल की नीति न अपनाए केंद्र

चंडीगढ़, एजेंसी

किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने केंद्रीय मंत्रियों के साथ रविवार को यहां बातचीत से पहले कहा कि केन्द्र सरकार को टाल-मटोल की नीति नहीं अपनानी चाहिए और आचार संहिता लागू होने से पहले किसानों की मांगें माननी चाहिए।

लोकसभा चुनाव की घोषणा अगले माह की जा सकती है। फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी और कृषि ऋण माफी सहित विभिन्न मांगों को लेकर हजारों किसान पंजाब और हरियाणा की सीमा पर शंभू और खनौरी में डटे हुए हैं तथा उन्हें राष्ट्रीय राजधानी में प्रवेश से रोकने के लिए बड़ी तादाद में सुरक्षा बल तैनात हैं। डल्लेवाल ने शंभू सीमा पर संवावदाताओं से कहा कि हम सरकार से कहना चाहते हैं कि वह टाल-मटोल की नीति न अपनाए। अगर सरकार को लगता है कि वह आचार संहिता लागू होने तक बैठकें जारी रखेगी और फिर कहेगी कि आचार संहिता लागू हो गई है और हम कुछ नहीं कर सकते ....(फिर भी) किसान वापस नहीं लौटेंगे। एक अन्य किसान नेता सुरजीत सिंह फूल ने केंद्र पर हिरासत में लिए गए किसानों को रिहा करने और पंजाब के कुछ क्षेत्रों में इंटरनेट सेवाओं को बहाल करने के आश्वासन को पूरा नहीं करने का आरोप लगाया।

### केंद्रीय मंत्रियों-किसानों के बीच चौथे दौर की वार्ता शुरू

केंद्रीय मंत्रियों और किसान नेताओं के बीच रविवार शाम को चंडीगढ़ में चौथे दौर की बातचीत शुरू हो गई। केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय किसान नेताओं के साथ बैठक के लिए सेक्टर-26 स्थित महात्मा गांधी राज्य लोक प्रशासन संस्थान पहुंचे। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भी बैठक में शामिल हुए हैं। इससे पहले आठ, 12 और 15 फरवरी को बातचीत बेनतीजा रही थी।

- किसान नेताओं की सरकार से अपील-किसानों की मांगें माने

# झारखंड में भी होगा जाति आधारित सर्वेक्षण

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने पड़ोसी राज्य बिहार की तर्ज पर राज्य में जाति-आधारित सर्वेक्षण को हरी झंडी दे दी है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को कहा कि मुख्यमंत्री ने कार्मिक विभाग को एक मसौदा तैयार करने और इसे मंजूरी के लिए मंत्रिमंडल के समक्ष रखने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि अगर सब कुछ योजना के मुताबिक रहा तो लोकसभा चुनाव के बाद कवायद शुरू हो जाएगी। सर्वेक्षण का संकेत देते हुए मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी।

# कांग्रेस से देश को बचाना, हर भाजपा कार्यकर्ता का कर्तव्य

नई दिल्ली, एजेंसी

- भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन में बोले प्रधानमंत्री मोदी
- भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए पांच वर्ष अहम



भाजपा राष्ट्रीय परिषद की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व अन्य नेता।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के करोड़ों कार्यकर्ताओं को अगले सौ दिनों में हर नए मतदाता तक पहुंचने और उन्हें विकसित भारत के संकल्प से अवगत कराने का आह्वान किया और कहा कि कांग्रेस में विकास का सामर्थ्य नहीं है और वह देश को अस्थिर करने की नई-नई साजिश रच रही है इसलिए प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता का यह कर्तव्य है कि देश और देश के हर नागरिक को कांग्रेस से बचाना है। मोदी ने राजधानी के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन-2024 को संबोधित करते हुए यह आह्वान किया और कहा कि कांग्रेस अस्थिरता, परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण की जननी है और इसीलिए वह देश में अस्थिरता पैदा करने की साजिश रचने में लगी है।

प्रधानमंत्री ने दो दिन तक चले इस अधिवेशन के समापन अवसर पर देश भर से आए करीब 12 हजार प्रतिनिधियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि आज 18 फरवरी है और इस दौर में जो युवा 18 साल के हो गए हैं, वे देश के 18वें लोकसभा चुनाव में वोट करेंगे. अगले 100 दिनों में आपको हर नए मतदाता से जुड़ना है, हर लाभार्थी, हर वर्ग, हर समुदाय और हर धर्म को मानने वाले हर व्यक्ति तक पहुंचना है।

लोकसभा चुनाव जीतने के बाद अगले पांच वर्षों में भारत के विकसित भारत की ओर एक बड़ी छलांग लगाने की विवेचना करते हुए मोदी ने दोहराया कि पिछले 10 वर्षों में भारत ने अभूतपूर्व गति हासिल की है।

कहा कि हमें भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाना है और इसमें अगले 5 साल अहम भूमिका निभाएंगे। इसके लिए पहले से अधिक तेज गति से काम करना होगा। प्रधानमंत्री ने भाजपा की सत्ता में वापसी पर जोर देते हुए कहा कि आज विपक्षी भी राजग सरकार के 400 का आंकड़ा पार करने के नारे लगा रहे हैं और राजग को 400 पार करने के लिए, भाजपा को 370 के मील के पत्थर को पार करना होगा।

### दूसरे देश भी जानते हैं...आएगा तो मोदी ही

प्रधानमंत्री ने दोहराया कि कई देश हमारी सरकार से चर्चा के लिए जुलाई, अगस्त और सितंबर की तारीखें मांग रहे हैं। इसका मतलब क्या है? इसका मतलब है कि दुनिया भर के विभिन्न देश भाजपा सरकार की वापसी को लेकर पूरी तरह आश्वस्त हैं। वे यह भी जानते हैं कि ... आएगा तो मोदी ही। मोदी ने कहा कि अस्थिरता, वंशवाद की राजनीति, भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण का स्रोत होने का कांग्रेस का पुराना 'ट्रैक रिकॉर्ड' है। प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि कांग्रेस के पास विकास के एजेंडे और भविष्य के लिए रोडमैप का अभाव है। कांग्रेस इतनी हतोत्साहित हो गई है कि वह वैचारिक और बौद्धिक विरोध का साहस खो चुकी है।

# टाइमर बोतल बम बनवाने वाली इमराना गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुजफ्फरनगर से चार बम के साथ पकड़े गए जावेद ने पूछताछ में दी थी जानकारी
- एटीएस और अन्य सुरक्षा एजेंसियां कर रहीं पूछताछ, झाड़-फूंक का करती है काम

**अमृत विचार :** टाइमर बम तैयार कराने वाली इमराना को मुजफ्फरनगर से शनिवार को एसटीएफ ने गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार को मुजफ्फरनगर से ही चार टाइमर बोतल बम (आईईडी) के साथ जावेद नाम के युवक को पकड़ा गया था। उसने कबूला था कि इमराना नाम की महिला के कहने पर टाइमर बम बनाया था। एटीएस और दूसरी खुफिया एजेंसियां इमराना से पूछताछ कर रही हैं।

केंद्रीय खुफिया एजेंसी की सूचना पर एसटीएफ ने इमराना को कोतवाली नगर थाना क्षेत्र के प्रेमपुरी स्थित घर से दबोचा। उसने बताया कि वह निरमाना, थाना शाहपुर जनपद मुजफ्फरनगर की रहने वाली है। उसकी शादी करीब 30 वर्ष पहले आजाद निवासी बन्तीखेड़ा, थाना बावरी, जनपद शामली से हुई थी। लगभग 20-22 वर्षों से पति के साथ मोहल्ला प्रेमपुरी काली नदी के पुल के पास मुजफ्फनगर में रह रही है। बन्तीखेड़ा स्थित ससुराल में आती-जाती रहती है। वहां झाड़-फूंक व दवाई देने का काम करती है।

### झगड़े व दंगे में काम आने को बनवाया था टाइमर बम



इमराना के मुताबिक, वर्ष 2013 में मुजफ्फरनगर में दो समुदायों के बीच झगड़ा हो गया था। दूसरे समुदाय के लोगों ने उसका घर जला दिया था। इसके बाद उसने जावेद से कुछ बम बनवाए थे। ताकि आगे कोई मामला हो तो उसमें काम आए। बम उसने काफी समय पहले अपने मिलने वाले कुछ लोगों को दे दिए थे। करीब 15 दिन पहले उसने जावेद से 10 बम बनाने के लिए कहा था। सोचा था कि कोई झगड़ा व दंगा होगा तो काम आएगा।



### 12-13 वर्ष पहले भी जावेद से बनवाए थे दो बम

इमराना ने बताया कि करीब 20 वर्ष पहले से वह जावेद को जानती है। उसके पिता जरीफ अहमद हकीम थे, वह दवाई लेने उनके घर आती-जाती थी। जावेद उसे वहीं पर मिला था। जावेद के चाचा अर्शी लाइसेंस पर पटाखे बनाते थे। जावेद भी उनके साथ काम करता था। 12-13 वर्ष पहले उसने जावेद से दो बम बनवाए थे।

# 15 जिलों में 54 सॉल्वर और जालसाज गिरफ्तार

## सिपाही भर्ती परीक्षा

- परीक्षा से पहले प्रश्न पत्र दिलाने को ले रहे थे 10-12 लाख रुपये

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उप्र पुलिस में सिपाही के 60,244 पदों के लिए होने वाली परीक्षा को बेदाग संपन्न कराने में जुटी एसटीएफ और पुलिस ने रविवार को भी सॉल्वर गैंग और जालसाजों को दबोचा। परीक्षा में शाम 6 बजे तक 15 जिलों में 54 सॉल्वर और जालसाज पकड़े गए। वहीं, डीजीपी कार्यालय की ओर से दी गई सूचना के मुताबिक, 15 से 18 फरवरी शाम 6 बजे तक परीक्षा में सेंधमारी की कोशिश में 244 सदस्यों की गिरफ्तारी की गई है।



लखनऊ में एक केंद्र पर सूची में अपना नाम देखते अभ्यर्थी।

### बायोमेट्रिक में नहीं मैच हुए अंगूठे के निशान

रामपुर में परीक्षा के दौरान बायोमेट्रिक में अंगूठे के निशान मैच नहीं होने पर एक सॉल्वर को गिरफ्तार किया गया। वह अभ्यर्थी राजीव की जगह परीक्षा दे रहा था। सॉल्वर दिलीप बिहार के जिला जमोई थाना झाझा ग्राम खुरिप्रासा का है। इसके अलावा अलीगढ़ से एक, कानपुर से एक, अमरोहा से एक, बुलंदशहर से दो, गोरखपुर से दो, हाथरस से चार, मैनपुरी से तीन, वाराणसी से दो, फतेहगढ़ से एक पकड़ा गया है। एसटीएफ ने कुल छह को गिरफ्तार किया है।

### शिकोहाबाद में 14 सॉल्वर समेत दो पुलिसकर्मी भी दबोचे गए

रविवार को सबसे ज्यादा फिरोजाबाद में गिरफ्तारियां हुईं। यहां 14 सॉल्वर और जालसाज पकड़े गए। अकेले शिकोहाबाद थाना क्षेत्र में पकड़े गए नौ लोगों में दो पुलिसकर्मी भी बताए जा रहे हैं। इसमें एक 28 बटालियन पीएसी इटावा में नियुक्त बताया जा रहा है। दूसरे के फतेहपुर जिले में सिपाही के रूप में तैनाती की बात कही जा रही है।

### बलिया में 11 पकड़े गए, पेपर आउट कराने का झांसा देकर करते थे अभ्यर्थियों से सौदा

बलिया जिले में 11 लोग पकड़े गए हैं। इसमें तीन को एसटीएफ ने गिरफ्तार किया है। इसमें उपेन्द्र यादव और मार्कन्डेय यादव बलिया व स्वतंत्र यादव मऊ जिले का निवासी है। तीनों प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर आउट का झांसा देकर अभ्यर्थियों से पैसा वसूलते थे। प्रयागराज से अभ्यर्थियों को ठगने वाले तीन जालसाजों को गिरफ्तार किया गया। ये अभ्यर्थियों को प्रश्न पत्र दिलाने के नाम पर 10-2 लाख रुपये लेते थे।

## अनदेखी — पिछले वर्ष निर्माण के लिए ग्राम पंचायतों को मिली थी पहली किस्त

# किस्त लेने के बाद गुम हो गए अन्त्येष्टि स्थल

विशेष

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

- न कार्यों का पता न ही खर्च का हिसाब, फंसी दूसरी किस्त

**अमृत विचार :** प्रदेश की ग्राम पंचायतों में पिछले वर्ष आवंटित अन्त्येष्टि स्थल धनराशि की पहली किस्त लेने के बाद से गुम हैं। गांवों में निर्माण हुआ या नहीं यह पता लगाना पंचायती राज निदेशालय के लिए मुश्किल है। आवंटित अन्त्येष्टि स्थलों के कार्यों की प्रगति पोर्टल पर नहीं है। इन्हीं कारणों से जिलों ने निर्माण की दूसरी किस्त निदेशालय से नहीं मांगी है। आशंका है कि कहीं धनराशि लेने के बाद पंचायतों ने निर्माण नहीं कराया या धनराशि मनमाने ढंग से खर्च की है। इसलिए पहली किस्त के उपभोग प्रमाण पत्र यानी खर्च धनराशि का हिसाब नहीं दे रहे हैं और बिना इसके निदेशालय दूसरी किस्त नहीं भेज पा रहा है। जो आगे लोकसभा चुनाव की आचार संहिता में मिलनी मुश्किल होगी और लापरवाही के कारण अन्त्येष्टि स्थल इस वर्ष अधूरे रह जाएंगे। जो पिछले वर्ष आवंटित हुए थे।

### बरेली ने 18 अन्त्येष्टि स्थलों की मांगी किस्त

प्रदेश में पिछले वर्ष एक हजार अन्त्येष्टि स्थलों का लक्ष्य मिला था। निर्माण की कुल लागत 24.36 लाख रुपये हैं। इसमें पहली किस्त में 75 प्रतिशत व दूसरी में 25 प्रतिशत धनराशि उपभोग प्रमाण पत्र के आधार पर मिलती है। इस योजना में बरेली की प्रगति ठीक है। जहां, 18 अन्त्येष्टि स्थलों का निर्माण कर दूसरी किस्त मांगी गई है। इसी तरह चंदौली ने एक, अमरोहा ने चार व सिद्धार्थ नगर ने दो व गौतमबुद्ध नगर ने किस्त मांगी है। जबकि शेष जिले के कार्यों का पता नहीं है।

> अन्त्येष्टि स्थलों की दूसरी किस्त आवंटित होनी है। लेकिन, जिलों से मांग नहीं की गई है। कार्यों की प्रगति का पता नहीं है। सभी डीपीआरओ को चेतावनी देकर उपभोग प्रमाण पत्र मांगे हैं। मिलते ही जल्द दूसरी किस्त भेजी जाएगी।
>
> – **राज कुमार**, निदेशक, पंचायती राज विभाग

### हिसाब देने का आज अंतिम दिन, डीपीआरओ होंगे जिम्मेदार

निदेशक पंचायती राज विभाग राज कुमार ने सभी जिला पंचायत राज अधिकारी को पत्र लिखकर चेतावनी दी कि 19 फरवरी तक खर्च का हिसाब न देकर दूसरी किस्त नहीं मांगी तो अपूर्ण कार्यों की जिम्मेदारी संबंधित की होगी। साथ ही प्रगति विभागीय पोर्टल एमपीआर पर अपडेट करना होगा। इससे समीक्षा करने के साथ शासन को अवगत कराया जाएगा।

UP NEW INDIA'S GROWTH ENGINE

औद्योगिक विकास परियोजनाओं का शुभारंभ | @4.0

— 19 फरवरी 2024 • लखनऊ —



# निवेश का महाकुंभ

**उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में 19 फरवरी को होने जा रही ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 प्रदेश और देश के आर्थिक प्रक्षेप पथ के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर होगा। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0, भारत को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की ओर ले जाने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी दृष्टि और उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दृढ़ प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है। जीबीसी 4.0 के जरिये 10 लाख करोड़ रुपए से अधिक के प्रोजेक्ट्स को धरातल पर उतार कर प्रदेश सरकार राज्य के विकास में नई जान फूंकने, रोजगार के अवसर पैदा करने और भविष्य के विकास को प्रशस्त कर रही है।**

सूबे को विकास की नयी बुलंदियों की ओर ले जा रही योगी सरकार ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) 4.0 के जरिये नया इतिहास रचने जा रही है। यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 में प्राप्त निवेश प्रस्तावों को क्रियान्वित करने के लिए ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) का आयोजन किया जा रहा है। जीबीसी 4.0 का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। लखनऊ के साथ ही प्रदेश के सभी 75 जिलों में निवेश परियोजनाओं के लिए जीबीसी 4.0 का भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

इस बड़ी उपलब्धि को हासिल करने की ओर बढ़ रही योगी सरकार प्रदेश की विकास गाथा, वर्तमान उन्नति और भविष्य की संभावनाओं को प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों तक पहुंचायेगी। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित होने वाली इस तीन दिवसीय प्रदर्शनी में प्रदेश में एक्सप्रेसवे के विकास व संचालन और इनसे जुड़े टेक्नोलॉजिकल एडवांसमेंट्स, डिफेंस कॉरिडोर के अंतर्गत जारी विकास कार्यों तथा ईवी चार्जिंग स्टेशन की स्थापना व संचालन से जुड़े तमाम तथ्यों की जानकारी देने के उद्देश्य से यूपीडा द्वारा 75 स्क्वायर मीटर के वर्ग क्षेत्र में भव्य एग्जिबिशन स्टॉल लगाया जायेगा। इसके माध्यम से प्रदेश की वर्तमान प्रगति के साथ ही भविष्य की संभावनाओं को दर्शाया जाएगा।

## उत्तर प्रदेश की विकासगाथा का प्रस्तुतीकरण

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुसार तैयार की गई कार्ययोजना को क्रियान्वित करते हुए यूपीडा द्वारा जीबीसी 4.0 के अंतर्गत एग्जिबिशन स्टॉल लगाया जा रहा है। यह कई मायनों में विशिष्ट होगा। प्रदर्शनी स्टॉल में एलईडी टेलीविजन, पी2 उच्च गुणवत्ता वाली एलईडी वॉल, ब्रोशर व लीफलेट् जैसे विभिन्न माध्यमों के जरिये एक्सप्रेसवे, डिफेंस कॉरिडोर और ईवी चार्जिंग स्टेशनों के नवीनतम अपडेट के साथ राज्य में उपलब्ध विभिन्न अवसरों को प्रदर्शित किया जाएगा। यहां ऑडियो-विजुअल माध्यम से शॉर्ट फिल्मों (जो प्रदेश में एक्सप्रेसवे, डिफेंस निर्माण व ईवी चार्जिंग स्टेशंस के विकास व बदलते परिदृश्यों को शोकेस करेंगे) की स्क्रीनिंग, पॉलिसीज को हाइलाइट करने के लिए शॉर्ट क्लिपिंग्स को शोकेस किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, यहां आकर्षक फ्लेक्स, बैनर तथा डिस्प्ले स्टैंडीज समेत विभिन्न माध्यमों के जरिये आने वाले लोगों को सभी संबंधित विषयों की जानकारी उपलब्ध करायी जायेगी। साथ ही, यहां आने वाले इन्वेस्टर्स को डायरी, स्मृति चिह्न और 8 जीबी का अच्छी गुणवत्ता वाला ड्राइव कार्ड भी प्रदान किया जाएगा।

## ओडीओपी प्रदर्शनी

जनपदों में होने वाले जीबीसी 4.0 आयोजन के दौरान वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। जीबीसी 4.0 के आयोजन के वक्त होने वाले नये निवेश के लिए भी लैंड फैसिलिटेशन की सुविधा होगी। जनपदों में होने वाले आयोजन के दौरान निवेशकों और स्थानीय उद्यमियों के सामने 'उद्यम प्रदेश' के रूप में तब्दील होते नए यूपी की झलकियां भी प्रस्तुत की जाएंगी। इतना ही नहीं राजधानी लखनऊ में आयोजित हो रहे ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 के मुख्य कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी सभी जिलों में आयोजित समारोह के दौरान किया जाएगा।

## पश्चिमांचल बना प्रदेश में निवेश का हॉट स्पॉट

- जीबीसी 4.0 के माध्यम से पश्चिमांचल में कुल लक्ष्य के 50 प्रतिशत से ज्यादा परियोजनाओं का शुभारंभ
- गाजियाबाद में 6000 करोड़ रुपये से स्वदेशी इंडस्ट्रियल पार्क प्राइवेट इंडस्ट्रियल पार्क की स्थापना, 5 हजार रोजगार सृजन
- मुरादाबाद में हिंद टर्मिनल (शराफग्रुप) द्वारा लॉजिस्टिक एवं वेयरहाउसिंग में 1250 करोड़ रुपये का निवेश, 1250 लोगों के लिए रोजगार के अवसर
- अमेठी में वरुण बेवरेजेस द्वारा 780 करोड़ रुपये से फूड प्रॉसेसिंग में निवेश
- मून बेवरेजेस लि. द्वारा हापुड़ में 756 करोड़ रुपये से कोक, फैंटा, लिमका, स्पाइस, थम्सअप, किनले सोडा, माजा और रिमझिम जैसे प्रोडक्ट्स का उत्पादन
- मेरठ में विश्वकर्मा इंडस्ट्रियल स्टेट द्वारा 626 करोड़ रुपये से प्राइवेट इंडस्ट्रियल पार्क की स्थापना, 6570 लोगों के लिए रोजगार के अवसर
- एटा में श्री सीमेंट नॉर्थ इंडिया द्वारा 600 करोड़ रुपये से नॉन मेटेलिक मिनरल प्रोडक्ट्स की मैन्युफैक्चरिंग यूनिट की स्थापना
- बुलंदशहर में कनोडिया सीमेंट लि. द्वारा 452 करोड़ रुपये से नॉन मेटेलिक मिनरल प्रोडक्ट्स की मैन्युफैक्चरिंग यूनिट की स्थापना
- मेरठ में मानसरोवर इंफ्राबिल्ड द्वारा 265 करोड़ रुपये से प्राइवेट इंडस्ट्रियल पार्क की स्थापना, 10 हजार से अधिक लोगों को मिलेगा रोजगार
- आरके लक्ष्मी लॉजिस्टिक द्वारा संत कबीरनगर में लॉजिस्टिक एंड वेयरहाउसिंग में 250 करोड़ रुपए का निवेश










## पूर्वांचल का विकास

- पूर्वांचल के चंदौली में 7 हजार करोड़ रुपए से सॉलिड प्लाई प्रा. लि. द्वारा इंटीग्रेटेड टाउनशिप का निर्माण
- 333 एकड़ में बनने वाली यह इंटीग्रेटेड टाउनशिप टूरिज्म पॉलिसी 2022, लॉजिस्टिक पॉलिसी 2022, इंडस्ट्रियल पॉलिसी 2022, (नॉन पॉल्यूटिंग इंडस्ट्री) एजुकेशन, हेल्थ, हाउसिंग, पीएम आवास और ईओडब्ल्यू आदि से कवर
- चंदौली जिले में 6 हजार लोगों को रोजगार का सृजन
- जिले में वर्ल्ड ट्रेड सेंटर नोएडा डेवलपमेंट कंपनी द्वारा इंटीग्रेटेड टाउनशिप और मॉल्स का विकास, 12 हजार लोगों को रोजगार
- वाराणसी में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के तहत भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स 1325 करोड़ की लागत से इंडस्ट्रियल प्रोडक्ट्स का निर्माण
- एपेक्स वेलकेयर ट्रस्ट द्वारा 325 करोड़ रुपए से हॉस्पिटल और कॉलेज की स्थापना
- अनीता डिस्टलरी द्वारा बस्ती में 300 करोड़ से बायो फ्यूल सेक्टर के तहत एथेनॉल, ईएनए और बॉटलिंग डीडीजीएस का उत्पादन

## जीबीसी-4.0 एक नजर में

**10 लाख 23 हजार 531 करोड़ रुपये की 14 हजार 619 परियोजनाएं धरातल पर उतरने को तैयार**

**500 करोड़ की 300 परियोजनाएं, 100 से 500 करोड़ की 895 परियोजनाएं, 10 से 100 करोड़ की 4,577 परियोजनाओं का शुभारंभ**

**निवेश परियोजनाओं में से 52% पश्चिमांचल में होंगी शुरू**

**आयोजन के दौरान पूर्वांचल, मध्यांचल और बुंदेलखंड में क्रमशः 29%, 4% और 5% निवेश परियोजनाओं को समायोजित करने की तैयारी**

**10 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश से राज्य भर में 34 लाख से अधिक मिलेंगी नौकरी**

**राज्य में 14,000 से अधिक परियोजनाएं क्रियान्वयन के लिए तैयार**

**ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए यूपीएसआईडीए ने 1.5 लाख करोड़ रुपये के निवेश की योजना बनाई**

**कुल 79 हजार करोड़ रुपये की 43 निवेश परियोजनाओं के साथ सोनभद्र का विकास**

## बुंदेलखंड की बदली तस्वीर

- झांसी में रेल विकास निगम लि. द्वारा 2840 करोड़ रुपये की लागत से एलबीएस कोच और ट्रैक वर्क्स वर्कशॉप की स्थापना, 1500 से अधिक लोगों को रोजगार
- चित्रकूट के बारगढ़ में वरुण बेवरेजेस लि. द्वारा 1252 करोड़ रुपए से फूड प्रॉसेसिंग सेक्टर में निवेश, 1500 स्थानीय लोगों को रोजगार
- ललितपुर में एफएसकेफॉइल इंडिया प्रा. लि. द्वारा 250 करोड़ रुपए की लागत से मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में निवेश

ADVERTORIAL

# धान कुटाई मशीन में फंसने से महिला की दर्दनाक मौत

## मशीन की पुली में फंस गई पर लोग चाहकर भी कुछ न कर सके

कार्यालय संवाददाता, मऊ चित्रकूट

**अमृत विचार।** मऊ थाना क्षेत्र के ग्राम बंबूरी में धान कुटाई मशीन की पुली में फंसने से एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस के अनुसार रविवार को सुबह साढ़े 11 बजे रमेश चंद्र पुत्र लखन लाल अपने घर के बाहर ट्रैक्टर द्वारा संचालित धान कुटाई की मशीन में अपने धान कुटवा रहा था। जिसमें उसकी पत्नी गुड़िया उम्र 34 वर्ष भी धान की बोरियां लाकर अपने पति का हांथ बंटा रही थी, तभी उसकी साड़ी का पल्लू मशीन के पुली में फंसा और सिर आ गया, जिससे मौके पर ही उसका सर धड़ से अलग हो गया। छह मासूम बच्चों की मां की इस दर्दनाक मौत से गांव में हाहाकार मच गया। मासूम बच्चों की आंखों के सामने अपनी मां की इस दर्दनाक मौत से मौके पर मौजूद सभी लोग सहम से गए। सूचना पाकर घटनास्थल पर मय फोर्स मऊ थाना पुलिस पहुंची तथा शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। गुड़िया देवी के चार लड़की और दो लड़कें हैं। पति-पत्नी मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करते थे। इस संबंध में मऊ थाना प्रभारी राजेश कुमार द्विवेदी ने बताया कि शव पोस्टमार्टम को भेजा दिया है। धान की कुटाई करते समय साड़ी का पल्ला फंस जाने पर यह हादसा हुआ है।


धान कुटाई वाली मशीन जिससे हुई महिला की मौत। अमृत विचार


घटना स्थल पर बिलखते परिजन। अमृत विचार

# घर में सो रहे युवक की हत्या, सनसनी

**संवाददाता, भरतकूप, चित्रकूट।** जिले के भरतकूप थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले रसिन गांव के फाटापुरवा से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। घर में सो रहे युवक की अज्ञात लोगों ने हत्या कर दी। घटना के बाद से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

मृतक के पिता रामशरण पटेल बताया गया कि फाटापुरवा निवासी रामबाबू (38) निमंत्रण कर आया था और अपने घर पर सो रहा था। उसके घर के बच्चे निमंत्रण में रिस्तेदारों के यहां गए थे, रामबाबू घर पर अकेला था। इस दौरान अज्ञात दबंगों के द्वारा युवक को गोली मारकर मौत की नींद सुला दिया गया। सुबह जब काफी समय तक मृतक के घर के दरवाजे नहीं खुले तो उसके परिजनों के द्वारा मृतक का दरवाजा किसी तरह खोलकर उसके घर के अंदर जाकर देखा गया तो सबके होश उड़ गए। दबंग के द्वारा मृतक की हत्या कर उसको कंबल से ढक दिया गया। परिजनों ने जब कंबल हटाकर देखा तो रामबाबू का शव खून से सना मिला।


रामबाबू।


घटना स्थल पर जुटे ग्रामीण। अमृत विचार

● **घर में कंबल से लिपटा मिला युवक का शव**

घटना की जानकारी पीड़ितों के द्वारा तत्काल पुलिस को दी गई। इसके बाद पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और मृतक के शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी। घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। वहीं पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया परिजनों कहना है कि हम लोगों ने जब देखा कि रामबाबू काफी देर हो गया दरवाजा नहीं खोल रहा है तो हम लोग पीछे से सीढ़ी लगाकर गए तो रामबाबू खून में लथपथ पड़ा हुआ था, जिसकी पुलिस जांच कर रही है और तहरीर मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस भर्ती परीक्षा में गिरफ्तार हुए मुन्नाभाई

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

● **जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग विवि में परीक्षा देते प्रतापगढ़ के युवक को दबोचा**

**अमृत विचार।** उप्र पुलिस भर्ती परीक्षा में दूसरे के स्थान पर परीक्षा दे रहे तीन फर्जी अभ्यर्थी तथा एक मूल अभ्यर्थी गिरफ्तार किए गए। शनिवार को परीक्षा के पहले दिन जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय परीक्षा केंद्र में द्वितीय पाली में संदीप कुमार पुत्र रामधनी यादव निवासी ठाकुर का पुरवा मुतर्जापुर तहसील कुण्डा थाना संग्रामगढ़ जिला प्रतापगढ़ के स्थान पर अजय कुमार पुत्र रामकिशोर निवासी तुलापुर मुकुंदपुर तहसील सोरांव थाना होलागढ़ जिला प्रयागराज परीक्षा दे रहा था ।

पूछताछ में अजय कुमार ने बताया कि एक डीपी नाम के व्यक्ति के माध्यम से पांच लाख रुपये में परीक्षा पास कराये जाने की डील हुई थी। इसी तरह गंगाप्रसाद जनसेवा इण्टर कॉलेज चित्रकूट में प्रथम पाली में आकाश शर्मा पुत्र श्रीनाथ शर्मा निवासी रामगढ़ विकरा थाना देवसरा जिला प्रतापगढ़ के स्थान पर राकेश कुमार पुत्र अमरीक प्रसाद निवासी चण्डी थाना चण्डी जिला नालंदा बिहार परीक्षा दे रहा था जिसमें वेद नाम का एक लड़का माध्यम था। पहाड़ी (चित्रकूट) में दूसरी पाली में पालेश्वर नाथ इंटर कालेज पहाड़ी में अनुज कुमार की जगह बिहार के पटना निवासी रीतेश परीक्षा देते हुए पकड़ा गया। जिसके खिलाफ प्रधानाचार्य धर्मेंद्र सिंह ने थाना पहाड़ी में लिखित तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक श्याम प्रताप सिंह पटेल ने बताया कि एक व्यक्ति गिरफ्तार किया गया है प्रधानाचार्य की तहरीर पर मुकदमा कर जेल भेजा जाएगा। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, दोनो पालियों में परीक्षा दे रहे फर्जी अभ्यर्थी को तथा मूल अभ्यर्थी संदीप को गिरफ्तार कर लिया गया है। दोनों प्रकरणों में कोतवाली कर्वी में सुसंगत धाराओं में अभियोग दर्ज कर लिया गया है ।

# 24 से लगेगा ऐतिहासिक पालेश्वर नाथ का मेला

संवाददाता, पहाड़ी, चित्रकूट

**अमृत विचार।** माघ माह की पूर्णिमा से यानि 24 फरवरी से कस्बा के पहाड़ी क्षेत्र में स्थित पालेश्वर नाथ का 15 दिवसीय विशाल मेला लगेगा। मेले के दौरान दो दिवसीय दंगल का भी आयोजन होगा। मेले की व्यवस्थाओं को लेकर सभी स्तर से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

कस्बा निवासी मेला समिति के प्रबंधक ठाकुर वीरेंद्र सिंह ने बताया कि कस्बा पहाड़ी में विद्यमान गांव के पालनहार पालेश्वर नाथ मंदिर में श्रद्धालुओं का जमावड़ा माघ माह की पूर्णिमा से होगा। कस्बे में 15 दिवसीय मेला और दो दिवसीय दंगल लगेगा। ग्रामीणों ने बताया कि माघ मास की पूर्णमासी से लगने वाले दो दिवसीय दंगल के मुख्य अतिथि जिले के समाजसेवी व जनप्रतिनिधियों होते हैं। दंगल में क्षेत्रीय पहलवानों के अलावा उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली, जम्मू कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, गोरखपुर से पहलवान आकर दांव पेंच दिखाएंगे। दंगल कमेटी विजेता पहलवानों को पुरस्कार देकर सम्मानित करेगी। मेले में सभी व्यापारियों की सुरक्षा और सुविधा के लिए समिति के चंद्र त्रिपाठी, प्रकाश कुशवाहा, राजेंद्र भारद्वाज, सुशील सिंह, राजकुमार कुशवाहा आदि बराबर सहयोग करते हैं। इधर शासन की ओर से पर्याप्त पुलिस जाप्ता भी उपलब्ध कराया जाता है।

वहीं प्रभारी निरीक्षक थाना पहाड़ी श्याम प्रताप सिंह पटेल ने बताया कि मेला में किसी प्रकार की अराजकता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मेला को सकुशल संपन्न कराने को सिपाहियों के अलावा महिला आरक्षियों को भी तैनात किया जाएगा।


पालेश्वर नाथ मंदिर में की गई सजावट। अमृत विचार

### पालेश्वर महादेव का इतिहास

मेला समिति के प्रबंधक ठाकुर वीरेंद्र सिंह जनश्रुति के आधार पर बताया कि यहां सैकड़ों साल पहले गांव के आसपास भीषण जंगल था, पहले पहाड़ में शेर, हाथी भालू, हिरण, सेही जैसे तमाम जंगली जानवर रहते थे। पहाड़ में जाने का कोई सुगम रास्ता भी नहीं था। एक बार डाकुओं के गिरोह ने गांव को लूटने की योजना बनाई थी और पहाड़ी गांव की और कूच किया, अर्धरात्रि को जब डाकू पहाड़ी गांव पहुंचे तो देखा की सफेद घोड़े में सवार आदमी अपनी सेना के साथ खड़ा है, देखकर ऐसा प्रतीत हुआ कि राजा सेना के साथ खड़ा है। यह देखकर डकैतों ने गांव को लूटने की योजना बदल दी और सुबह होने का इंतजार किया। सुबह होने पर डकैतों ने गांव में आकर राजा के बारे में जानकारी की इसके बाद पता चला कि पर्वत में विराजमान पालनहार पालेश्वर नाथ महाराज ने स्वयं आकर राजा और सेना के भेष में डाकुओं से गांव की रक्षा की है। इसके बाद लोगों की अगाध आस्था पालेश्ववर नाथ महाराज पर हो गई। ग्रामीणों ने जंगल काट कर पहाड़ तक जाने के लिए रास्ता बनाया।

### धीरे-धीरे हो रहा विकास

मेला समिति के प्रबंधक वीरेंद्र सिंह एवं सभी सदस्यों के सहयोग से इस देवालय में शिवलिंग की स्थापना कराई गई। साथ ही पर्वत में हनुमानजी का मंदिर भी बनवा दिया गया। जिस कारण मंगलवार व शनिवार को भक्तों का सैलाब सुबह से शाम तक उमड़ता है। इस देव स्थल पर आवागमन के लिए सीढ़ियों का निर्माण शुरू में तत्कालीन थाना अध्यक्ष पहाड़ी हरनाथ सिंह सेंगर द्वारा किया गया। उसके बाद गांव के लोगों ने अपना सहयोग देकर पर्वत में पानी की टंकी का भी निर्माण कराया तथा सन् 2019 में तत्कालीन पहाड़ी ब्लाक की ब्लॉक प्रमुख रेखा यादव, पत्नी देशराज यादव द्वारा शीतल पेयजल के लिए वाटर कूलर भी लगवाया गया।

## घर में लगी आग मवेशी के साथ सामान जल गया

**चित्रकूट.** कर्वी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत खोह गांव के रेलवे स्टेशन के पास बने एक घर में शनिवार रविवार की दरमियानी रात्रि 10:30 बजे आग लग गई, जिससे उसके मकान सहित घर में रखा सारा सामान और एक मवेशी की जलकर मौत हो गई। अग्निशमन टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार खोह रेलवे स्टेशन के पास सुलखान के पुरवा में बने अपने घर में गुलाब सिंह परिवार के साथ रहते थे। उनके परिवार में उनके साथ पति पत्नी और उनके बेटे थे। साथ ही कच्चे घर में पशु भी थे। देर रात उनके घर में आग लग गई, जिससे लोगों में भगदड़ मच गई। इस दौरान गुलाब सिंह अपने परिवार के साथ बाहर निकल गए लेकिन तब तक घर में रखा समान और घर में बंधे एक गोवंश की मौत हो गई।

## सार-संक्षेप


सफाई करते समिति के पदाधिकारी। अमृत विचार

### कामदगिरि स्वच्छता समिति ने चलाया स्वच्छता अभियान

**चित्रकूट .** कामदगिरि स्वच्छता समिति ने रविवार को स्वच्छता अभियान चलाकर साफ–सफाई करवाई। अधिशासी अधिकारी लालजी ने बताया कि स्वच्छता हमारे जीवन की प्रथम प्राथमिकता है। कामदगिरि स्वच्छता समिति के अध्यक्ष राकेश केसरवानी ने कहा कि गंदगी हमारे जीवन को प्रभावित करती है। हमें व्यक्तिगत व आसपास भी सफाई रखनी चाहिए। खाद्य एवं सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला ने बताया कि सुधार जरूर होगा। अगर हम हर हफ्ते 2 घंटे स्वच्छता के लिए निकलें तो क्षेत्र का कोना–कोना चमक सकता है। स्वच्छ भारत मिशन के जिला प्रबंधक शिवा कुमार ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर जितेंद्र केसरवानी, राजेंद्र त्रिपाठी, कृष्णा शुक्ला, अंकुर केसरवानी, जानकी कुशवाहा, विनोद कुमार आदि रहे।

### चेतनानंद महाराज की पुण्यतिथि मनाई

**मानिकपुर।** परमहंस आश्रम धारकुंडी के महाराज के वरिष्ठ शिष्य चेतनानंद महाराज की चौथी पुण्यतिथि पर जगदीश स्वामीनारायण मंदिर कल्याणपुर में भव्य भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें आसपास के गांव सहित दूर दराज के लगभग 20000 लोगों ने भंडारे का प्रसाद पाया। जिसके कर्ताधर्ता एवं पूरी व्यवस्था करने का श्रेय संजय बाबाजी महाराज को रहा। बताते चलें कि स्वामी जगदीश मंदिर में प्रतिवर्ष चेतनानंद जी महाराज की पुण्यतिथि पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है, जिसमें क्षेत्र के लोग काफी संख्या में हिस्सा लेते है।


चेतनानंद जी महाराज की प्रतिमा।

### सेवारत शिक्षकों का प्रशिक्षण सम्पन्न

**चित्रकूट।** राज्य परियोजना कार्यालय उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान पर आधारित सेवारत शिक्षकों एवं शिक्षामित्रों का 4 दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरा किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम अलग–अलग बैंचों में सम्पन्न हुआ। खंड शिक्षा अधिकारी एनपी सिंह द्वारा प्रत्येक बैच में प्रतिभागियों से दिए जा रहे प्रशिक्षण को गंभीरता से ग्रहण करने तथा विद्यालय में जाकर उसका उचित उपयोग करते हुए बच्चों के शैक्षिक स्तर के उन्नयन पर ध्यान देने का निर्देश दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान निपुण भारत मिशन के अंतर्गत बुनियादी साक्षरता एवं गणितीय दक्षता विकसित करने के लिए विभिन्न प्रकार के शैक्षिक गतिविधियों तथा नवाचारों पर प्रतिभागी शिक्षकों व शिक्षामित्र को जानकारी दी गई। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में निहित बिंदुओं पर व्यापक चर्चा परिचर्चा की गई। संदर्भ दाता के रूप में एआरपी छोटा प्रसाद, राम भरोसा यादव, सुशील कुमार राणा व संदीप सिंह द्वारा सभी प्रतिभागियों को समुचित प्रशिक्षण दिया गया। कार्यालय सहायक राकेश कुमार पांडेय, आनंद कुमार सिंह, प्रदीप कुमार पांडेय, प्रशांत कुमार द्विवेदी, क्वालिटी कोऑर्डिनेटर मोहम्मद शफी, कंप्यूटर ऑपरेटर आकाश कुमार रैकवार, दयाशंकर वर्मा द्वारा प्रशिक्षण के संपादन में सहयोग दिया गया।


कार्यक्रम में उपस्थित छात्र और भाजपा पदाधिकारी। अमृत विचार

### 2014 के पहले किसी ने स्टार्टअप के बारे में नहीं सुना था

**चित्रकूट।** भारतीय जनता पार्टी चित्रकूट ने छात्रावासों में जाकर दलित छात्रों से संवाद के माध्यम से भाजपा सरकार के विकास कार्यों पर चर्चा की। कार्यक्रम की शुरुआत बरगढ के जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यलय के छात्रावास से हुई। यहां संवाद कार्यक्रम के मुख्यातिथि जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय, विशिष्ट अतिथि अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश मंत्री आशीष कोल तथा अध्यक्षता प्राचार्य प्रदीप ने की। छात्रों से संवाद करते हुए भाजपा जिला महामंत्री आलोक पांडेय ने कहा कि 2014 के पहले किसी भी व्यक्ति ने स्टार्टअप के बारे में सुना नहीं था। 2014 के बाद से अबतक 95 हजार से ज्यादा स्टार्टअप पंजीकृत हुए हैं। साथ ही 100 से अधिक स्टार्टअप यूनिकॉर्न बन चुके हैं। भाजपा एसटी मोर्चा के प्रदेश मंत्री आशीष कुमार ने बताया कि भीमराव अम्बेडकर के नाम से लोगों ने पार्टियां बनाकर वोट हथियाए, सरकारें बनाई पर किसी ने भी दलित समाज के उत्थान और विकास के लिए काम नहीं किया। वंशवादी जातिवादी राजनीति करने वालों ने अपनी तिजोरी भरी। कार्यक्रम में लवकुश श्रीवास, अखिलेश रैकवार, दुर्गेश त्रिपाठी, राघव अग्रवाल, गोविन्दा, आलोक कुशवाहा सहित सैकड़ों दलित युवा मौजूद रहे।

# आक्रोशः जनसमर्थन से बढ़ रहा सेतु के लिए आंदोलन का कारवां


कानाखेड़ा गांव में बैठक के दौरान मौजूद ग्रामीण। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बांदा

● **ग्राम पंचायत कानाखेड़ा देवी मंदिर में आयोजित हुई बैठक**

● **जनप्रतिनिधियों की उदासीनता और वादाखिलाफी से आक्रोश**

**अमृत विचार :** यमुना नदी में पक्के पुल निर्माण की मांग पूरी न होने और जनप्रतिनिधियों की वादाखिलाफी को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। ग्राम पंचायत कानाखेड़ा देवी मंदिर में बैठक का आयोजन रविवार को किया गया। ग्रामीणों ने कहा कि अगर उनकी मांग पूरी न हुई तो आगामी लोकभा चुनाव का बहिष्कार करने से गुरेज नहीं किया जाएगा।

कानाखेड़ा गांव के बलबीर सिंह (नेताजी) ने कहा कि सभी क्षेत्रवासी कई वर्षों से अपने क्षेत्र (तिरहार) में यमुना नदी में पक्के पुल की मांग कर रहे हैं, लेकिन किसी भी सरकार ने अभी तक इस समस्या का समाधान नहीं किया। पुल निर्माण की प्रक्रिया सरकार द्वारा नहीं शुरू कराई जाती तो गांव के सभी लोग लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करेंगे।

गांव के बुजुर्ग कमलेश साहू क्षेत्र पंचायत सदस्य ने कहा कि सरकार को अविलंब पक्के पुल का निर्माण शुरू करना चाहिए। चाहे वह इछावर से हो या गलौली से। अब बहानेबाजी नहीं चलेगी। गांव के युवा रवि चैहान, आमार सिंह, सुनील कुमार, विकास सिंह आदि ने कहा कि अपने गांव और पूरे क्षेत्र में सरकार व जनप्रतिनिधियों की वादाखिलाफी को घर-घर बताया जाएगा और आगामी चुनाव के बहिष्कार की ठोस रणनीति बनाई जाएगी।

ग्रामीणों ने कहा कि पिछले वर्ष अगस्त माह में तिरहार क्षेत्र के व फतेहपुर के दोआबा क्षेत्र के पक्के पुल निर्माण की मांग को लेकर लखनऊ जाकर मांग पत्र तिंदवारी विधायक राज्यमंत्री व लोक निर्माण विभाग के कैबिनेट मंत्री को सौंपा था। लेकिन सरकार ने छह महीने से ज्यादा समय बीतने पर भी इस संबंध में कोई कदम नहीं उठाया। इससे लोगों में आक्रोश है। पुल निर्माण संघर्ष समिति समन्वयक पुष्पेन्द्र सिंह चुनाले ने कहा कि क्षेत्र के पुल निर्माण न होने से हर गांव में आक्रोश देखने को मिल रहा है। इसका असर लोकसभा चुनाव में जरूर दिखेगा।

बैठक में बलबीर सिंह चैहान, रामू खंगार, सियाराम कुशवाहा, विवेक सिंह, अभिषेक सिंह चैहान, रामराज, शैलेन्द्र सिंह, रवि सिंह, सुखराम, रामबली अवस्थी, राजकुमार निगम, सुखदेव यादव, रामशरण, अंकुर सिंह, विक्रम सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

**जागरूक किया** | उद्यम शुरू करने के लिए सरकार दे रही है वित्तीय मदद

# नौकरी पर निर्भर रहने की अपेक्षा स्वयं का उद्यम शुरू करें

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार :** कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में प्रदेश की अर्थव्यवस्था के आकार को एक ट्रिलियन डॉलर तक बढ़ाने के उद्देश्य से देश-विदेश से पूंजी निवेश के लिए आकर्षित करने के संबंध में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं को नौकरी पर निर्भर रहने के की अपेक्षा स्वयं का उद्यम शुरू करने के लिए प्रेरित किया गया। इसके लिए उन्हें सफल रोजगार के तरीकों को क्रियान्वित करने के तरीके बताए गए। साथ ही यह भी जानकारी दी गई कि प्रदेश सरकार इसमें कौन से सुविधाएं प्रदान कर रही है।



कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्य अतिथि। अमृत विचार

विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ.एसके सिंह ने उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित परियोजनाओं के बारे में संक्षिप्त परिचय देते हुए विश्वविद्यालय में उपस्थित सभी पाठ्यक्रमों के छात्र-छात्राओं को सफल रोजगार के योजनाबद्ध तरीके से क्रियान्वयन करने के तरीके एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं से अवगत कराया।

डॉ.दीपाली गुप्ता ने सभी छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी सरकारी नौकरी पर निर्भर न रहकर अपना स्वयं का उद्यम शुरू कर सकते हैं, जिसमें आप प्रदेश सरकार द्वारा धन प्राप्त उद्यम को और विकसित कर दूसरों को अपने उद्यम में नौकरी देने योग्य बनें। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सांख्यिकी विभाग बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय झांसी प्रो.वीके सहगल ने उत्तर प्रदेश द्वारा विकसित उद्यम से संबंधित महत्वपूर्ण बिन्दुओं के बारे में जानकारी दी।

बताया कि भारत का सांस्कृतिक केन्द्र उत्तर प्रदेश सर्वाधिक पर्यटकों का राज्य है। लॉजिस्टिक की क्षमता में वृद्धि के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर कनेक्टविटी पर फोकस, विजनिस एकोसिस्टम सुशासन, डिजिटल गवर्नेंस के माध्यम से निवेशकों के लिए सुविधा, जनसांख्यिकी लाभांश प्राप्त करने के लिए जीवंत परिस्थितिकी तंत्र, डेस्टिनेशन उत्तर प्रदेश, औद्योगिक विकास के लिए उपलब्ध लैंड बैंक और जीबीस 4.0 की हाईलाइट्स की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ.धीरज मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सांख्यिकी विभाग बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय झांसी के प्रो.वीके सहगल एवं विशिष्ट अथिति के रूप में प्राचार्य, महिला डिग्री कालेज डॉ.दीपाली गुप्ता उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता प्रो.जीएस पवांर, वानिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ.संजीव कुमार, निदेशक ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेण्ट डॉ.भानू मिश्रा, सह अधिष्ठाता गृहविज्ञान डॉ.वन्दना कुमारी, शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक के साथ विद्यार्थी भी रहे।

● **कृषि विश्वविद्यालय में उद्यम अभिमुखीकरण कार्यक्रम**

## 22 को जानकी कुंड चिकित्सालय में लगेगा हृदय रोग जांच शिविर

**चित्रकूट।** परमहंस संत रणछोड़ दास जी महाराज द्वारा स्थापित संस्थान श्रीसदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट के अंतर्गत संचालित जानकीकुंड चिकित्सालय में 22 फरवरी को हृदय रोग शिविर का आयोजन होगा। इसमें दिल्ली मैक्स हृदय अस्पताल के डा पवन कुमार सिंह मुख्य रूप से अपनी सेवा देंगे।

जानकीकुण्ड चिकित्सालय के प्रशासक डा. एबीएस राजपूत और जानकीकुण्ड चिकित्सालय की जनरल वरिष्ठ सर्जन डा. पूनम ने बताया कि जनहित में श्रीसदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट एवं चिकित्सालय टीम द्वारा जानकी कुण्ड चिकित्सालय में जनरल सर्जन, जनरल फिजिशियन, हड्डी रोग विशेषज्ञ, बाल रोग विशेषज्ञ मौजूद हैं पर हृदय रोग के नहीं। शिविर लगने से लोगों को जांच कराने में आसानी होगी।

# गुटबाजी के दल-दल से नहीं उबर पा रहा अधिवक्ता संघ का चुनाव

## बार काउंसिल का आदेश भी दरकिनार पूरी हुई नामांकन प्रक्रिया, अधिवक्ताओं में गुटबाजी तेज होती देख बुलाई गई आमसभा

संवाददाता, अतर्रा (बांदा)

**अमृत विचार:** अधिवक्ता संघ का चुनाव आपसी गुटबाजी की दल-दल में ऐसा फंसा कि उबर नहीं पा रहा। उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के सदस्य सचिव अकज मिश्रा के सभी सीओपी कार्ड धारकों को मतदाता सूची में शामिल कर चुनाव कराने के आदेश के बावजूद निर्वाचन अधिकारी ने पुरानी सूची पर ही नामांकन प्रक्रिया पूरी करा डाली। राज्य विधिक परिषद के आदेश को दरकिनार कर नामांकन कराये जाने से अधिवक्ता दो गुटों में बंटे दिख रहे हैं। अधिवक्ताओं में गुटबाजी तेज होती देख कार्यवाहक महासचिव बृजमोहन सिंह राठौड़ ने सोमवार को आमसभा बुलाई है।

आपसी विवाद के चलते अधिवक्ता संघ का नामांकन इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। नामांकन के अंतिम दिन रविवार को अधिवक्ता दो गुटों में बंटे दिखे। एक ओर जहां निर्वाचन अधिकारी पुरुषोत्तम पांडेय ने अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष अमर सिंह राठौड़ द्वारा उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के सदस्य सचिव अकज मिश्रा द्वारा दिए गए आदेश को दरकिनार करते हुए महासचिव बृजमोहन सिंह राठौड़ द्वारा जारी मतदाता सूची पर ही चुनाव संपन्न कराए जाने के निर्देश को मान निर्वतमान महासचिव नरेंद्र शुक्ला के हस्ताक्षर से जारी मतदाता सूची को ही बैध ठहराते हुए नामांकन प्रक्रिया संपन्न करा ली।

इतना ही नहीं निर्वाचन अधिकारी ने राज्य विधिक परिषद से आई आदेश कॉपी को भी दरकिनार कर दिया, जिससे अधिवक्ताओं में खेमेबाजी शुरू हो गई और अधिवक्ता संघ दो गुटों में बंटता दिखा। निर्वाचन अधिकारी ने नामांकन प्रक्रिया को संपन्न कराकर रविवार को नामांकन दाखिल करने वालों की सूची जारी कर दी, जिससे अधिवक्ताओं में रोष दिख रहा है। उधर, इल्डर कमेटी के चेयरमैन विनोद तिवारी ने नामांकन के अंतिम दिन निर्वाचन अधिकारी के नाम पत्र जारी कर उनके नामांकन प्रक्रिया को बार काउंसिल व इल्डर कमेटी के नियमों का उल्लंघन बताते हुए अवैध और विधि विरुद्ध बताया है। बताते चलें कि शनिवार को नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ होनी थी, लेकिन इससे पहले महासचिव बृजमोहन सिंह राठौड़ ने 174 सीओपी कार्ड धारकों वाली मतदाता सूची में बदलाव करते हुए अप्रवासी अधिवक्ताओं के 38 नाम हटा दिए।

इल्डर कमेटी चेयरमैन विनोद तिवारी ने तत्काल संज्ञान लेते हुए मतदाता सूची से नाम हटाने वाली प्रक्रिया को अवैध घोषित करते हुए चुनाव को एक माह बढ़ाने का आदेश कर दिया। साथ ही निर्वाचन अधिकारी को नामांकन न कराने के निर्देश जारी किए, लेकिन निर्वाचन अधिकारी पुरुषोत्तम पांडेय ने आम सभा में उनके चुनाव का हवाला देते हुए कहा कि अब चुनाव बीच में नहीं रोके जा सकते। वहीं अधिवक्ताओं की मांग पर कार्यवाहक महासचिव बृजमोहन सिंह राठौड़ ने निर्वाचन अधिकारी द्वारा बार काउंसिल के आदेश को न मानने पर सोमवार को आपातकालीन आम सभा की बैठक बुलाई है, जिससे अधिवक्ता संघ में गुटबाजी होती दिख रही है।

अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष अमर सिंह राठौड़ ने उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के आदेश का पालन न होने पर अधिवक्ता संघ के दो फाड़ होने के संकेत दिए हैं। उन्होंने कहा है कि जब नियम के विरुद्ध काम हो और जबरन अधिवक्ताओं के नाम हटाए जा रहे हों तो ऐसे में अधिवक्ताओं के हित में संघर्ष तो होगा ही।

### चुनाव प्रक्रिया पर फैला असमंजस का भ्रमजाल

अधिवक्ता संघ में आपसी विवाद के चलते एक ओर नामांकन तो दूसरी ओर इल्डर कमेटी चेयरमैन के चुनाव रोकने के आदेश के साथ ही उत्तर प्रदेश बार काउंसिल सचिव द्वारा सभी सीओपी कार्ड धारकों को मतदाता सूची में शामिल कर चुनाव कराने के आदेश के बावजूद चुनाव प्रक्रिया संपादित होने और सोमवार को आम सभा की बैठक बुलाए जाने को लेकर अधिवक्ताओं में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। उधर, निर्वाचन अधिकारी पुरुषोत्तम पांडेय ने बताया कि अध्यक्ष पद पर वीरेंद्र कुमार पांडेय व पूर्व अध्यक्ष नंदकिशोर कुशवाहा का नामांकन दाखिल किया गया है, वहीं महासचिव पर नरेंद्र कुमार गुप्ता, अनपत सैनी, राजेंद्र कुमार जाटव, विपिन कुमार मिश्रा, राममिलन कुशवाहा कुल पांच प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल कराया है। इसके साथ ही वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर सतीशचंद्र चंदेल, कनिष्ठ उपाध्यक्ष राजकुमार पाठक, संयुक्त सचिव प्रकाशन शारदा प्रसाद शुक्ला, संयुक्त सचिव प्रशासन राजेश रंजन त्रिपाठी, संयुक्त सचिव पुस्तकालय चंद्रपाल यादव के अलावा वरिष्ठ सदस्य पर रविकांत श्रीवास्तव, रमेश सिंह, रजनीशकांत शुक्ला व रमेश कुमार गर्ग ने अपना नामांकन कराया है। इस नामांकन के आधार पर अध्यक्ष व महासचिव पदों पर ही मुकाबला है। अन्य पदों में एक-एक प्रत्याशी होने से निर्विरोध चुनाव का रास्ता साफ हो गया है। वहीं कई पदों पर कोई नामांकन दाखिल न होने से वह पद खाली पड़े हैं। निर्वाचन अधिकारी के अनुसार सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। नामांकन वापसी की तिथि 20 फरवरी निर्धारित है। मतदान 29 फरवरी को होगा और उसी दिन मतगणना कर परिणाम घोषित किए जाएंगे।

### एक नजर

**दो लोगों ने खाया जहर**

**बांदा:** शहर कोतवाली क्षेत्र के डिंगवाही गांव निवासी रामबाई (30) पत्नी भूपत ने रविवार की दोपहर जेठानी से विवाद होने पर जहरीला पदार्थ खा लिया। बदौसा थाना क्षेत्र के दुबरिया गांव निवासी राजेद्र (24) पुत्र गयाशंकर ने शनिवार की रात घरेलू किसी बात से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**युवक करंट से झुलसा**

**बांदा:** शहर के रामलीला मैदान निवासी कमलेश (32) पुत्र मुन्नाबाबू रविवार की दोहपर पानी गर्म कर रहा था, तभी उसका हाथ कटे हुए तार में छू गया। करंट की चपेट में आकर वह झुलस गया। इलाज के लिए उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**गर्मपानी से बालिका झुलसी**

**बांदा:** शहर के डीएम कॉलोनी निवासी अनुष्का (6) पुत्री शारदा प्रसाद रविवार की दोपहर गर्म पानी का भगोना लेकर जा रही थी, तभी भगोना उसके ऊपर गिर गया। जिससे वह झुलस गई। उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**युवक ने फांसी लगाई**

**बांदा:** शहर के मोहल्ला मढ़ियानाका मोहल्ला निवासी जितेंद्र सोनी (42) पुत्र छोटेलाल सोनी ने रविवार की सुबह घरेलू विवाद के चलते पंखे के हुक पर फंदा बनाकर फांसी लगा ली। कुछ देर बाद मौके पर पहुंचे घर वालों ने देखा तो फंदा काटकर उसे नीचे उतारा। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने रेफर कर दिया।

# मां ने नवजात को डस्टबिन में फेंका, कुत्तों ने नोच डाला

## क्षत-विक्षत शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा

संवाददाता, बबेरू

**अमृत विचार:** मां की ममता और मानवता को शर्मसार करने वाली घटना में मां ने नवजात शिशु को डस्टबिन में फेंक दिया। इसके बाद जो हुआ उसे देखकर लोगों के रोंगटे खड़े हो गए। आवारा कुत्तों ने शिशु को डस्टबिन से निकालकर नोंच डाला। लोगों की नजर पड़ी तो बचाव करने के साथ ही पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने क्षत-विक्षत मिले नवजात के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बबेरू कोतवाली क्षेत्र के औगासी रोड स्थित आवासीय विद्यालय के पास रविवार को सुबह किसी ने नवजात शिशु को डस्टबिन में फेक दिया। कुत्तों ने शव को डस्टविन से बाहर निकाल कर नोच डाला। वहां से गुजर रहे ग्रामीणो की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणो ने कुत्तों को भगाया और मामले की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पाकर कोतवाली प्रभारी तुषार श्रीवास्तव व तहसीलदार संतोष कुमार मौके पर पहुंच गए।


घटनास्थल पर मौजूद भीड़। अमृत विचार

### सुरागरसी में जुटी पुलिस

माना जा रहा है कि नवजात का लड़की होने की वजह से उसे कूड़ेदान में फेंक दिया गया। ये भी कहा जा रहा है कि किसी बिन ब्याही लड़की ने इस बच्ची को जन्म दिया, जिसने लोकलाज से बच्ची को फेंका। फिलहाल कोतवाली पुलिस उसकी मां तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। फिलहाल पुलिस बच्ची की मां की तलाश में जुट गई है। इसके लिए पुलिस घटनास्थल के आसपास से जानकारी जुटा रही है।

शव को कब्जे में ले लिया। ग्रामीणो के मुताविक शव नवजात बालिका का था।

वहीं चर्चा है कि कलियुगी मां ने बालिका का जन्म होने के बाद उसे डस्टबिन में डाल दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। उधर, लोग कलियुगी मां को कोस रहे हैं। जिसने अपने जिगर के टुकड़े को डस्टबिन में डालकर मौत के घाट उतार दिया। बता दें कि डस्टबिन या कूड़े के देर में नवजात शिशु मिलने का यह कोई पहला मामला नहीं है। पूर्व में भी विभिन्न थाना क्षेत्र में कई नवजात शिशुओं के शव कूड़े के ढेर व नालों से बरामद हो चुके हैं।

## महिला और वृद्ध ने फंदा लगाकर खत्म किया जीवन

**बांदा:** गिरवां थाना क्षेत्र के देवरार गांव की है। यहां की अमिरती देवी (40) पत्नी रामकिशोर श्रीवास रविवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे मवेशियों को चारा देने बाड़े में गई और सूना मौका देख उसने छप्पर की धन्नी में रस्सी से फंदा लगाकर खुदकुशी कर लिया। काफी देर बाद मौके पर पहुंची बेटी गुड़िया ने देखा तो दरवाजा भीतर से बंद था। उसने आवाज लगाई, लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। उसने दरवाजे की दरार से झांककर देखा तो शव फंदे से लटक रहा था। शव देखते ही घर वह चीख पुकार मच गई। मौके पर पहुंचे घर वालों ने फंदा काटकर शव को नीचे उतार लिया। मृतका के पति ने बताया कि उसकी पत्नी मानसिक रूप से परेशान रहती थी। उसका इलाज भी कराया गया, लेकिन कोई लाभ नहीं हुआ। इसी के चलते उसने यह घटना अंजाम दी। उधर, मृतका के भाई लल्लू निवासी मसुरी का कहना है कि उसकी बहन की मानसिक रूप से अस्वथ रहती थी। दूसरा मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के मवई बुजुर्ग गांव का है। यहां के निवासी नंगू उर्फ गोगा वर्मा (60) पुत्र कलुवा वर्मा ने रविवार की सुबह कमरे के अंदर छप्पर की धन्नी में रस्सी से फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली।


रक्तदान करते सिद्धार्थ। अमृत विचार

# मरीज की जान बचाने को सिद्धार्थ ने किया रक्तदान

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार:** रक्तदान को महादान यूं ही नहीं कहा जाता है। जरूरत के समय किसी को रक्त देकर उसकी जान बचाना बहुत बड़ा कार्य है। स्वयंसेवी संस्था लाइफ आफ सेवर्स सदस्य की एक महिला रिश्तेदार को खून देकर युवक ने जान बचा ली।

जरूरतमंदों के लिए रक्तदान करने वाली सेवर्स आफ लाइफ के रक्तदाता इरशाद हुसैन ने बताया कि उनकी मौसी कशीरुन निशां को पिछले छह माह से ब्लड चढ़ रहा है, लेकिन गंभीर बीमारी के कारण उनके शरीर में रक्त नहीं बन पा रहा है। जिसकी वजह से उन्हें पुनरू मेडिकल कॉलेज में भर्ती करया गया। यहां चिकित्सक ने एक यूनिट रक्त की जरूरत बताई।

इस पर उन्होंने पूरा ब्योरा दर्ज करते हुए अनुरोध सोशल मीडिया पर डाल दिया। इसी बीच सोशल मीडिया पर यह पढ़कर समाचार पत्र प्रतिनिधि आशीष श्रीवास्तव का कॉल आया। बताया कि उनके भतीजे का ब्लड ग्रुप एबी पॉजिटिव है और वह रक्तदान के लिए तैयार है। थोड़ी ही देर में सिद्धार्थ श्रीवास्तव ने जिला अस्पताल पहुंचकर मरीज के लिए रक्तदान किया। सिद्धार्थ का यह पहला रक्तदान था।

सेवर्स ऑफ लाइफ द्वारा सिद्धार्थ और आशीष दोनों का आभार व्यक्त किया गया। रक्तदान के समय संगठन के शादाब अहमद, इरशाद हुसैन मौजूद रहे।

## ओमनारायण फिर सपा युवजन सभा के राष्ट्रीय सचिव

**बांदा:** लोकसभा चुनाव से पहले सपा संगठन को मजबूत करने की कवायदों में जुटी है। इसी कड़ी में राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर सपा युवजन सभा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जिले के युवा सपा नेता को एक बार फिर से संगठन का राष्ट्रीय सचिव मनोनीत किया है।


ओमनारायण त्रिपाठी विदित।

सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर सपा युवजन सभा राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद फहद की संस्तुति पर युवा नेता ओमनारायण त्रिपाठी 'विदित' को दोबारा सपा युवजन सभा का राष्ट्रीय सचिव मनोनीत किया। सपा युवजन सभा जिलाध्यक्ष आमिर खान मन्नी ने उन्हें शुभकामनाएं दी। उनके राष्ट्रीय सचिव बनने पर बबेरू विधायक विशंभर सिंह यादव, जिलाध्यक्ष डॉ.मधुसूदन कुशवाहा, सैय्यद इमरान अली राजू, शमीम बांदवी, विजय करन यादव, अशोक सिंह गौर, पीयूष गुप्ता, प्रियांशु गुप्ता, राघवेंद्र सिंह चंदेल, इशान सिंह लवी, हरिश्चंद्र सोनकर, श्रीकांत मंडेला, शाहनवाज खान शानू ने खुशी जताई।

# 1100 दीपों से जगमग हुआ प्रतिमा स्थल

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार:** महाराजा खेत सिंह खंगार की प्रतिमा अनावरण की प्रथम वर्षगांठ के मौके पर अखिल भारतीय खंगार क्षत्रिय महासभा ने प्रतिमा स्थल पर गौरव दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया। वहीं पर 1100 दीये जलाए गए।

मुख्य अतिथि के तौर पर रामकिशोर सिंह राना राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने महाराजा खेत सिंह खंगार की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और प्रतिमा अनावरण के दिन को खंगार समाज के लिए गौरव का दिन बताया। कार्यक्रम को प्रमुख रूप से संरक्षक रामकिशोर बाल व रामऔतार सिंह खंगार, लक्ष्मण सिंह खंगार, भोला सिंह खंगार, बीड़ी सिंह खंगार, लल्लू सिंह खंगार, राजन सिंह ने संबोधित किया।


दीयों की रोशनी से जगमगाती प्रतिमा।

जिलाध्यक्ष कृष्ण किशोर सिंह खंगार ने कहा कि विगत वर्ष मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाराजा खेत सिंह खंगार की प्रतिमा का अनावरण किया था।

- **महाराजा खेत सिंह प्रतिमा अनावरण की प्रथम वर्षगांठ मनाई गई**
- **अखिल भारतीय खंगार क्षत्रिय महासभा की ओर से मनाया गौरव दिवस**

जनपद ही नहीं, सूबे का खंगार समाज मुख्यमंत्री के साथ ही जलशक्ति राज्यमंत्री, सदर विधायक सहित भाजपा का आभारी है। इस दौरान वृंदावन सिंह, विजयपाल सिंह, पप्पू पल्हरी, चंदकिशोर सिंह, बिजली सिंह, ओम सिंह, इंद्राज सिंह, मलखान सिंह, राजू सिंह, लवलेश सिंह, विचित्र सिंह, अरुण सिंह, लाखन सिंह, रामसागर सिंह आदि सैकड़ों की तादाद में समाज के लोग मौजूद रहे।

## भंडारे में उमड़ा जन सैलाब

**बबेरू (बांदा):** क्षेत्र के ग्राम पंचायत मझिला में अवधेश यादव के यहां चल रहे श्रीमद् भागवत कथा के समापन अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें बबेरू विधायक विशंभर सिंह यादव और अखिल भारतीय यादव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष देवराज यादव भी शामिल हुए। बबेरू विधायक विशंभर यादव और यादव महासभा प्रदेश अध्यक्ष ने संबोधित करते हुए श्रीमद्भागवत ग्रंथ को हिंदुओं का पवित्र ग्रंथ बताया। कहा कि श्रीकृष्ण 16 कलाओं से युक्त थे। उन्होंने मानवतावादी नीतियों पर आधारित इस ग्रंथ को बहुपयोगी बताया। उन्होंने समाज को एक सूत्र में पिरोने के लिए संकल्प दिलाकर झूठ पाखंड व आडंबर से बचने के लिए प्रेरित किया। श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

# सेरेमनी का विधानसभा क्षेत्रों में सजीव प्रसारण होगा

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार:** लखनऊ में 19 फरवरी (सोमवार) को होने वाले ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का जिले की सभी चार विधानसभा क्षेत्रों में सजीव प्रसारण किया जाएगा। जिलाधिकारी ने नोडल अधिकारी नामित करते हुए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में स्थित तहसील, ब्लॉक मुख्यालय अथवा उचित स्थल पर सजीव प्रसारण की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए हैं। चेतावनी दी है कि लापरवाही मिलने पर कार्रवाई होगी।

सदर विधानसभा क्षेत्र में नोडल अधिकारी एडीएम (न्यायिक) अभिताभ यादव की देखरेख में कलक्ट्रेट स्थित महर्षि वामदेव सभागार में मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त तिंदवारी विधान सभा क्षेत्र के विकास खंड कार्यालय सभागार, नरैनी विधान सभा क्षेत्र में तहसील सभागार नरैनी, बबेरू विधान सभा क्षेत्र में तहसील सभागार में सजीव प्रसारण के लिए व्यवस्था बनाई गई है। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने जिला मुख्यालय समेत चारों विधान सभा क्षेत्रों में उप जिलाधिकारियों व खंड विकास अधिकारियों को नोडल व सह नोडल अधिकारी नामित करते हुए कार्यक्रम को सकुशल संपन्न कराने के निर्देश दिए हैं। डीएम ने कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी समन्वयकों को जरूरी दिशा-निर्देश भी जारी किया है। नोडल व सह नोडल अधिकारियों के दिशा-निर्देश में सभी कार्यक्रम समन्वयक कार्यक्रम आयोजित कराएंगे। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम के आयोजन की तैयारी में लगाए गए अधिकारियों को सारी तैयारियां समय से पूरा कराने की व्यवस्था सुनिश्चित कराने की हिदायत दी। उधर, 19 फरवरी को आयोजित होने वाले ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी की तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है।

जिले में आयोजित होने वाले ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में 10 करोड़ रुपये तक निवेश करने वाली कंपनियों को उद्योग विभाग की ओर से आमंत्रित किया गया है। दस करोड़ से अधिक निवेश करने वाली कंपनियों को लखनऊ में प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की मौजूदगी में आयोजित होने वाले ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में आमंत्रित किया गया है।


जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल।

### जनप्रतिनिधियों के साथ व्यापारी करेंगे भागीदारी

- सोमवार को जिले के चारों विधान सभा क्षेत्रों में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में सांसद, विधायक, नगर पालिका परिषद चेयरैन, नगर पंचायत चेयरमैन समेत अन्य जनप्रतिनिधियों, ब्लाक प्रमुख, ब्लाक विकास समिति सदस्यों को आमंत्रित किया गया है। इसके अलावा कार्यक्रम में जिले भर के युवा उद्यमियों, व्यापारियो को भी आमंत्रित किया गया है। चिन्हित स्थानों पर सजीव प्रसारण के लिए एलईडी व मंच सजावट की व्यवस्था भी की जाएगी। डीएम ने सभी अधिकारियों को कार्यक्रम की तैयारियां समय से पूर्व सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये हैं।

**उपलब्धि** | रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज के डॉ .अनूप सिंह ने किया सफल ऑपरेशन

# मरीज के पेट से निकाला आठ किलो का ट्यूमर

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार:** रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज के सर्जरी विभाग में कार्यरत डॉ.अनूप सिंह व उनकी टीम ने एक मरीज के पेट का सफल ऑपरेशन करके आठ किलो वजन का ट्यूमर निकालकर मरीज को राहत दिलाई।

आपको बता दें कि बांदा के ग्राम अलिहा निवासी कल्लू सिंह (35) पुत्र इंद्रसेन सिंह को पिछले कई वर्षों से अंडकोष व पेट मे सूजन थी। पिछले आठ-नौ वर्ष पहले कल्लू के पेट मे चोट लग गई थी, जिससे उसके पेट मे दर्द शुरू हो गया था। कल्लू को पेट दर्द के इलाज के लिए कई ज़गह दिखाया गया, लेकिन सबने उसे हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। घर मे कोई जिम्मेदार न होने की वजह से कल्लू कहीं बाहर नहीं जा पाया। वक्त गुजरता गया और कल्लू का पेट धीरे-धीरे फूलता रहा। पिछले कुछ दिन पहले जब कल्लू को ज्यादा दिक्कत हुई, तो वो मेडिकल कॉलेज के सर्जन डॉ.अनूप के पास आया। डॉ.अनूप सिंह ने जांचे कराईं तो अंडकोष से लेकर पेट तक फैले हुए ट्यूमर की पुष्टि हुई। डॉ.अनूप सिंह ने कल्लू को ऑपरेशन कराने की सलाह दी। कल्लू व उसके परिजन ऑपरेशन के लिए तैयार हो गए। चार दिन पहले डॉ.अनूप सिंह व उनकी टीम ने तकरीबन चार घण्टे चले ऑपरेशन के बाद मरीज के पेट से लगभग आठ किलो का ट्यूमर निकाल दिया, ऑपरेशन के बाद मरीज पूरी तरह स्वस्थ है। कल्लू के परिजन इस सफल ऑपरेशन के बाद डॉ.अनूप सिंह व उनकी टीम को दिल से धन्यवाद दे रहे हैं।

इस सफल ऑपरेशन के लिए मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ.एसके कौशल ने भी डॉ.अनूप व उनकी टीम को बधाई दी है। इस सफल ऑपरेशन में डॉ.अनूप सिंह के साथ एस आर डॉ.सौरभ सिंह, एस आर डॉ. गुंजन, जेआर डॉ.शिव कुमार, एनेस्थीसिया डिपार्टमेंट से डॉ.सुशील पटेल, डॉ.प्रिया दीक्षित, डॉ.शैलेन्द्र सिंह, डॉ.अरुण, डॉ.नरेंद्र आदि शामिल रहे।


ऑपरेशन बाद मरीज का हालचाल लेने पहुंचे डॉ .अनूप सिंह। अमृत विचार

### ट्यूमर से मरीज की मौत भी हो सकती थी

- इस ट्यूमर के बारे में डॉ .अनूप सिंह ने बताया की कल्लू का यह ट्यूमर अंडकोष से लेकर पेट तक फैला हुआ था। ये जन्मजात बीमारी है, जो लाखों में किसी एक को होती है। शुरू में मरीज को पता नहीं चलता, लेकिन धीरे-धीरे वक्त के साथ समस्या बढ़ती जाती है। कल्लू को भी यह बीमारी जन्मजात थी। उसे जब चोट लगी तो उसी ट्यूमर में दर्द शुरू हुआ। कल्लू ने डॉक्टरों को दिखाया जरूर लेकिन उसने ऑपरेशन नहीं कराया, जिससे यह समस्या बढ़ती गई। इस बढ़े हुए ट्यूमर की वजह से कल्लू की आंतों, फेफड़ों, लीवर, गुर्दे आदि में दबाव पड़ने लगा था, जिससे उसे काफी दिक्कत हो रही थी। अगर कुछ वक्त और यह ऑपरेशन न होता तो कल्लू के लीवर, फेफड़े आदि दबाव की वजह से काम करना बंद कर सकते थे, जिससे उसकी मौत भी हो सकती थी। डॉ .अनूप ने बताया कि यह ऑपरेशन अगर प्राइवेट हॉस्पिटल में होता तो लाखों रुपये खर्च हो जाते, जबकि मेडिकल कॉलेज में सिर्फ सरकारी फीस पर हो गया।

# शांतिपूर्वक निपटी पुलिस भर्ती परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार:** दो दिवसीय पुलिस भर्ती परीक्षा के अंतिम दिन शहर में परीक्षार्थियों का सैलाब उमड़ पड़ा। परीक्षा के दौरान सभी 11 परीक्षा केंद्रों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई। सख्त चेकिंग के बाद ही परीक्षा केंद्रों के अंदर परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया गया। पहले दिन दोनों पालियों में परीक्षा शांतिपूर्ण आयोजित हुई। परीक्षा सकुशल निपटने पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने राहत की सांस ली।

जिले के 11 परीक्षा केंद्रों पर दूसरे दिन शनिवार को पुलिस भर्ती की लिखित परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू हुई। दो दिवसीय परीक्षा में जनपद में कुल 5016 अभ्यर्थी पंजीकृत रहे। परीक्षा को शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बल की तैनाती की गई थी। सभी परीक्षा केंद्रों पर स्टेटिक दंडाधिकारियों व पुलिस जवान परीक्षार्थियों को प्रवेश से पूर्व जांच कर अंदर जाने दी। जोनल दंडाधिकारी व उड़नदस्ता दल परीक्षा केंद्रों पर भ्रमणशील रहे। परीक्षा केंद्रों के आसपास धारा 144 के अंतर्गत निषेधाज्ञा लागू रही। साथ ही फोटो स्टेट आदि की दुकानें भी बंद रही। मोबाइल व अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स को परीक्षा हॉल में जाने से पूर्व जमा करा लिया गया। अभ्यर्थियों को सिर्फ बॉल पेन ले जाने की अनुमति दी गई। उनके जूते कमरे के बाहर ही उतराए गए। पर्स, बैग व अन्य सामान मुख्य गेट पर ही जमा कराया गया। महिला अभ्यर्थियों के कान के टॉप्स व नाक की कील तक उतराने के बाद प्रवेश दिया गया। चेकिंग के बाद अभ्यर्थी अंदर गए।


फात्मा गर्ल्स इंटर कॉलेज का निरीक्षण करते डीएम व एसपी। अमृत विचार

- **सख्त चेकिंग के बाद अभ्यर्थियों को केंद्रों में मिला प्रवेश**
- **सभी अभ्यर्थियों को नंगे पैर दिलाई गई परीक्षा**

# ब्रह्मानंद महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य के घर चोरी

## मकान में रह रहे रोडवेज चालक व कृषि अधिकारी के घर भी चोरी

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)


जानकारी देते डॉ.यूपी सिंह।


कमरे में बिखरे पड़े सामान को दिखाते परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कस्बे के अतरौलिया मोहल्ले में बीती रात चोरों ने ब्रह्मानंद महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य समेत दो किराएदारों के कमरों का ताला तोड़कर लाखों के जेवरात और नकदी चोरी कर ले गए। सुबह मोहल्ले के लोगों ने घर का दरवाजा खुला देखा तो हड़कंप मच गया। मोहल्ले के लोगों ने पूर्व प्राचार्य को फोन पर घटना की जानकारी दी तो वह अपने घर पहुंचे। पूर्व प्राचार्य ने कोतवाली में घटना की तहरीर दी है।

ब्रह्मानंद महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ.यूपी सिंह सेवानिवृत्त हो चुके हैं। डा.यूपी सिंह का अतरौलिया में एक मकान है। मकान के आधे भाग में वह रहते हैं और आधे भाग में तीन किराएदार रहते हैं। डा.यूपी सिंह ने बताया कि तीन दिन पहले वह अपने गांव बांदा गए थे। मकान में रह रहे रोडवेज का चालक दिलीप कुमार कुशवाहा अपने परिवार के साथ एक शादी में कानपुर गए थे। वहीं दूसरे किराएदार कुलदीप सैनी जो कृषि विभाग में कार्यरत हैं वह भी बाहर गए थे। शनिवार की रात अज्ञात चोरों ने मकान का ताला तोड़कर सबसे पहले पूर्व प्राचार्य के घर को निशाना बनाया। चोरों ने कमरे का ताला तोड़ उसमें रखी अलमारी को तोड़ दिया। पूर्व प्राचार्य ने बताया कि अलमारी में 315 बोर राइफल के करीब 10 कारतूस, 12 बोर बंदूक का पूरा कारतूसों से भरा पटटा, 50 हजार रुपये नकद और चांदी का बिछुआ, एक चांदी की हाफपेटी, चांदी की तीन मोटी पायलें, चांदी की पांच चूडियां, आधा किलो चांदी चोरी कर ले गए। इसी तरह से किराएदार कुलदीप सैनी ने बताया कि वह कृषि विभाग में सैल्स आफीसर हैं। बताया कि चोरों ने दो सोने की अंगूठी और 45 हजार रुपये चोरी कर ले गए। इसी तरह से चोरों ने रोडवेज में तैनात चालक दिलीप कुमार कुशवाहा के कमरे का ताला तोड़ा। चोरों ने कमरे में रखी अलमारी को तोड़ उसमें रखे चांदी की पायलें, मीना, 5000 रुपये, नाक की कील, चांदी की चूड़ी, कमर की करधनी आदि सामान चोरी कर ले गए। इस संबंध में कोतवाली पुलिस का कहना था कि उनके पास अभी तहरीर नहीं आई है। आने पर कार्रवाई की जायेगी।


कलश यात्रा में शामिल ग्रामीण। अमृत विचार

# टेढ़ा में श्री विष्णु महायज्ञ की निकाली कलश यात्रा

- कथावाचक ने भागवत पुराण के महत्व पर प्रकाश डाला

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** क्षेत्र के टेढ़ा गांव के गोसाई धाम में आयोजित होने वाली श्री विष्णु महायज्ञ के पहले दिन भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें नयनाभिराम झांकियां शामिल रहीं। इसके बाद भागवत पुराण शुरू हुई।

टेढ़ा गांव में रविवार से भागवत कथा एवं रात्रि में रासलीला का आयोजन शुरू हो गया। 25 फरवरी को विशाल भंडारा होगा। भागवत कथा के प्रारंभ होने से पहले गांव में भव्य कलश निकाली गई। जिसमें विभिन्न देवी देवताओं की नयनाभिराम झांकियां शामिल रही। शोभायात्रा गांव भ्रमण के बाद कथा स्थल पर समाप्त हुई। इसके बाद पूजा पाठ के साथ भागवत कथा प्रारंभ हुआ। कथा व्यास सत्येंद्र कृष्ण महाराज ने भागवत पुराण का महत्तम पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जीवन में एक बार अवश्य श्रवण करना चाहिए। यज्ञाचार्य कपिल पांडेय महंत खाटू श्याम उज्जैन रहेंगे।

कार्यक्रम में सहयोगी ग्राम प्रधान नोखेलाल यादव, पूर्व प्रधान परशुराम प्रजापति, पूर्व प्रधान सौरभ सिंह, लाला रामकिशोर सिंह, राजेंद्र यादव, नरेश दाऊ, राजू विधायक, खलील अहमद, मनोज कुमार, सुरेश कुमार, सोनू यादव, विजय यादव, पवन यादव, दीप सिंह, बाबू गुप्ता, पंकज यादव, अरविंद श्रीवास्तव, अनिल यादव,अजय सिंह, बच्चालाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल रहे।

# 24 घंटे में हाफ एनकाउंटर कर हत्यारोपी को गिरफ्तार किया

अमृत विचार फॉलोअप

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)


मुठभेड़ में घायल हत्यारोपी को ले जाती पुलिस। अमृत विचार

- पैसों के लेनदेन को लेकर चाकू से गोदकर युवक की दिनदहाड़े की थी हत्या

**अमृत विचार।** दिनदहाड़े चाकू मार कर हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने 24 घंटे के अंदर ही हाफ एनकाउंटर में गिरफ्तार कर लिया। बता दें कि कस्बे के मोहल्ला हुसैनिया निवासी प्रशांत कुमार वर्मा उर्फ आकाश (23) पुत्र शिवदास शनिवार की सुबह अपने मित्र रोहित के साथ में कस्बे के मोहल्ला साजन तालाब के पास बैठा था। तभी उसी मोहल्ले का एजाज उर्फ इज्जु अपने हाथ में डंडा लेकर वहां आया और आकाश से पैसा मांगने लगा। लेकिन आकाश ने उसकी बात अनसुनी कर दी। जिस पर एजाज ने आकाश पर चाकू से हमला कर ताबड़तोड़ कई वार कर हत्या कर दी। मृतक के पिता शिवदास वर्मा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी एजाज पर धारा 302, 504 भादसं एवं धारा 3(1) द,ध, 3(2)5, 3(2) 5ए एससी/एसटी का मुकदमा पंजीकृत किया गया था।

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर टीमों का गठन किया गया। क्षेत्राधिकारी श्रेयश त्रिपाठी ने बताया कि रविवार करीब रात 11:30 बजे मुखबिर की सूचना मिली कि कपसा रोड स्थित ग्राम परछा मोड़ पर हत्यारोपी खड़ा है। जिस पर वह कोतवाली प्रभारी रामआसरे सरोज व पुलिस टीम के साथ परछा मोड़ पर पहुंचे। जहां हत्यारोपी ने टीम को देखते ही उन पर तमंचे से फायर कर दिया। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी फायर किया। जिसमें आरोपी के दाहिने पैर के घुटने के नीचे गोली लगी। इसी के बाद उसे मौके पर गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम एजाज अहमद उर्फ इज्जू पुत्र इकबाल निवासी मोहल्ला हुसैनिया कायम कुआं बताया। जामा तलाशी में पुलिस ने आलाकत्ल चाकू भी बरामद किया।

घटना के बारे में पूछने पर उसने बताया कि प्रशांत कुमार वर्मा उर्फ आकाश से कुछ पैसे उधार लिए थे। जिसे वह वापस मांग रहा था। शनिवार को उसने साजन तालाब पर फिर पैसे की वापसी के लिए कहा। इस बात से नाराज होकर उसने उस पर चाकू से वार कर दिया और मृत समझकर भाग गया । आरोपी ने बताया वह बांदा भागने के फिराक में यहां पर मौजूद था। घायल आरोपी एजाज अहमद उर्फ इज्जू को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया है। बताया कि मुठभेड़ के संबंध में थाना मौदहा में आरोपी के विरुद्ध धारा 307(पुलिस मुठभेड़) व 9 क (1)/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# निरीक्षण में दो अध्यापक चार बार पाए गए गैरहाजिर

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- परिषदीय स्कूलों के शिक्षकों की देखी गई उपस्थिति

**अमृत विचार।** परिषदीय विद्यालयों में पिछले चार माह तक शासन की ओर से चलाए गए विशेष निरीक्षण अभियान में एक शिक्षक के चार बार गैर हाजिर मिले शिक्षकों पर कड़ी कार्यवाही के आदेश महानिदेशक ने दिए हैं। इस में सुमेरपुर ब्लाक क्षेत्र के दो शिक्षक घेरे में आए है।

शासन ने पूरे प्रदेश में सभी परिषदीय विद्यालयों में माह सितंबर से दिसंबर 2023 तक परिषदीय स्कूलों का स्थलीय निरीक्षण विशेष अभियान के तहत चलाया था। जिसमें कुछ शिक्षक कई कई बार अनुपस्थित मिले। इस मामले की रिपोर्ट बीएसए से महानिदेशक ने प्रेरणा पोर्टल पर मांगी तो पाया कि पूरे प्रदेश से बड़ी संख्या में शिक्षक गैर हाजिर हैं। फिलहाल निरीक्षण अभियान में चार चार बार अनाधिकृत रूप से गैरहाजिर पाए जाने वालों में जिले सुमेरपुर क्षेत्र से शिक्षक वीरेंद्र द्विवेदी व सत्येंद्र कुमार गुप्ता का नाम रहे। महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने भेजे पत्र में ऐसे शिक्षकों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि इनके खिलाफ उचित कार्यवाही कर प्रेरणा पोर्टल पर फीड करें ताकि भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृत्ति न हो और बच्चों का पठन पाठन नियमित रूप से हो सके। बीएसए आलोक सिंह ने बताया कि विशेष अभियान में शिक्षकों को सूचना दी गई थी कि वह विद्यालय में उपस्थित होकर पठन पाठन करें। इसके बाद भी कई शिक्षक गैर हाजिर मिले थे। मगर दो शिक्षक ऐसे थे जो अभियान में चार बार अनुपस्थित रहे। थे। इस मामले में महानिदेशक ने बीएसए के साथ मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक को भी कार्यवाही करने को आदेशित किया है।

# मेधावियों को किया गया सम्मानित

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)


सम्मान समारोह में बोर्ड परीक्षा के टिप्स देते गणित विशेषज्ञ रोहित शर्मा। अमृत विचार

- नरेन्द्र साहू केमिस्ट्री टॉपर एवं आरती गुप्ता बनी मैथ्स टॉपर

**अमृत विचार।** कस्बा स्थित अमित केमिस्ट्री क्लासिस में प्री-बोर्ड परीक्षा के टॉपर्स एवं गत वर्ष के हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के मेधावियों को सम्मानित कर परीक्षा टिप्स दिए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकतंत्र सेनानी सलाहउद्दीन रहे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने कहा कि प्रतियोगी समय में छात्र-छात्राओं को एकाग्रचित्त होकर समय प्रबंधन पर विशेष ध्यान देना चाहिए। साथ ही स्वस्थ प्रतिस्पर्धा करके जीवन के लक्ष्य की ओर लगातार आगे बढ़ते रहना चाहिए। संस्थान के निदेशक व आयोजक डॉ.अमित शर्मा ने कहा कि छात्र-छात्राओं को सोशल मीडिया का सीमित इस्तेमाल करना चाहिए और रटने के बजाय समझने पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए। दबाव मुक्त होकर परीक्षा देनी चाहिए। गणित के शिक्षाविद रोहित शर्मा ने कहा कि अंकों से हमेशा आपकी प्रतिभा की पहचान नहीं होती है। कम अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं को भी आगे होने वाली परीक्षा में अपना सर्वश्रेष्ठ देना बनाना चाहिए। कार्यक्रम में जयंति गुप्ता ने मां पर मार्मिक गीत प्रस्तुत किया। समारोह में रसायन विज्ञान प्री-बोर्ड में प्रथम स्थान पाने वाले नरेन्द्र साहू, द्वितीय स्थान शिवम, तृतीय स्थान राशि गुप्ता, चतुर्थ स्थान शुभी यादव, पंचम स्थान अनिकेत गुप्ता, षष्ठम स्थान अमित कुमार, सप्तम स्थान समृद्ध सिंह ने प्राप्त किया। केमिस्ट्री चैंपियन का पुरस्कार दिव्यांका सिंह, स्वाति गुप्ता एवं जसपाल को दिया गया। गणित विषय के प्री-बोर्ड परीक्षा में प्रथम स्थान पर आरती गुप्ता, द्वितीय स्थान आरती प्रजापति, तृतीय स्थान पर राशि गुप्ता रही। कार्यक्रम का संचालन एंजल सुमन, अनीता एवं सरिता अनुरागी ने किया। कार्यक्रम में अमित विश्वकर्मा, पवन सोनी, रोहित सैनी, आदित्य, रेशमा, विपिन सहित एक सैकड़ा से अधिक छात्र छात्राएं व अभिभावक मौजूद रहे।

# अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर

**मौदहा।** रिश्तेदारी से लौट रहे बाइक सवार को अज्ञात ट्रक ने टक्कर मार दी। जिसे गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस द्वारा उसे कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर डाक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मवईया निवासी कमलेश(22) पुत्र जगत पाल अपनी रिश्तेदारी खन्ना क्षेत्र के खिरुई कम्हरिया से बाइक से लौट रहा था तभी बुंदेलखंड एक्सप्रेस के निकट अज्ञात ट्रक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस की सहायता से कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर डाक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है।


जीजीआईसी परीक्षा केंद्र में प्रवेश करने के लिए लाइन में खड़े महिला अभ्यर्थी।

# पुलिस भर्ती परीक्षा सकुशल करा प्रशासन ने ली राहत की सांस

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- डीएम व एसपी ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर लिया जायजा

**अमृत विचार।** आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्ती लिखित परीक्षा दूसरे दिन भी दोनों पालियों में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गई। जिलाधिकारी व एसपी ने परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर कड़े सुरक्षा प्रबंध किए हैं। अभ्यर्थियों के पहचान पत्र सत्यापन के बाद भी उन्हें परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया गया।

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती की लिखित परीक्षा 17 व 18 फरवरी को दो दिनों में प्रस्तावित थी। परीक्षा के पहले दिन शनिवार को दोनों पालियों में परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई। वहीं दूसरे दिन रविवार की भी दोनों पालियों में संपन्न हुई परीक्षा सकुशल संपन्न हो गई। जिलाधिकारी राहुल पांडेय व पुलिस अधीक्षक डॉ.दीक्षा शर्मा ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने कॉलेज में लगे कैमरों, सुरक्षा उपकरण आदि का निरीक्षण कर संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सभी अभ्यर्थियों के पहचान पत्र सत्यापन के बाद भी उन्हें परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया गया। परीक्षा के लिए विभिन्न प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों कर्मचारियों की तैनाती की गई है। हर सेंटर पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट के साथ नकल विहीन परीक्षा संपन्न कराने को सब इंस्पेक्टर मौजूद रहे।

### पुलिस भर्ती परीक्षा के दूसरे दिन 481 ने छोड़ी परीक्षा

**हमीरपुर।** शनिवार को जहां दोनों पारियों में शामिल कुल 8880 अभ्यर्थियों के सापेक्ष 8577 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। जिनमें 303 अभ्यर्थी किन्हीं कारणों वश परीक्षा से अनुपस्थित पाए गए थे। इनमें 162 महिलाएं व 140 पुरुष अनुपस्थित रहे थे। वहीं रविवार को प्रथम पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक चली। जिसमें 2282 पुरुष व 2158 महिला अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। परीक्षा में 2194 पुरुष व 2038 महिला अभ्यर्थी कुल 4232 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। इनमें 88 पुरुषों व 120 महिला अभ्यर्थी परीक्षा से अनुपस्थित पाई गई। प्रथम पाली में कुल 208 अभ्यर्थियों ने परीक्षा नहीं दी। जबकि दूसरी पाली में कुल 4440 के सापेक्ष 2175 पुरुष व 1992 महिलाएं परीक्षा में शामिल रहीं। जबकि 107 पुरुष व 166 महिलाओं सहित कुल 273 अभ्यर्थी परीक्षा में अनुपस्थित रहे।

# विद्यालय पर धोखाधड़ी का आरोप

संवाददाता, हमीरपुर

- डीएम को शिकायती पत्र देकर प्रवेश पत्र दिलाने की मांग की

**अमृत विचार।** मुख्यालय निवासी एक अभिभावक ने स्कूल प्रबंधन पर जबरिया वाहन का किराया आदि वसूलने का आरोप लगाया है। किराया न देने पर हाईस्कूल की बोर्ड परीक्षा का प्रवेश पत्र नहीं दिया जा रहा है। अभिभावक ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर प्रवेश पत्र दिलवाने की मांग की है।

नगर के विवेक नगर मोहल्ला निवासी रुद्र प्रताप सिंह ने जिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उन्होंने पुत्र दिव्यांश सिंह का प्रवेश 2022-23 सत्र में सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल कुछेछा में कराया था। तत्कालीन प्रधानाचार्य चंद्रानी बनर्जी तथा लेखा लिपिक तरन्नुम व राशि मैडम के सामने सशर्त केवल निर्धारित फीस देने की बात कही गई थी। उससे न ही प्रवेश शुल्क और न आने-जाने के लिए वाहन का किराया लगेगा। वे समय पर निर्धारित फीस जमा करते रहे, लेकिन जब दिव्यांश दोनों शैक्षणिक वर्ष की अंतिम त्रैमासिक शुल्क जमा करने गया तो वर्तमान लेखा लिपिक श्वेता तथा वर्तमान प्रधानाचार्य संतोष अवस्थी ने बच्चे से फीस लेकर फीस बुकलेट छीनकर रख ली। साथ ही इस पूरे वर्ष का बस का किराया मांगने लगे। फीस न जमा करने पर 21 फरवरी से होने वाले बोर्ड परीक्षा का प्रवेश पत्र देने से मना कर दिया।

# हवाई फायरिंग कर जान से मारने की दी धमकी

**हमीरपुर।** मुस्करा थाना क्षेत्र के गहरौली गांव निवासी बृजेंद्र पुत्र सिद्ध गोपाल लोधी ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि गहरौली गांव निवासी अमित उर्फ अंकुश पुत्र भगवान दास यादव अपनी बाइक से तेज रफ्तार के साथ आया और उसे टक्कर मार दी। जिससे वह जमीन पर गिर गया। जब उसे रोका तो उसने गाली देते हुए तमंचे से फायर करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया।

# दबंग युवक ने राह चलती महिलाओं से की छीनाझपटी

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** क्षेत्र के देवगांव में एक युवक ने सुबह राह चलती महिलाओं से गाली गलौज करते हुए महिलाओं से छेड़खानी का प्रयास किया। ग्रामीणों ने मामले की शिकायत थानाध्यक्ष से की है। थानाध्यक्ष ने जांच के आदेश दिए हैं।

देवगांव निवासी कुंती देवी प्रजापति, गायत्री देवी, संदीप कुमार, उदय प्रकाश, सरमन, बरदानी लाल, गंगादीन, बिंदा प्रसाद, बाबूराम, रामनरेश, राम सजीवन आदि ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले तीन माह से गांव निवासी अंकित खुलेआम असलहा एवं सांग लेकर घूमता है और राह चलती महिलाओं के साथ अभद्र टिप्पणी करके परेशान करता है। रविवार को सुबह इसने कुंती देवी को रास्ते में रोककर छीना झपटी का प्रयास किया। लोगों के आ जाने से जान से मारने की धमकी दे फरार हो गया।

साधा निशाना

पिछड़ा वर्ग सभा के प्रदेश अध्यक्ष ने पीडीए पंचायत को संबोधित करते हुए भाजपा सरकार पर बोला हमला

# पूर्वांचल से लेकर बुंदेलखंड तक विकास गायब : राजपाल कश्यप

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)


संबोधित करते सुरेंद्र सिंह लोधी।


कार्यक्रम में भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पूर्वांचल से लेकर बुंदेलखंड तक केंद्र एवं प्रदेश सरकार का एक भी विकास कार्य नहीं दिखता है। अगर कुछ नजर आता है तो वह खेतों पर खड़ा सांड है। उक्त उद्‌गार सपा पिछड़ा वर्ग सभा के प्रदेश अध्यक्ष डा.राजपाल कश्यप ने ब्लाक कार्यालय के बगल में आयोजित पीडीए पंचायत को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि समाजवादी पार्टी सत्ता के लिए नहीं बल्कि गांव, गरीब, किसान, दलितों, पिछड़ों, युवाओं के हक के लिए संघर्ष कर रही है। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा यह सभी का ध्यान हटाने के लिए राम को आगे कर रही है। जबकि राम अनादिकाल से थे और रहेंगे। उन्होंने कहा कि निषाद राज ने भगवान राम से नदी उतराई नहीं ली थी। लेकिन समय आने पर भवसागर पार करने का वचन लिया था।

भाजपा राम के हितैषी है तो उतराई के रूप में निषादों को दलित आरक्षण क्यों नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा लोगों को ठग रही है। उन्होंने कहा कि वोट लेने के लिए यह दलित व पिछड़े बन जाते हैं और सत्ता पाते ही उद्योगपति बन जाते हैं। उन्होंने कहा कि महंगाई चरम पर है। गरीब परेशान है। विपक्ष को खत्म करने के लिए सीबीआई व ईडी का दुरुपयोग किया जा रहा है। सपा इससे घबराने वाली नहीं है। सपा ही भाजपा का मुकाबला कर रही है।

उन्होंने लोगों को आगाह करते हुए कहा कि फ्री राशन के झांसे में मत आना। उन्होंने किसानों को 500 रुपये थमाकर खाद की बोरी से 5 किलो खाद चोरी कर ली। फ्री राशन के नाम पर चीनी और केरोसिन खत्म कर दिया। लोहिया आवास की जगह पीएम आवास एक कमरे का देकर लोगों के साथ धोखा कर रहे हैं। पार्टी के जिला महासचिव सुरेंद्र सिंह लोधी ने संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा हमें धर्म के नाम पर लड़ाना चाहती है। न हमको लड़ना है और न बटना है। संविधान की व लोकतंत्र की खूबसूरती बचाने के लिए हमेशा कुर्बानी देने के लिए वीर अब्दुल हमीद की तरह तैयार रहना है। पीडीए पंचायत को प्रदेश सचिव मुन्नीलाल निषाद, जिलाध्यक्ष इदरीश खान, पूर्व जिलाध्यक्ष ज्ञान सिंह यादव, पूर्व विधायक अनिल अहिरवार, रामप्रकाश प्रजापति, चंद्रवती वर्मा, रामसजीवन यादव, सोनिया सोनी, सुरेंद्र यादव, युगांक मिश्रा, नीरज कश्यप, चंद्रशेखर चौधरी, श्रवण साहू ने संबोधित किया।

संचालन राजेश विश्वकर्मा ने किया। आयोजक प्रदेश सचिव अजय उर्फ कल्लू यादव ने सभी के प्रति आभार जताते हुए कहा कि सपा ही प्रदेश में भाजपा को हराने में सक्षम है। कार्यक्रम में देव सिंह यादव, संजय यादव, गोपाल बजाज, रणबहादुर, विजय यादव, मनप्यारे निषाद, मान सिंह यादव, मायाराम वर्मा, ओमप्रकाश वारसी, सलीम खान, अनीता प्रजापति, छाया प्रजापति, अरुण यादव, अंशु सोनकर, कृष्ण कुमार प्रजापति सहित हजारों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### यूपी पुलिस परीक्षा में 65 अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित

**मौदहा।** उत्तर प्रदेश पुलिस बोर्ड की लिखित परीक्षा अंतिम दिन रविवार 18 फरवरी को दो पालियों में सकुशल संपन्न हुई। जिसमें कुल पंजीकृत 1008 परीक्षार्थियों में से 65 ने कड़ाई के चलते परीक्षा छोड़ दी। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती बोर्ड की लिखित परीक्षा 17 एवं 18 को आयोजित हुई। जिसमें अंतिम दिन कस्बे के एक मात्र परीक्षा केंद्र रहमानियां इंटर कालेज में परीक्षा आयोजित हुई। जिसमें सुबह प्रथम पाली में कुल पंजीकृत 504 अभ्यर्थियों में 476 ने परीक्षा दी और द्वितीय पाली में 504 में 467 ने परीक्षा दी। इसी तरह दोनों पालियों में कुल 65 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ी दी है। परीक्षा केंद्र पर अपर जिलाधिकारी एवं अपर पुलिस अधीक्षक सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी। दोनों दिनों की परीक्षाएं सकुशल संपन्न हो गई। परीक्षा के दौरान ट्रेनर एवं सेंट्रल इंचार्ज डॉ शिवकुमार अपनी ड्यूटी में डटे रहे।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद – राठ (हमीरपुर)** स्वच्छ सर्वेक्षण 2023

पत्रांक: 1561 / न0पा0 प0– राठ / म्यु0सू0 /2023–24/ दिनांक: 27/01/2024

सूचना प्रकाशन

(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक / आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो यह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | कर निर्धारण / नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती पचिया देवी पत्नी जयकरन साहू | श्री भानप्रताप पुत्र चतुर्भुज | सिकन्दरपुर–3 | 05 | पंजीकृत विक्रय पत्र |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, राठ – हमीरपुर

# कड़ी सुरक्षा के बीच शांति से संपन्न हुई पुलिस भर्ती परीक्षा

## परीक्षार्थियों को डेढ़ घंटे पहले परीक्षा केंद्रों के अंदर लिया गया, सघन तलाशी के बाद भेजा गया क्लास रूम में

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश आरक्षी नागरिक पुलिस पदों पर सीधी भर्ती की लिखित परीक्षा के आखिरी दिन रविवार को शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा संपन्न हुई। परीक्षा में शामिल होने के लिए सुबह से ही परीक्षा केंद्रों में परीक्षार्थियों की भीड़ जमा हो गई। बैग एण्ड बैगेज के साथ परीक्षार्थी केंद्रों के बाहर अपना सामान रखने के लिए जुट गए, इसके बाद परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने से पहले लगभग डेढ़ घंटे पहले केंद्रों के अंदर कर लिया गया, जहां पर सघन चेकिंग के बाद परीक्षार्थियों को परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया गया। परीक्षा निर्धारित समय से शुरू हुई और समाप्त होने के बीस मिनट बाद कापियों का मिलान करने के बाद परीक्षार्थियों को छोड़ा गया। परीक्षार्थियों के छूटते ही सड़कों पर परीक्षार्थियों का भारी हुजूम नजर आने लगा।

पहली पाली में सुबह 10 से 12 बजे तक पुलिस भर्ती परीक्षा संपन्न हुई। परीक्षा कक्ष निरीक्षकों की कड़ी निगरानी के बीच परीक्षा दो घंटे तक चली। परीक्षा दौरान कक्ष निरीक्षक बराबर राउंड करते रहे, जिससे कोई भी परीक्षार्थी नकल करते नहीं पाया गया। इतना ही नहीं समय समय पर जोनल सेक्टर मजिस्ट्रेटों के अलावा प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी भी परीक्षा केंद्रों का जायजा लेते रहे। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच परीक्षा संपन्न कराई गई। परीक्षा केंद्रों के बाहर पुलिस फोर्स तैनात रहा, जिससे गेट के आसपास कोई भी नहीं आ सका।

परीक्षा केंद्रों के बाहर परीक्षार्थियों के सामान रखने के लिए लगाए गए टेंट में भी महिला और पुरुष कर्मचारी तैनात किए गए। परीक्षार्थियों को परीक्षा कक्ष के अंदर कोई भी प्रतिबंधित वस्तु नहीं ले जाने दी गई, यहां तक की परीक्षार्थियों के हाथों से घड़ी भी उतरवा ली गई।

जिले के राजकीय पालिटेक्निक, मां चंद्रिका महिला महाविद्यालय, राजकीय बालिका इंटर कालेज, राजकीय मकुंदलाल इंटर कालेज, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज, संत जोसफ्स स्कूल, सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कालेज सहित 18 परीक्षा केंद्र बनाए गए, जहां पर दूर दराज से आए परीक्षार्थियों ने परीक्षा केंद्रों में समय से पहुंचकर परीक्षा दी। भूलवश कुछ परीक्षार्थी परीक्षा शुरू होने से आधा घंटे पहले ही पहुंचे, उन्हें परीक्षा में शामिल कर लिया गया, जबकि परीक्षार्थियों को डेढ घंटे पहले प्रवेश दिए जाने के निर्देश जारी कर दिए गए थे।


परीक्षा केंद्र में जाने के लिए लाइन में खड़े परीक्षार्थी। अमृत विचार


पेपर छूटने के बाद बाहर निकलते परीक्षार्थी ।

- प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी भी परीक्षा केंद्रों का लेते रहे जायजा

### बस स्टैंड और रेलवे स्टेशनों में उमड़ा परीक्षार्थियों का रेला

पुलिस भर्ती परीक्षा के आखिरी दिन परीक्षा छूटने के बाद अपने अपने घर जाने के लिए परीक्षार्थियों का रेला रोडवेज और रेलवे स्टेशनों पर उमड़ पड़ा, जिससे रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड परीक्षार्थियों से खचाखच भरे होने के कारण बसों में अन्य यात्रियों को भारी मशक्कत के साथ यात्रा करनी पड़ी। वहीं दूसरी तरफ भीड़ होने के कारण परीक्षार्थी बसों में खड़े होकर गंत्व्य स्थानों की ओर निकल गए। कमोवेश यही स्थिति रेलवे स्टेशन पर देखने को मिली, ट्रेने आते ही परीक्षार्थी से बोगियां खचाखच भर गई। परीक्षार्थियों की भीड़ के चलते अन्य यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ा।

### पश्चिम बंगाल, बिहार, हरियाणा सहित कई राज्यों से आए परीक्षार्थी

रोजगार पाने के लिए युवाओं ने पुलिस भर्ती परीक्षा में शामिल होने के लिए रिकार्ड तोड़ दिया। पहली दफा पुलिस भर्ती परीक्षा में एक एक हजार किमी. दूर से तमाम प्रांतों के बेरोजगारों ने जिले में आकर पुलिस परीक्षा में शामिल हुए। पश्चिम बंगाल, बिहार, छत्तीसगढ़, दिल्ली, राजस्थान, मध्यप्रदेश, हरियाणा सहित तमाम प्रांतो से सैकड़ों की संख्या में परीक्षार्थी महोबा पहुंचे।

### परीक्षा केंद्र दूर होने पर टेंपो चालकों की रही चांदी

जिला मुख्यालय में पांच पांच किमी. दूर तक बनाए गए परीक्षा केंद्रों में परीक्षार्थियों को लाने और ले जाने के लिए ईरिक्शा, आटो और टेंपो चालक सुबह से घरों से निकल लिए। हजारो की संख्या में परीक्षार्थियों के होने के कारण ई रिक्शा, टेंपों और आटो भी कम पड़ गए, जिससे वाहन चालकों ने कई कई ट्रिप लगाकर परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्रों पर समय से भेजकर कमाई भी खूब की। दो पालियो में परीक्षाएं होने से शाम के समय भी लाने ले जाने में वाहन चालक जुटे रहे।

परीक्षार्थियों की भारी भीड़ को देखते हुए सहायक संभागीय विभाग महोबा ने विभिन्न रूटों पर बसें लगा दी, जिससे परीक्षार्थियों को आने जाने में किसी भी तरह की असुविधा न हो। इतना ही नहीं दस बसें रोडवेज राठ से भी मंगा लकर लगा दी गई। कुछ बसों को कई कई ट्रिपों में चलाया गया, जिससे परीक्षार्थी समय से अपने अपने घर पहुंच सकें। रोडवेज महोबा में परीक्षार्थियों और यात्रियों को उनके गन्तव्य स्थानों तक भेजे जाने के लिए पर्याप्त बसों की व्यवस्था की गई। प्रत्येक मार्ग पर बसों को समय से भेजा गया।

राजेंद्र सिंह एआरएम महोबा


दूल्हे के वेश में परीक्षा देने आया परीक्षार्थी। अमृत विचार

# बारात ले जाने से पहले दूल्हे ने दी पुलिस भर्ती की परीक्षा

कार्यालय संवाददाता महोबा

- दूल्हे के पेपर देकर आने के बाद गई बारात, सभी ने की युवक की सराहना

**अमृत विचार।** यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा में शादी की रस्मों से पहले एक दूल्हा परीक्षा देने परीक्षा केंद्र पहुंच गया। जिसे देखकर सभी लोगो ने उसका हौसला बढ़ाया। पुलिस की लिखित परीक्षा देने के बाद दूल्हा बारात लेकर बांदा के लिए रवाना हुआ जहां पर शादी की सारी रस्में हुई।

जिले के ग्राम मुरारी निवासी प्रशांत यादव घर पर शादी की रस्म अदा करके पेपर देने आए दूल्हे को देख उसके इस फैसले की लोग प्रशंसा कर रहे है। शादी की तिथियां पहले ही तय हो चुकी थी इसके बाद शादी के दिन की परीक्षा की तिथि भी घोषित हो गई दूल्हा प्रशांत की बारात बांदा जानी थी बारात जाने के लिए सारी तैयारियां चल रही थी तभी दूल्हा ने पहले परीक्षा देने की बात कही, बाराती भी बारात में जाने के लिए तैयार होकर आ चुके थे लेकिन दूल्हा परीक्षा देने चला गया इससे बाराती दूल्हे के आने का इंतजार करते रहे दूल्हा के आने के बाद बारात बांदा रवाना हुई जहां पर शादी की सारी रस्में हुई। दूल्हा बनकर परीक्षा देने आए युवक की ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मचारी और कक्ष निरीक्षकों ने भी सराहना की।

# मुख्य मार्ग का निर्माण न होने से परेशानी

संवाददाता, बेलाताल महोबा

- मार्ग स्वीकृत होने के बाद भी लोनिवि. साधे हुए है चुप्पी
- एक किमी. तक की सड़क बन गई है बाकी गिट्टी डाल कर छोड़ी

**अमृत विचार।** कुलपहाड़ नौगांव राज्यमार्ग में कस्बा बेलाताल के मुख्य मार्ग का निर्माण न होने से सारा दिन धूल उड़ने से बेलाताल नगर नरक बन गया है। सड़क किनारे रहने वाले लोगों का जीना दुश्वार हो गया है। घरों में घुस रही धूल से खानपान भी प्रभावित हो रहा है। दरवाजों पर रखी बाइक, स्कूटी व अन्य सामान पर धूल की परत जम जाती है, यहां के वाशिंदों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है, सबसे ज्यादा दिक्कत सारा दिन घरों के अंदर धूल जाने और गिट्टी उछलकर दरवाजे पर बैठे लोगों को लगने से हो रही है।

नगर बेलाताल का मुख्य मार्ग बनाए जाने के लिए शासन से स्वीकृति मिल चुकी है। लोक निर्माण विभाग ने गड्ढायुक्त मार्ग में गिट्टी और डस्ट डाल दी है, जिससे सारा दिन ट्रक, बस व अन्य बड़े वाहन निकलने से सारा दिन धूल उड़ती रहती है, इससे आसपास के लोगों की मुसीबत बढ़ गई है। हालत यह है कि सुबह से देर रात तक वाहनों के सरपट दौड़ने से सड़क के दोनो तरफ रहने वाले लोग घरों से नहीं निकल पाते हैं। सारा दिन दरवाजे और खिड़कियां बंद रखने के बाद भी धूल घरों के अंदर पहुंच जाती है।

धूल के गुबार से जहां वृद्ध लोगों को खांसी और सांस की समस्या बढ़ने लगी है, वहीं महिलाएं भी सारा दिन झाड़ू लगाकर परेशान है, बावजूद इसके लोक निर्माण विभाग अधिकारी कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। ब्लाक से एक किमी. तक की सड़क का निर्माण करा दिया गया, जबकि दो किमी. मार्ग पर गिट्टी और डस्ट डालकर छोड़ दिया गया है, जिससे वाहनों के चलने से सारा दिन डस्ट और धूल ने सड़क किनारे के वाशिंदों को नारकीय जीवन जीने को मजबूर कर दिया है।


अधूरा पड़ा मार्ग। अमृत विचार

# सार्वजनिक स्थान पर जुआं खेल रहे तीन लोग गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देश पर जिले में सटोरियों, व जुआरियों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने के लिये थानाध्यक्षों, कोतवाली प्रभारियों को निर्देश दिए गए थे, जिसके तहत चरखारी पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआं खेल रहे तीन जुआरियों को दबोचा लिया गया ।

थाना चरखारी उपनिरीक्षक राजेश कुमार अपने साथी संदीप कुमार, गौरव बरसैया व अन्य कांस्टेबलों के साथ गश्त कर रहे थे, तभी पुलिस ने देखा की कुछ लोग जुआं खेल रहे हैं और पुलिस को देखकर भागने लगे, पुलिस ने घेराबंदी कर मंगल यादव, दिलीप यादव निवासीगण ग्राम नरेडी चरखारी व पंकज राजपूत ग्राम पवा श्रीनगर को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर जुआरियों के पास से मालफड़ से एक हजार रुपये, जामा तलाशी से छह सौ रुपये, दो मोबाइल बरामद किए गए।

### वांछित अभियुत गिरफ्तार

**महोबा।** आला अफसरों द्वारा थाना चरखारी में उपनिरीक्षक के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई, जिसने चेकिंग अभियान करते समय एक नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के बाद फरार चल रहे अभियुक्त को थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। उपनिरीक्षक भगवानदीन व अन्य पुलिस कर्मी द्वारा चेकिंग अभियान चला रहे थे, तभी मुखबिर की सूचना पर पुलिस न नवलकिशोर (21) पुत्र मान सिंह यादव निवासी ग्राम इमलियाडांग को बब्बाजू गेट के सामने से घेराबंदी कर पकड़ लिया। अभियुक्त के खिलाफ थाना चरखारी में विभिन्न धाराओं में अभियोग पंजीकृत हैं। अभियुक्त के खिलाफ पुलिस ने अग्रिम कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया।

# भाजपा सरकार आने के बाद संविधान खतरे में : राजपाल

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के अध्यक्ष एवं पूर्व एमएलसी राजपाल कश्यप ने कहा कि भाजपा सरकार के आने के बाद बाबा साहब का संविधान खतरे में है और अब लोकतंत्र को बचाने की जरूरत है। भाजपा के आने के बाद महंगाई बढ़ी है और हर साल दो करोड़ लोगों को भाजपा द्वारा नौकरी देने का दावा हवाहवाई साबित हो रहा है, उल्टा हर साल दो करोड़ लोग बेरोजगार हो रहे हैं। उन्होंने अरोप लगाया कि निकाय चुनाव में सत्ता पक्ष ने सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग कर बेईमानी से तमाम नगर पालिका, नगर पंचायत पदों की सीटें जीती हैं। भाजपा पूरी तरह से तानाशाह बनी हुई है।

रविवार को पूर्व एमएलसी समाजवादी पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लोगों के मौलिक अधिकार जीवित रहें, इसलिए लोकतंत्र की रक्षा की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भाजपा में महान झूठे लोग बैठे हुए हैं, जब बुंदेलखंड में पानी के त्राहि .त्राहि मची हुई थी, उस समय भाजपा की सरकार ने बुंदेलखंड में बिना पानी के खाली ट्रेन भेज दी थी। भाजपा ने कहा था कि किसानों की आय दो गुनी कर देगे, लेकिन किसानों की आय आधी रह गई है, किसानों को एमएसपी दो, किसानों को मुफ्त बिजली दो, लेकिन सरकार इससे दूर भाग रही है, उल्टा किसानों पर आंसू गैस और लाठियां चटकाई जा रही हैं। भाजपा किसानों को खत्म करना चाहती है। भाजपा सरकार के शासन में बढ़ती महंगाई ने लोगों की कमर तोड़ दी है। दो लाख से ज्यादा शिक्षामित्रों को सपा शासन में शिक्षक पद पर नौकरी दी थी, लेकिन भाजपा सरकार में उनकी नौकरी चली गई अब उन्हें दस हजार मानदेय दिया जा रहा है। हर साल शिक्षित बेरोजगारों की संख्या बढ़ रही है।


पत्रकार वार्ता करते पूर्व एमएलसी राजपाल कश्यप। अमृत विचार

- किसानों की आय दो गुनी होने के बजाय रह गई आधी

# पेयजल योजना की मोटर फुंकी, पेयजल आपूर्ति ठप

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** विकासखंड क्षेत्र के जखेला गांव में एकल पेयजल योजना का नलकूप का मोटर पंप जल जाने से बीते दो जाने से पेयजल आपूर्ति न होने से ग्रामीणों को गांव के बाहर लगे हैंडपंप व निजी नलकूपों से पानी भरने को विवश हो रहे हैं।

जखेला गांव में बीते दो दिनों पूर्व से एकल पेयजल योजना का मोटर पंप फुक जाने से पेयजल आपूर्ति व्यवस्था धड़ाम हो गई है। जिससे गांव के ग्रामीणों को गांव के बाहर लगे हैंडपंपों व निजी नलकूपों से पानी भरने को विवस होना पड़ रहा है। गांव निवासी श्रीपाल गुप्ता, रामू शर्मा आदि ने बताया कि गांव के अंदर ऊंचाई वाले मोहल्ले में लगे अधिकांश हैंडपंप खारा पानी देने से मोहल्ले के लोग हैंडपंप से पानी नहीं भरते हैं। वहीं गांव के बाहर लगे हैंडपंप व निजी नलकूपों का पानी मीठा है जिससे पीने के लिए गांव के बाहर से पानी लाने को मजबूर हैं।

# जीबीसी-4 कार्यक्रम का सजीव प्रसारण आज

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- वीरभूमि महाविद्यालय और तहसील सभागार चरखारी में आयोजित होगा कार्यक्रम

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट-2023 के सफल आयोजन के बाद अब शासन द्वारा ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-4 का लखनऊ में आयोजन 19 फरवरी को किया जा रहा है। जिसके तहत वीरभूमि महाविद्यालय महोबा, तहसील सभागार चरखारी में 19 फरवरी को जिले के उद्यमियों, निवेशकों के सजीव प्रसारण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

सभी निवेशकों को इस सजीव प्रसारण कार्यक्रम के आमंत्रित भी किया गया है। जिला सूचना कार्यालय द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि उपायुक्त उद्योग ने जनपद महोबा के समस्त उद्यमियों, निवेशकों, उद्योगपतियों, औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों को उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट- 2023 के सफल आयोजन के उपरांत उत्तर प्रदेश शासन द्वारा ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी-4 का आयोजन दिनांक 19 फरवरी को इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रस्तावित है। जनपद महोबा के लिए अब तक निवेशकों द्वारा 127 एमओयू (इच्छा पत्र) हुये है, जिसके सापेक्ष निवेश धनराशि 13345.00 करोड़ रुपये है और इनमें से कुल 68 निवेश के प्रस्ताव जीबीसी के लिए तैयार हैं। 67 में से 22 प्रस्ताव दस करोड़ या इससे अधिक धनराशि में है तथा 46 प्रस्ताव दस करोड़ से कम धनराशि के है।

बताया कि 10 करोड़ से अधिक धनराशि वाले निवशकों को कार्यक्रम के लिए लखनऊ आमंत्रित किया गया है तथा शेष निवेशकों के लिए जनपद स्तर पर सजीव प्रसारण कार्यकम कराया जाना है। जनपद के उद्यमियों, निवेशकों, संगठनों द्वारा प्राप्त एमओयू कार्यकम का संजीव प्रसारण महोबा विधान सभा अंतर्गत राजकीय वीरभूमि महाविद्यालय, महोबा तथा चरखारी विधान सभा अंतर्गत तहसील सभागार चरखारी में किया जाना है। सभी सदस्यों से आने की अपील की गई है।

एमओयू से जुड़े सभी सदस्य से अनुरोध है कि 19 फरवरी को उर्पयुक्त स्थलों पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर उक्त कार्यक्रम को सफल बनाये जाने की अपील की है।

# जिले के युवक को पीएम ने दिया नियुक्ति पत्र

संवाददाता, जैतपुर महोबा

- फार्मासिस्ट के बेटे की कामयाबी पर पिता को खिलाई मिठाई
- सीआरपीएफ के हेड कांस्टेबल पद पर हुई नियुक्ति

**अमृत विचार।** पशु चिकित्सालय जैतपुर में कार्यरत फार्मासिस्ट के पुत्र का सीआरपीएफ के हेड कांस्टेबल पद पर नियुक्ति होने पर जवान को प्रधानमंत्री नरेंद मोदी ने नियुक्ति पत्र देकर युवक का उत्साह बढ़ाया। प्रशिक्षण के बाद हेड कांस्टेबल मंत्रालय में नियुक्त किया जाएगा, जिससे कस्बा जैतपुर में खुशी की लहर दौड़ गई है। कस्बा वासियों ने फार्मासिस्ट के बेटे की इस कामयाबी पर पिता को मिठाई खिलाकर खुशी जताई। परिजनों के साथ साथ क्षेत्र के लोगों में भी खुशी का माहौल देखा गया। और लोगों ने उसके घर जाकर परिजनों का मुंह मीठा कराया।

जिला मुख्यालय उरई निवासी लालता प्रसाद पशु चिकित्सालय जैतपुर मीं फार्मासिस्ट के पद पर तैनात है। इनके बेटे मुनेश कुमार का सीआरपीएफ में चयन होने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उसे नियुक्ति पत्र मिलने से परिवार के लोगों के अलावा बेलाताल कस्बा वासी भी खुश हैं।

मोदी के हाथों नियुक्ति पत्र पाकर मुनेश भी खुशी से फूला नहीं समा रहा है। युवक ने बताया कि उनका प्रशिक्षण ग्वालियर में कराया जाएगा, वह प्रशिक्षण में जाने के लिए तैयार है, प्रशिक्षण पूरा होने के बाद उसे हेड कांस्टेबल मंत्रालय में सेवा करने का मौका मिलेगा। उसने बताया कि अभी अमेठी में ज्वानिंग की है, इसके बाद प्रशिक्षण दिया जाएगा, प्रशिक्षण के बाद उसे हेड मंत्रालय भेजा जाएगा।

कस्बा वासियों ने फार्मासिस्ट के बेटे की इस कामयाबी पर पिता को मिठाई खिलाई।


नियुक्ति पत्र व अपने परिजनों के साथ अभ्यर्थी।

हॉकी टूर्नामेंट

## विजेता टीम को 50 हजार रुपया एवं ट्राफी तथा उपविजेता को 25 हजार रुपया एवं शील्ड प्रदान की गई

# बलरामपुर को हराकर झांसी ने ट्राफी पर जमाया कब्जा

संवाददाता चरखारी, महोबा

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय बुंदेलखंड हॉकी टूर्नामेंट में झांसी की टीम ने बलरामपुर को 2 -0 से हराकर ट्राफी पर कब्जा कर किया। सात दिनों तक चले टूर्नामेंट के समापन पर विजेता टीम को 50 हजार रुपया एवं ट्राफी तथा उपविजेता को 25 हजार रुपया एवं शील्ड प्रदान की गई।

स्थानीय डाक बंगला खेल मैदान में आयोजित फाइनल मैच का उद्घाटन एसडीएम प्रदीप कुमार, कमलेश सक्सेना, राजघराने की राजकुमारी जयति सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। फाइनल मैच की विसिल बजते ही झांसी की टीम ने बलरामपुर की टीम पर जोरदार हमला बोला और खेल शुरू होते ही 5 मिनट में दो गोल दाग दिए। खेल के पहले हाफ के चौथे मिनट में ही झांसी के रिषभ ने फील्ड गोल कर दिया और जब तक बलरामपुर की टीम कुछ समझ पाती कि इससे पहले एक मिनट बाद ही झांसी के इरफान खान ने दूसरा गोल करते हुए अपनी टीम को 2–0 की बढ़त दिला दी। 5 मिनट में दो गोल से पिछड़ने के बाद बलरामपुर की टीम बुरी तरह लड़खड़ा गई और बचाव में आ गई। हालांकि बलरामपुर की टीम को 5 मिनट के अंदर ही तीन पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन बलरामपुर की टीम इसका लाभ नहीं उठा सकी। पहले हाफ के बाद दोनों ही टीमें कोई गोल नहीं कर सकीं और झांसी ने 2–0 से फाइनल मैच जीत लिया। फाइनल मैच में फिरोजदाद एवं सुनील चौधरी तथा अमित रिजर्व अम्पायर रहे। खेल के दोरान इण्डियन ओलम्पियन एवं एशिया कप टीम के खिलड़ी रहे यूसुफ खान आब्जर्वर रहे।

मैच के समापन पर विजेता टीम को 50 हजार रुपया नकद व ट्राफी प्रदान की गयी जबकि उप विजेता बलरामपुर को 25 हजार रुपया तथा शील्ड प्रदान की गयी। राजघराने की राजकुमारी जयतिदेवी पूरे मैच के दौरान मोजूद रहीं तथा गोल दागने वाले खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार अपनी ओर से दिए। समापन सत्र में समाज सेवी शिव कुमार गोस्वामी, आरआरएसएस जिला संयोजक ओमशंकर श्रीवास्तव, केप्टन कृष्ण जोश, विधायक प्रतिनिधि उदित राजपूत, गुन्नी घोष, दादा कन्हैयालाल, डॉ० कमलेश सक्सेना, रिटायर्ड सीओ रविन्द्र पाठक, रमन गोस्वामी, जहीरूल इस्लाम, नगर अध्यक्ष भाजपा रजनीश गुप्ता, ब्लाक प्रमुख जैतपुर, राम महाराज, पियूष खरे, कुलदीप भटनागर, राशिद आदि रहे।


पेनल्टी कॉर्नर से गोल करने का प्रयास करते खिलाड़ी। अमृत विचार


ट्रॉफी देकर झांसी के कप्तान को सम्मानित करते भाजपा नेता। अमृत विचार

# दुर्घटना में एक परीक्षार्थी की मौत, नौ हुए घायल

## पुलिस भर्ती परीक्षा देकर कन्नौज लौटते समय एक्सप्रेस वे पर हादसा

कार्यालय संवाददाता, उरई


मनोज कुमार।


दुर्घटनाग्रस्त कार। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पुलिस भर्ती परीक्षा देकर कार से लौट रहे परीक्षियों से भरी कार को डंपर ने बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर डंपर ने टक्कर मार दी। टक्कर से कार के परखचे उड़ गए। वहीं एक परीक्षार्थी की मौत हो गई। कार सवार नौ परीक्षार्थी घायल हो गए। दुर्घटना रविवार दोपहर दो बजे की है। शनिवार को कन्नौज से पुलिस परीक्षा देने अर्टिगा कार से 10 परीक्षार्थी झांसी गए थे। परीक्षा देकर बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे से कन्नौज वापस जा रहे थे। तभी रात 2 बजे कुठौंद थाना क्षेत्र के हरसिंगपुर के पास परीक्षार्थियों की तेज रफ्तार जा रही अर्टिगा कार डंपर से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। कार में बैठे लोगों की मची चीख पुकार सुनकर नजदीकी गांव के लोग दौड़ पड़े। ग्रामीण उस समय खेतो में सिंचाई कर रहे थे। किसानों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को नजदीक के अस्पताल पहुंचाया। इस भीषण दुर्घटना में पुलिस परीक्षार्थी मनोज कुमार पुत्र राम विलास निवासी ग्राम सरसई जिला कन्नौज की मौत हो गई। तीन का इलाज मेडिकल कालेज उरई में चल रहा है। बाकी 6 परीक्षार्थियों को मामूली छोटे आने की वजह प्राथमिक उपचार कर छुट्टी दे दी गई है।

- कुठौंद थाना क्षेत्र में बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर डंपर से टकराई कार


कालपी में लगे शिविर में रोगियों को देखते चिकित्सक। अमृत विचार

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लगा स्वास्थ्य शिविर

सवाददाता, कालपी-जालौन

- कालपी में हुआ आयोजन, सौ मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया

**अमृत विचार।** रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ जिसमे लगभग एक सैकडो मरीजो का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

विदित हो कि सरकारी अस्पतालों में रविवार को ओ पी डी बन्द रहती है लेकिन शासन ने इस दिन स्वास्थ्य विभाग को सभी सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य शिविर लगाने के निर्देश दिए हैं और इसी के चलते रविवार को सी एच सी में चिकित्सा अधीक्षक डा दिनेश गुप्ता के नेतृत्व मे शिविर का आयोजन हुआ जिसमे डाक्टरो की टीम ने 97 मरीजो का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवा व सलाह दी। अधीक्षक के मुताबिक अस्पताल में मरीजो के इलाज की व्यवस्था 24 घन्टे रहती है और स्वास्थ्य खराब होने पर वह किसी भी समय आ सकता है। शिविर के दौरान डा विशाल सचान, डा गोपाल जी द्विवेदी, फार्मासिस्ट कुलदीप सचान, के अलावा सन्तोष सोनी, हरिऔम सहितअस्पताल के सभी कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# डंपर ने निरीक्षक के वाहन को मारी टक्कर

संवाददाता, कुठौंद-जालौन

- डंपर में ढोई जा रही बालू की रॉयल्टी भी नहीं दी गई थी
- डंपर में कागजात व नंबर प्लेट तक नहीं लगी
- खनन निरीक्षक बाल-बाल बचे, डंपर बुरी तरह क्षतिग्रस्त चालक घायल


खनन निरीक्षक के वाहन को टक्कर मारने वाला डंपर।

**अमृत विचार।** जालौन में बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर बिना रॉयल्टी बालू ढो रहे डंपर ने खनिज इंस्पेक्टर की गाड़ी में टक्कर मार दी। दुर्घटना में खनिज अधिकारी तो बाल-बाल बच गए, लेकिन डंपर चालक घायल हो गया।

जालौन में बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर दोपहर की समय औरैया की तरफ चेकिंग के लिए जा रहे खनिज इंस्पेक्टर की खड़ी गाड़ी में बिना कागजात व बिना नम्बर के मोरम लाद कर ले जा रहा डंपर ने पीछे से टक्कर मार दी जिसमें खनिज विभाग की गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई वहीं खनिज इंस्पेक्टर हादसे में बाल बाल बच गए हादसे में डंपर चालक घायल हो गया वहां से गुजर रहे राहगीरों ने केविन में फंसे चालक को बाहर निकाल कर एंबुलेंस की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसका उपचार चल रहा है वही खनिज इंस्पेक्टर ने थाने को लिखित सूचना दी सूचना पर पहुंची पुलिस ने डंपर को अपने कब्जे में लेकर थाने में खड़ा कराया वहीं खनिज विभाग ने भी अपनी कार्रवाई करते हुए ऑनलाइन चालान डंपर का किया गया। घटना बुंदेलखंड एक्सप्रेस पर किलोमीटर संख्या 229 के करीब हुई। खनिज इस्पेक्टर आनंद कुमार अपनी वाहन से औरैया की तरफ जा रहे थे तभी अचानक उनकी तबीयत खराब हो गई और वह अपने वाहन को बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर खड़ा करके बाहर खड़े हुए थे इस दौरान बिना कागजात बिना नंबर पर के डंपर ने तेजी व लापरवाही से चलते हुए खनिज इंस्पेक्टर के वाहन में जोरदार टक्कर मार दी जिससे खनिज विभाग का वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वही हादसे में खनिज इंस्पेक्टर बाल बाल बच गए हादसे में डंपर चालक घायल हो गया वहां से गुजर रहे हैं राहगीरों ने तत्काल डंपर केबिन में फंसे चालक को बाहर निकलकर एंबुलेंस की मदद से उसे अस्पताल में भर्ती कराया सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने डंपर को अपने कब्जे में लेकर थाने में खड़ा कराया वही खनिज इंस्पेक्टर आनंद कुमार ने बताया कि जब डंपर की डिटेल ऑनलाइन निकल गई तो वहां बिना वैध प्रपत्र द्वारा ओवरलोड बालू मोरम भरकर जा रहा था जिसका ऑनलाइन चालान किया गया है।

# 361 दिव्यांगों को दिए गए उपकरण

कार्यालय संवाददाता, उरई-जालौन


वयोश्री योजना के तहत उपकरण का वितरण। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कालपी विधान सभा क्षेत्र के कदौरा विकास खंड के प्रांगण में राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत बरिष्ट नागरिको हेतु जीवन सहायक उपकरण वितरण समारोह का आयोजन किया गया जिसमें 361 दिव्यांगों लाभार्थियों को 1643 उपकरणों का वितरण किया गया। जिसमे व्हीलचेयर, चश्मा, दांत, रीड की बैल्ट, बाकर, गर्दन का पट्टा आदि उपकरण का वितरण किया गया।

इस दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख लक्ष्मी देवी ने की कार्य क्रम में विशिष्ट अतिथि अतर सिंह पाल जिला पंचायत सदस्य अकबरपुर इटौरा ने कहा कि दिव्यांगजनो को योजना का लाभ दिया जा रहा है जो दिव्यांग रह गये है उनका रजिस्ट्रेशन किया जा रहा उनका रजिस्ट्रेशन क्षेत्र के सम्बन्धित क्षेत्र पंचायत सदस्य एवम ग्राम प्रधान जल्द वृद्घजनों को योजना का लाभ दिलाए। इस दौरान व्लाक प्रमुख लक्ष्मी देवी, ने सभी को उपकरण वितरण कर सभी सम्मानित अतिथियों का हृदय से आभार व्यक्त किया कार्यक्रम की सयोजक खण्ड विकास अधिकारी प्रतिभा शल्य ने कहा जो भी दिव्यांग रह गए हो वह सम्बन्धित ग्राम प्रधान के द्वारा 60 साल से अधिक उम्र के ब्रद्धजनों के फार्म ऑनलाइन कराए उपस्थित पूर्व मण्डल अध्यक्ष जगदीश पाल, एडीओ पंचायत संतोष कुमार गौतम, एडीओ रितेश कुमार, नुसरत बाबू, ग्रिजेस चंद्र जेई, प्रधान सुरेश पाल, नवनीत मिश्रा, भारतीय कृषिम अंग निर्माण निगम एलिम्को अवर प्रबंधक चंदन कुमार चांद, अवर प्रबंधक विकास कुमार, ग्राम विकास अधिकारी नवीन सिंह, विशेषज्ञ बृजेश शुक्ला रामसिंह कुशवाहा सहित छेत्र के काफी संख्या में प्रधान और ग्राम विकास अधिकारी एवं वृद्ध दिव्यांगजन मौजूद रहे।

- कदौरा विकास खंड में वयोश्री योजना के तहत वितरण को आए 1643 उपकरण

# दुकानदारों को अतिक्रमण हटाने के निर्देश

**उरई।** कालपी तहसील अंतर्गत जोल्हूपुर में राजस्व व पी डब्लू डी के अधिकारियों ने मदारीपुर रोड तिराहे में की नापजोख कर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। तहसील दिवस में यहां से अतिक्रमण हटाने की मांग की गई थी।

जोल्हू पुर गांव निवासी बबली पत्नी देवेंद्र सिंह ने तहसील समाधान दिवस में उप जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर अपनी जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की थी। बबली ने एसडीएम को बताया था कि मदारीपुर तिराहे की उसकी जमीन पर दुकानदारों व गेस्ट हाउस मालिक द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है। मना करने पर अतिक्रमण कारी दुकानदार उसके साथ अभद्रता करते हैं। राजस्व व लोक निर्माण विभाग की टीम ने मौके पर अतिक्रमण पाया। कई घंटे हुई नापजोख के बाद दुकानदारों को दुकानें हटाने को कहा

# पशु चिकित्सा वाहन चले घर पहुंचकर करेंगे इलाज


संचालित पशु चिकित्सा वाहन। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, उरई

**अमृत विचार।** पशु बीमार होने पर 1962 डायल करने पर घर पर बीमार पशु का इलाज होगा। जनपद में पशु पालन विभाग की ओर से 6 आपातकालीन पशु चिकित्सा वाहन विकास खण्ड रामपुरा, जालौन, कोंच, महेवा, कदौरा व डकोर में संचालित है। इन वाहनों में एक पशुचिकित्सक व एक एमपीटी सहायक तैनात है।

मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी निर्मल सिंह ने बताया कि जनपद के किसी भी क्षेत्र से 1962 डायल करने पर आपके दरवाजे पर अतिशीघ्र पशुचिकित्सा वाहन आकर बीमार पशु का इलाज करेंगे उपरोक्त वाहन आपात कालीन सेवाओं के आलावा दूरस्थ ग्रामों में जाकर कैम्प भी आयोजित करेंगे।

रामपुरा में डा. नीरज महेवा, डा. संजय कुमार कदौरा, डा. रमेश कुशवाहा कोंच, डा. रूपेन्द्र सिंह डकोर रवि कुमार जालौन, डा. हेमन्त सिंह पशु चिकित्सक कार्यरत है तथा जनपद के नोडल अधिकारी डा. रवीन्द्र सिंह मो.नं. 9415895590 से भी इस सुविधा का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

## सार-संक्षेप

### महाराणा प्रताप की मूर्ति तक पहुंचने को बनेंगी सीढियां

**उरई।** करनी सेना ने नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय चौधरी को ज्ञापन देकर शहर में स्थापित महाराणा प्रताप की मूर्ति के रखरखाव तथा विभिन्न अवसरों में माल्यार्पण करने में सुविधा के लिए सीढ़ी बनवाने की मांग की। अध्यक्ष प्रतिनिधि ने मूर्ति तक पहुंचने के लिए सीढ़ी बनवाने का आश्वासन दिया। करनी सेना के बुंदेलखंड प्रभारी देवेंद्र प्रताप सिंह की अगुवाई में नगरपालिका प्रतिनिधि को मांग पत्र देते हुए ब्रजेंद्र प्रताप सिंह, अखिल सिंह सेंगर ने कहा कि महाराणा प्रताप जी की मूर्ति की ऊंचाई अधिक है। जिससे साफ नहीं हो पाती है तथा राष्ट्रीय पर्व या जयंती के अवसर पर माल्यार्पण करने में असुविधा होती है। करनी सेना के पदाधिकारियों की मांग स्वीकार करते हुए अध्यक्ष प्रतिनिधि ने अधिकारियों के साथ मौके में पहुंच कर महाराणा प्रताप की मूर्ति एवम स्थल का निरीक्षण किया। मूर्ति स्थल के आसपास की सफाई कराने व मूर्ति तक पहुंचने के लिए सीढ़ी लगवाने का आश्वासन दिया।

### 22 फरवरी से होने वाली उप्र बोर्ड परीक्षा के बंदोबस्त दुरुस्त

**माधौगढ।** आगामी 22 फरवरी से होने वाली बोर्ड परीक्षा के लिए सभी सेन्टरों राजमाता वैश्नी जू देव इंटर कॉलेज सहित अन्य सभी सेन्टरों में इंतजामात पूरे कर लिए गए है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए श्री राजमाता वैश्नी जूदेव इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य संतोष सिंह सेंगर ने बताया कि हमारे विद्यालय में कुल 404 छात्राएं परीक्षा देगी जिसमें हाई स्कूल की 212 एवं इंटरमीडिएट की 191 छात्राओं सहित एक दिव्यांग छात्र शामिल है। इन परीक्षार्थी छात्राओं के लिए सात परीक्षा कक्ष तैयार किए गए हैं जिसमें हवा एवं प्रकाश की उचित व्यवस्था है। नकल विहीन परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए प्रत्येक कक्षा में दो-दो सीसीटीवी कैमरा लगवाए गए हैं जो वॉइस रिकॉर्डर से युक्त होंगे, इसी प्रकार 16 सीसीटीवी कैमरा विद्यालय के प्रवेश द्वार, अंदर के मैदान, प्रधानाचार्य कक्ष एवं प्रत्येक अनिवार्य स्थल पर लगाए गए हैं। जिससे टीवी स्क्रीन पर हर समय संपूर्ण विद्यालय एवं परीक्षा कक्ष की एक-एक गतिविधि को परीक्षा केंद्र कंट्रोल रूम एवं जिला विद्यालय निरीक्षक जालौन उरई के यहां बने परीक्षा निगरानी कक्ष पर देखा जा सकेगा। प्रधानाचार्य सेंगर ने बताया कि परीक्षा केंद्र व्यवस्थापक के रूप में वह स्वयं एवं अतिरिक्त वाह्य केंद्र व्यवस्थापक के रूप में जीजीआईसी जगम्मनपुर की प्रधानाचार्य हेमलता एवं एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट होंगे।

# बैटरी ट्राइसाइकिल की मांग

कार्यालय संवाददाता, उरई


भाई की गोद में दिव्यांग देवेंद्र।

**अमृत विचार।** बैटरीचालित ट्राइसाइकिल की चाहत लेकर एक दिव्यांग एसडीएम की चौखट पर पहुंचा। वह एसडीएम कार्यालय भाई को गोद में गया। नैनापुर गांव निवासी 20 वर्षीय दिव्यांग देवेंद्र अपने भाई की गोद में लद कर पहुंचा एस डी एम जालौन के पास गया। देवेंद्र ने बताया कि वह जन्म से विकलांग है।

दोनो पैर पूरी तरह बेकार है। ब्लॉक द्वारा उसे हाथ से चलाने वाली साइकिल दी गई थी। शरीर में ताकत नहीं है जिससे वह हाथ से साइकिल चला सके। गोद में लिए विकलांग देवेंद्र के भाई ने बताया कि अपने भाई को गोद में कुठोंद ब्लॉक गया और बीडीओ से मिला तो उन्होंने कहा कि एसडीएम से जालौन जाकर मिलने को कहा। वही बैटरी साइकिल दिला सकते हैं। इसीलिए यहां आए हैं।

# शराब पिलाकर दो की जगह चार बीघा का कराया बैनामा

कार्यालय संवाददाता, उरई

**अमृत विचार।** दबंगों ने शराब पिलाकर दो की जगह चार बीघा का बैनामा करा लिया। शिकायत करने पर उसे भगा दिया और शेष भुगतान भी नहीं किया। उसने पुलिस क्षेत्रादिकारी को शिकायती पत्र पति के साथ जाकर दिया और इंसाफ की गुहार लगाई। सीओ ने जांच के आदेश दिए हैं। जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई का आस्वासन दिया है।


सीओ कोंच को शिकायती पत्र देने जाती पति प्रमोद के साथ ब्रह्मा देवी।

कोंच कोतवाली क्षेत्र के पचीपुरा गांव निवासी ब्रह्मा देवी अहिरवार ने सी ओ कोंच को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसके पति प्रमोद कुमार ने मोसम अग्निहोत्री पुत्र कैलाश अवस्थी से मोजा गोवर्धन पूरा की आराजी नंबर 38 जिसका रकबा 4.112 हे. है। इसमे से 2 बीघा 9 लाख 50 हजार में मौसम अग्निहोत्री पुत्र कैलाश अग्निहोत्री निवासी सुभाष नगर कोंच, नरेश पुत्र सियाराम निवासी गांधी नगर कोंच, और दिनेश कुमार से बेचना तय किया था। तीनों पार्टनरों ने 24 जनवरी को मेरे पति प्रमोद कुमार को शराब पिलाकर नशे में धुत कर दिया और दो बीघा की जगह उसी गाटा नम्बर में 4 बीघा खेत की रजिस्ट्री 2 बीघा की तय रकम 9 लाख 50 हजार में करा ली। इन लोगो का एक संगठित गिरोह है। बैनामे के समय मेरे पति को मात्र 50 हजार रुपए दिए। नशे में होने के कारण मेरे पति को पता ही नही चला कि क्या दिया, क्या नहीं। महिला ब्रह्मा देवी ने यह भी बताया कि बाकी 9 लाख रुपए अभी नही दिए। बैनामा हुए 24 दिन बीत गए। कई बार बाकी रुपए मांगने उक्त लोगो के घर गए तो दिनेश और नरेश ने कहा कि मौसम अग्निहोत्री के पास पैसे हैं उन्ही के घर जाकर ले लो। जब बाकी रुपए लेने व 2 बीघा की जगह 4 बीघा का बैनामा कराने की शिकायत करने मौसम अग्निहोत्री के घर गई तो उन्होंने जाति सूचक गालियां देते हुए भगा दिया। ब्रह्मा देवी ने शिकायती पत्र देते हुए कार्यवाही की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# डीएम, एसपी ने 14 परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, उरई (जालौन)

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ ईरज राजा द्वारा रविवार को सुबह 10 बजे से लेकर दूसरी पाली की शिक्षा संपन्न होने तक ताबड़तोड़

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा निष्पक्ष, शांतिपूर्ण आयोजित कराने में पूरी ताकत स्थानीय स्तर पर झोंक दी गई। कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा परीक्षा को नकलविहीन व सुचितापूर्ण सम्पन्न कराने के दृष्टिगत की गई कोशिश सफल रही। प्रथम पाली व द्वितीय पाली में परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर कड़े सुरक्षा इंतजाम किए।

### अधिकारियों की कड़ी मेहनत लाई रंग

**उरई।** परीक्षा के दौरान सीसीटीवी कैमरा, कंट्रोल रूम, जैमर आदि का अवलोकन कर जायजा लिया गया। उन्होंने सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट तथा केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिए की परीक्षा को स्वच्छतापूर्ण नकल विहीन एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न करायें। उन्होंने कहा कि परीक्षा में लगे स्टेटिक मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक आदि अधिकारियों ने जनपद में कुल 14 परीक्षा केंद्रों पर नकल विहीन, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा कराई।

वैदिक व ज्ञान यज्ञ — पांचवें दिन बनारस विद्यापीठ के आचार्य डॉ. राजेंद्र जी महाराज ने कही कथा

# दीन की सेवा कर शास्त्रोचित मार्ग पर चलना सच्ची पूजा

संवाददाता, माधौगढ़-जालौन


माधोगढ़ में कथा सुनते श्रद्धालु। अमृत विचार

**अमृत विचार।** गुरु माता-पिता व अपने जेष्ठय लोगों की आज्ञा मानते हुए दीन दुखियों व प्रत्येक प्राणी के हित की भावना से लोक कल्याण करते हुए शास्त्रों के बताए मार्ग पर चलना ही भगवान की सच्ची पूजा है।

जगमनपुर स्थित किला के सामने नजरबाग में हनुमान जी के मंदिर पर हो रहे वैदिक व ज्ञान यज्ञ के पांचवें दिन बनारस विद्यापीठ के विद्वान आचार्य डॉ. राजेंद्र जी महाराज (उरई) ने श्रीमद्भागवत पुराण के विभिन्न आख्यानों में ईश्वर के अनेक अवतारों की लीला का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ा धर्म दूसरों की पीड़ा से द्रवित होकर दुःखी प्राणी की सहायता करना है, जो मनुष्य साधु-संतों, गुरुजनों व माता-पिता की आज्ञा का पालन कर उनके बताए मार्ग पर चलते हुए दरिद्र नारायण की सेवा करता है तो वही राम-कृष्ण का सच्चा अनुयायी है।

आचार्य डॉ. राजेंद्र जी महाराज ने कहा कि अहंकार से जिसकी जिसकी गर्दन सदैव अकड़ी रहती है, जो लोग झूठ कपट बेईमानी व दूसरो को पीडा पहुंचाकर धन संग्रह करके भगवान की पूजा करने का दिखावा करते हैं। उन पर भगवान की कभी कृपा नहीं होती। छोटी माता मंदिर माधौगढ़ एवं शारदा मैया मंदिर हैदलपुरा के महंत श्री श्री 108 सुशील महाराज के मार्गदर्शन में हो रहे इस वैदिक एवं ज्ञान यज्ञ में छातरे (मध्य प्रदेश) के प्रसिद्ध कर्मकांडी विद्वान महंत श्री हेमंत दुबे के एवं उनके सहायक विद्वान ब्राह्मणों द्वारा यज्ञशाला में वैदिक ऋचाओं के साथ विभिन्न देवी - देवताओं को समर्पित आहुतियां भक्तभाव की अनुभूति कराती हैं। नित्य प्रातः 5 बजे से श्रीमद् भागवत के मूल पाठ के श्लोक तदुपरांत सुबह 8 बजे से यज्ञाहुतियां व इसके बाद 10 से 12 बजे तक महंत श्री सुशील महाराज द्वारा लोगों की समस्याओं को सुनकर कारण एवं उसके समाधान का उपाय बताने का क्रम चलता है। फिर दोपहर 1 से शाम 6 बजे तक श्रीमद् भागवत ज्ञान बर्षा होती है। रात में 8:00 बजे से रात के 2:00 बजे तक गोहनी सरकार रामचरित दर्शन मंडल उरगांव के मंडलाध्यक्ष श्री प्रयाग नारायण द्विवेदी (प्रयाग गुरु) द्वारा रामलीला मंचन होता है जिसमें उच्च कोटि के कलाकारों के साथ-साथ बुंदेलखंड के प्रसिद्ध हास्य कलाकार पंचम अलबेला की कलाकारी आम लोगों में चर्चा का विषय बनी हुई है। इस संपूर्ण कार्यक्रम की व्यवस्थापक गिरीश सिंह राजावत (धमना) माधौगढ ने जगम्मनपुर के अनेक प्रतिष्ठित लोगों के सहयोग से नजर बाग स्थित यज्ञशाला को अद्भुत एवं मनोहर ढंग से अलंकृत किया है।

### दंदरौआ सरकार आज देंगे गुरु दीक्षा

जगम्मनपुर में हो रहे वैदिक यज्ञ एवं ज्ञान यज्ञ में भिंड जनपद के प्रसिद्ध हनुमान मंदिर दंदरौआ के महंत पूज्य संत श्री श्री 1008 महंत रामदास जी महाराज 19 फरवरी सोमवार को जगम्मनपुर पधारकर यज्ञ मे शामिल होंगे। इस अवसर पर अनेक भक्तों को शिष्य बनने की प्रक्रिया में गुरु दीक्षा प्रदान करेंगे।

# शराब में ओवररेटिंग और मिलावट करने पर दी कार्रवाई की चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, उरई (जालौन)


शराब की दुकानों का निरीक्षण करते आबकारी निरीक्षक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जनपद जालौन में जिला आबकारी अधिकारी प्रणवीर सिंह के निर्देशन में आबकारी निरीक्षक लोकेश कुमार ने अपने उरई सर्कल में चेकिंग अभियान चलाया। निरीक्षण के दौरान चेतावनी दी कि ओवर रेटिंग व मिलावटी शराब बेचते कोई दुकानदार पाया जाता है तो उस पर जुर्माना एवं वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

आबकारी निरीक्षक लोकेश कुमार के नेतृत्व में आबकारी विभाग की टीम के साथ क्षेत्र की दर्जनों से अधिक शराब की दुकानों का औचक निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान बोतल एवं अंकित बारकोड की जांच की गई वहीं स्टॉक रजिस्टर को चेक करते हुए स्टॉक भी चेक किया गया उन्होंने सेल्समैनों को ग्राहकों का विशेष ध्यान रखने तथा मूल सूची दुकान के बाहर आवश्यक रूप से अंकित करने के निर्देश देते हुए दुकानों की सफाई व्यवस्था चेक किया उन्होंने लाइसेंस निकासी बिक्री रजिस्टर को भी देख साथ ही निर्देश दिए की बोतल पर अंकित मूल्य से अधिक मूल पर शराब बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी उन्होंने दुकान स्वामियों को जिओ टेक कर सभी दुकानों को डिजिटल बनाने के निर्देश भी दिए। आबकारी निरीक्षक लोकेश कुमार ने यह भी बताया कि हमारे सर्कल में अगर किसी प्रकार की ऑवर रेटिंग कोई करता है तो मुझसे संपर्क कर सकता है। उस दुकानदार पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# बैंक की सहायक प्रबंधक युवती का शव फंदे से लटका मिला

## पिता ने बैंक अधिकारी युवक पर लगाया उत्पीड़न का आरोप

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज


जिला अस्पताल में रोते बिलखते परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** आर्यावर्त बैंक सिटी शाखा में कार्यरत सहायक प्रबंधक युवती का शव किराये के मकान में फंदे पर लटका मिला। परिजनों ने आर्यावर्त बैंक के एक अन्य अधिकारी पर शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए सदर कोतवाली में तहरीर दी है। आरोपी को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ की है। पुलिस ने मृतका के शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा है।

कानपुर नगर जनपद के थाना अरौल के गांव खाडामऊ पुर्वा निवासी भगवान खन्ना की 26 वर्षीय पुत्री सोनिया खन्ना का दो वर्ष पहले बैंक में चयन हुआ था। पोस्टिंग आर्यावर्त बैंक कन्नौज की सिटी शाखा में सहायक प्रबंधक के पद पर हुई। इसके बाद वह पुलिस लाइन रोड तिराहे पर स्थित अब्दुल जब्बार के मकान में किराये का कमरा लेकर रहने लगी। यहीं से वह नियमित बैंक जाती थी। इसी कमरे में 17 फरवरी की रात 10 बजे के करीब उसका शव फंदे पर लटका मिला। स्थानीय लोगों ने उसे जिला अस्पताल भिजवाया जहां रात 11:24 बजे डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया। मामले की सूचना सोनिया के पिता भगवान खन्ना जो दादरी में परिवार के साथ रह कर निजी कंपनी में काम करते हैं को मकान मालिक ने दी। परिजन रविवार को जिला अस्पताल पहुंचे जहां उन्होंने आर्यावर्त बैंक के लॉ आफीसर प्रांशुल वर्मा पर पुत्री का उत्पीड़न करने का आरोप लगाया। यही नहीं मृतका के पिता ने सदर कोतवाली पहुंच कर आरोपी के खिलाफ तहरीर दी है। कहा कि करीब छह माह पहले पुत्री ने बताया था कि उसकी शादी की बात आर्यावर्त बैंक में लॉ अधिकारी के पद पर कार्यरत प्रांशुल वर्मा से हो गई है। आरोप लगाया कि इसके बाद से वह पुत्री का शारीरिक व मानसिक शोषण करने लगा। यह बात मकान मालिक ने उसे बताई। साथ ही कहा कि प्रांशुल का बेटी के कमरे में आना जाना रहता था। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी बैंक के अधिकारी को हिरासत में ले लिया। जहां उससे घटना के संबंध में जानकारी ली जा रही है।

कोतवाली प्रभारी विष्णु कांत तिवारी का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

### घटना के दौरान तीन लोग थे कमरे में

**कन्नौज।** घटना के दौरान कमरे में तीन लोग मौजूद थे। जहां आरोपी युवती को फंदे से बचाने का प्रयास कर रहा था वहीं दो अन्य लोग बात करते हुए कैंची से रस्सी काटने की बात कह रहे थे। इस वीडियो के आधार पर पुलिस को जांच में काफी सहायता मिल सकती है कि युवती ने फांसी खुद लगाई या किसी ने उसको मार कर फंदे पर लटका दिया। फांसी लगने के दौरान उसके पैर बेड को छू रहे हैं। वहीं जानकार कहते हैं कि फांसी लगने के दौरान रस्सी व गला खिंच जाता है।

## एकल पेयजल योजना की मोटर फुंकी, दो दिनों से पेयजल आपूर्ति ठप

**कुरारा।** विकासखंड क्षेत्र के जखेला गांव में एकल पेयजल योजना का नलकूप का मोटर पंप जल जाने से बीते दो जाने से पेयजल आपूर्ति न होने से ग्रामीणों को गांव के बाहर लगे हैंडपंप व निजी नलकूपों से पानी भरने को विवश हो रहे हैं। जखेला गांव में बीते दो दिनों पूर्व से एकल पेयजल योजना का मोटर पंप फुक जाने से पेयजल आपूर्ति व्यवस्था धड़ाम हो गई है। जिससे गांव के ग्रामीणों को गांव के बाहर लगे हैंडपंपों व निजी नलकूपों से पानी भरने को विवस होना पड़ रहा है। गांव निवासी श्रीपाल गुप्ता, रामू शर्मा, लाल सिंह आदि ने बताया कि गांव के अंदर ऊंचाई वाले मोहल्ले में लगे अधिकांश हैंडपंप खारा पानी देने से मोहल्ले के लोग हैंडपंप से पानी नहीं भरते हैं। वहीं गांव के बाहर लगे हैंडपंप व निजी नलकूपों का पानी मीठा है जिससे पीने के लिए गांव के बाहर से पानी लाने के लिए विवश हो रहे हैं। जब इस बाबत में जल संस्थान के लिपिक राजेंद्र प्रसाद से बात की तो उन्होंने बताया कि मोटर पंप बदलने के बाद शीघ्र ही पेयजल आपूर्ति शुरू कराई जाएगी।

# परशुराम सेना का गठन, 25 को आएंगे राष्ट्रीय अध्यक्ष

संवाददाता, कालपी



कालपी में आयोजित परशुराम सेना की बैठक में शामिल ब्राह्मण। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा व परशुराम सेना नगर इकाई कालपी की बैठक बुन्देलखण्ड गार्डन में सम्पन्न हुई। इसमें 25 फरवरी को राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र नाथ त्रिपाठी के उरई आगमन के कार्यक्रम की तैयारियों की रूपरेखा बनाई गई। बैठक में परशुराम सेना की नई कार्यकारणी का गठन भी किया गया। रविवार को बुन्देलखण्ड गार्डन में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए नरेंद्र तिवारी ने कहाकि ब्राह्मण संगठन नगर में मजबूती से काम कर रहा है फिर भी और मजबूत करने की जरूरत है उन्होंने 25 फरवरी के कार्यक्रम को भव्यता के साथ आयोजित करने की अपील की।

बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष राजू पाठक ने कहाकि पूरी ऊर्जा के साथ 25 फरवरी को राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत कालपी से लेकर उरई तक होगा तथा ज्यादा से ज्यादा लोग उरई सिटी सेन्टर में पहुंचने की अपील की। बैठक में विवेक तिवारी अध्यक्ष परशुराम सेना द्वारा नई कार्यकारणी गठित की गई। बैठक को आशुतोष मिश्रा, राम कुमार वारी, आरएनशुक्ला, हरिश्चंद्र दीक्षित आदि ने सम्बोधित किया। बैठक में प्रमुख रूप से डॉ. बृज गोपाल द्विवेदी, शिवदत्त मोनस, संदीप चंसौलिया, राहुल द्विवेदी, गंगा प्रसाद, कृष्ण कुमार अग्निहोत्री, प्रेम नारायण पाठक, विजय तिवारी, आदेश कुमार तिवारी, पिंटू पाण्डेय, अतुल शुक्ला, आदित्य पंडित, गोविन्द तिवारी, राजा बाबू शुक्ला, गोलू पंडित, उज्जवल, राहुल त्रिपाठी, शाश्वत मिश्रा चिराग द्विवेदी उत्कर्ष द्विवेदी ऋषभ द्विवेदी नयन तिवारी बच्चन हर्षित द्विवेदी वेदांश तिवारी शरद शुक्ला हर्षित त्रिपाठी राकेश तिवारी प्रदीप द्विवेदी पंकज द्विवेदी दीपक गोस्वामी राम लखन द्विवेदी विनोद कुमार पाठक राजकुमार मुकेश कुमार दीक्षित रिंकू शुक्ला उमेश पाठक मोहन शुक्ला रोहिणी शर्मा छोटू तिवारी अवधेश बाजपेई रामदास तिवारी आदि बडी संख्या में लोग मौजूद थे। बैठक का संचालन ज्ञानेन्द्र मिश्रा द्वारा किया गया।

# पाक-कला में छिमौली की नथुइया अव्वल

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर



पाक कला प्रतियोगिता में स्थान पाने वाली रसोइया को प्रमाण पत्र देते बीएसए व डीआईओएस। अमृत विचार

- परिषदीय स्कूलों की रसोइयों की जिलास्तरीय प्रतियोगिता

**अमृत विचार।** मध्यान्ह भोजन क्रियान्वयन को लेकर जनपद स्तरीय पाक कला प्रतियोगिता का आयोजन ब्लॉक संसाधन केंद्र कुछेछा में किया गया। प्रतियोगिता में अव्वल रहीं इसमें छिमौली की नथुइया प्रथम रहीं। वहीं केसरिया का डेरा की ललिता दूसरे व मेरापुर की संपत को तीसरा स्थान मिला। जिन्हें पुरस्कार में क्रमशः 3500, 2500 एवं 1500 उनके खाते में हस्तांतरित करने की घोषणा की गई।

पाक कला प्रतियोगिता में सभी विकासखंडों से 10 रसोइया ने भाग लिया। शुभारंभ बीएसए आलोक सिंह, डीआईओएस केके ओझा, सादिया बानो, प्रभारी चिकित्साधिकारी आयुष विंग सादिया बानो, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी मनोज कुमार जायसवाल ने किया। रसोइयों द्वारा तैयार मोटे अनाज (मिलेट्स) की खिचड़ी व दाल की बनी मंगोड़ी तथा खीर को सराहा गया। साफ-सफाई (एपरिन, ग्लब्स, कैप) के कार्यों के आधार पर निर्णय किया गया। कहा गया कि भोजन बनाने के दौरान सूती वस्त्रों का उपयोग किया जाए। बीएसए ने रसोइयों की भूरी-भूरी प्रशंसा की। कहा इनके कठिन परिश्रम से नौनिहालों को गर्मा-गरम भोजन प्रतिदिन मिलता है। खंड शिक्षा अधिकारी सुमेरपुर समर सिंह जिला समन्वयक निर्माण रवि श्रीवास्तव, जिला समन्वयक समेकित लखन लाल साहू, एमआईएस कोआर्डिनेट अभिषेक अवस्थी, शिक्षक अभिषेक त्रिपाठी बिलौटा उपस्थित रहे। संचालन अखिलेश शुक्ला ने किया। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की बालिकाओं ने कार्यक्रम पेश किए। जिला समन्वयक मध्यान्ह भोजन बभ्रुवाहन राजपूत ने पुरस्कार दिए।

## पत्नी मायके से नहीं आई फांसी लगाकर दी जान

**मौदहा।** भमौरा गांव में दिन के तीसरे पहर पत्नी के मायके चली जाने से आहत एक दिव्यांग युवक ने घर के अंदर लकड़ी की धमनी में रस्सी से गले में फंदा डालकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

भमौरा गांव निवासी अमित ने बताया कि उसका बड़ा भाई नरेश कुमार (35) पुत्र दयाशंकर जो दिव्यांग था। आज दोपहर बाद जिस समय परिजन घर के बाहर कामकाज में लगे थे। घर के एक छप्पर की बल्ली में रस्सी डालकर गले में फांसी का फंदा डालकर आत्महत्या कर ली। कुछ देर के बाद एक पड़ोसी ने उसे देखा तो शोर मचाया। जिस पर उन्हें जानकारी हो सकी। घटना से घर में चीख पुकार मच गई। कुछ देर बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई। भाई ने बताया कि भाभी मायके चली गई थी। बुलाने का प्रयास किया जा रहा था। लेकिन वह नहीं आई।

# रात भर जाम से जूझती रहीं रोडवेज बसें

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- 12 घंटे से अधिक लगे जाम में हलकान रहे पुलिस अभ्यर्थी सहित यात्री व मरीज



**अमृत विचार।** शनिवार शाम सात बजे से लगा कानपुर सागर हाईवे में जाम के चलते रोडवेज की डेढ़ दर्जन से अधिक बसें जाम में फंस गईं। जो अपने गंतव्य तक पांच से सात घंटे देरी से पहुंच सकी। जिससे पुलिस परीक्षा की दूसरी पाली के छूटे अभ्यर्थियों सहित यात्रियों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ा।

शहर से निकले कानपुर सागर हाईवे में सजेती थाना क्षेत्र के अनुपुर मोड़ के पास शनिवार शाम करीब सात बजे एक ट्रक खराब हो जाने को चलते सारी रात जाम लगा रहा। जो महोबा सीमा से लेकर कानपुर सीमा तक करीब 60 किलोमीटर लंबा रहा। जिसके खुलवाए जाने के लिए रात भर पुलिस व यातायात विभाग जुटा रहा। कड़ी मशक्कत के बाद रविवार सुबह सात बजे यातायात बहाल हो सका। इससे हजारों की संख्या में भारी वाहन, रोडवेज बसे, एंबुलेंस आदि फंसी रहीं। जिन्हें गंतव्य तक पहुंचने में पांच से सात घंटे लग गए। रोडवेज डिपो के स्टेशन इंचार्ज रणविजय सिंह ने बताया कि शनिवार शाम पांच बजे छतरपुर से वाया हमीरपुर होते हुए लखनऊ को जाने वाली 4493 नंबर बस पौने 10 बजे आ सकी। जो करीब पांच घंटे देरी से आ सकी। इसी प्रकार 4490 दिल्ली कानपुर रोडवेज डिपो अपने निर्धारित समय आठ बजे के सापेक्ष रात दो बजे आई है। कर्वी हमीरपुर 4024 नंबर बस अपने निर्धारित समय शाम सात बजे की जगह रात ढाई बजे पहुंच सकी। जो सात घंटे से अधिक जाम में फंसी रही।

बताया कि शनिवार शाम पांच बजे डिपो से छूटी बसें दो से तीन घंटे देरी से पहुंच सकीं।

> सजेती थाना क्षेत्र के पास अनुपुर मोड़ में ट्रक खराब हो जाने के चलते जाम लग गया। कहा कि बेतरतीब वाहन खड़े होने व चालकों के सो जाने के चलते जाम बढ़ता गया। कहा कि रात भर कड़ी मशक्कत के बाद सुबह सात बजे यातायात बहाल हो सका है। कहा कि किसी भी अभ्यर्थी की जाम के चलते परीक्षा नहीं छूटने पाई है।
>
> –घनश्याम, सीओ ट्रैफिक

## अज्ञात युवक की ट्रेन से कटकर मौत, पुलिस शिनाख्त में जुटी

**मौदहा (हमीरपुर)।** शनिवार देर शाम अज्ञात युवक की ट्रेन से कटक मौत हो गई। जिसकी अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखा दिया है।

शनिवार शाम कानपुर बांदा रेलवे लाइन में रेलवे स्टेशन रागौल और अकोना के मध्य एक युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जामा तलाशी ली। लेकिन मृतक के पास पहचान संबंधी कोई दस्तावेज नहीं मिलने के कारण मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। जिसके बाद शव को मोर्चरी में रखा दिया गया है और पहचान होने के बाद आगे की कार्यवाही करने की बात कही जा रही है।

हालांकि मृतक क्षेत्र का नहीं है ऐसा मालूम हो रहा है, अन्यथा मृतक की पहचान हो जाती। फिलहाल पुलिस मृतक की पहचान कराने में लगी हुई है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत कुरारा देहात , वि०ख०- कुरारा (हमीरपुर)

पत्रांक/मेमो/ मनरेगा 2023–2024 दिनांक–18/02/2024

**विज्ञप्ति**

मनरेगा योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत कुरारा देहात में इंटर लॉकिंग कार्य रामसेवक के घर से गौशाला तक का कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य हेतु स्थल पर निम्न विवरण अनुसार सामग्री आपूर्ति हेतु मोहर बन्ध निविदाएं दिनांक 19/02/24 तक आवंटित किये जाते है। प्राप्त टेण्डर दिनांक 25/02/24 को अपराह्न चार बजे अद्योहस्ताक्षरी के समक्ष खोले जायेंगे।

सामग्री आपूर्ति के पूर्व टेण्डर दाताओं को यह शपथ पत्र देना होगा कि उनके द्वारा नियमानुसार आयकर G.S.T. नं0 की धनराशि आयकर को सीधे जमा कर दी जायेगी / टेण्डर दाताओं को G.S.T नं0 अनिवार्य है आपूर्ति की गयी सामग्री में मानक / गुणवत्ता की कमी पाये जाने पर भुगतान करना सम्भव नहीं होगा। टेण्डर को बिना किसी पूर्व सूचना / कारण बताये अद्योहस्ताक्षरी पर निहित होगा।

| क्र0सं0 | सामग्री का विवरण | मात्रा |
|---|---|---|
| 1 | सीमेंट | 73 बोरी |
| 2 | लोकल बालू | 25.77M3 |
| 3 | सी0 सैण्ड | 10.6M3 |
| 4 | 40 एम एम ग्रेनाइट स्टोन ग्रिड | 11.83M3 |
| 5 | 20 एम एम ग्रेनाइट स्टोन ग्रिड | 3.7M3 |
| 6 | प्रथम श्रेणी ईंटा | 5459.00 ww |
| 7 | Paver Black Brick | 6850.00ww |

**प्रधान**
ग्राम पंचायत कुरारा देहात
विकास खण्ड कुरारा (हमीरपुर)

**सचिव**
ग्राम पंचायत कुरारा देहात
विकास खण्ड कुरारा (हमीरपुर)


# मजहबी नफरत फैलने वालों से बचने की हिदायत

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)


धार्मिक जलसा में मौजूद लोग। अमृत विचार

- एक दिवसीय दीनी तालीमी और इरति दादी कांफ्रेस का आयोजन किया गया

**अमृत विचार।** बुंदेलखंड क्षेत्र में पहली बार इस्लाम धर्म में फैल रहे फितनों जैसे गौहर शाही, शकीलियत, कादियानियत आदि से युवाओं को बचाने के उद्देश्य से एक जलसा आयोजित किया गया। जिसमें देश के कोने से आए मुस्लिम धर्मगुरुओं ने युवाओं को धार्मिक उपदेश दिए। इस जलसे में युवक युवतियों को सोशल मीडिया के माध्यम से फैलने वाली गलत अफवाहों से बचने की भी अपील की।

कस्बे के कम्हरिया रोड स्थित मदरसा शेख अब्दुल कादिर जीलानी रह. में रविवार को एक दिवसीय दीनी तालीमी और इरतिदादी कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। जिसमें देश के कोने कोने से आए मुस्लिम धर्म गुरुओं ने इस्लाम धर्म में बढ़ रही फितने बाजी और आए दिन पैदा हो रहे नये नये फितनों पर चिंता जताते हुए कौम के नौजवानों को कादियानियत, शकीलियत, मुनमुन्किनीरे हदीस, गौहरशाही जैसे फितनों पर गहरी चिंता व्यक्त की। साथ ही सोशल मीडिया में फैल रही फितनेबाजी को लेकर भ्रामक अफवाहों और गलत प्रचार को लेकर सोशल मीडिया के प्रति युवाओं को जागरूक करने का काम किया। इसी के साथ ही मदरसे में तालीम मुकर्रर कर चुके छात्रों को प्रमाण पत्र दिए गए। इस दौरान हजारों की संख्या में धर्म के जानकार और शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्र छात्राएं व अभिभावक मौजूद रहे। आयोजन मदरसा शेख अब्दुल कादिर जीलानी, कम्हरिया रोड के संचालक मौलाना मोहम्मद, आसिम और मुफ्ती मोहम्मद हासिम सहित अन्य जिम्मेदार लोग मौजूद रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत कुरारा देहात , वि०ख०- कुरारा (हमीरपुर)

पत्रांक/मेमो/ मनरेगा 2023–2024 दिनांक–18/02/2024

**विज्ञप्ति**

मनरेगा योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत कुरारा देहात में इंटर लॉकिंग प्रआ0वइ0 पड़ुई से जीतेन्द्र के घर तक कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य हेतु स्थल पर निम्न विवरण अनुसार सामग्री आपूर्ति हेतु मोहर बन्ध निविदाएं दिनांक 19/02/24 तक आवंटित किये जाते है। प्राप्त टेण्डर दिनांक 25/02/24 को अपराह्न चार बजे अद्योहस्ताक्षरी के समक्ष खोले जायेंगे।

सामग्री आपूर्ति के पूर्व टेण्डर दाताओं को यह शपथ पत्र देना होगा कि उनके द्वारा नियमानुसार आयकर G.S.T. नं0 की धनराशि आयकर को सीधे जमा कर दी जायेगी / टेण्डर दाताओं को G.S.T नं0 अनिवार्य है आपूर्ति की गयी सामग्री में मानक / गुणवत्ता की कमी पाये जाने पर भुगतान करना सम्भव नहीं होगा। टेण्डर को बिना किसी पूर्व सूचना / कारण बताये अद्योहस्ताक्षरी पर निहित होगा।

| क्र0सं0 | सामग्री का विवरण | मात्रा |
|---|---|---|
| 1 | सीमेंट | 85 बोरी |
| 2 | लोकल बालू | 32.40M3 |
| 3 | सी0 सैण्ड | 13.27M3 |
| 4 | 40 एम एम ग्रेनाइट स्टोन ग्रिड | 14.19M3 |
| 5 | 20 एम एम ग्रेनाइट स्टोन ग्रिड | 5.6M3 |
| 6 | प्रथम श्रेणी ईंटा | 3808.00ww |
| 7 | Paver Black Brick | 6022.00ww |

**प्रधान**
ग्राम पंचायत कुरारा देहात
विकास खण्ड कुरारा (हमीरपुर)

**सचिव**
ग्राम पंचायत कुरारा देहात
विकास खण्ड कुरारा (हमीरपुर)



दंगल में दांवपेच दिखातीं महिला पहलवान। अमृत विचार

# अंजली ने अंकिता को पटका

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** इंगोहटा के मुमुक्ष आश्रम में चल रही शतचंडी महायज्ञ के समापन पर आयोजित दंगल में दिल्ली की अंजली ने ग्वालियर की अंकिता को जोरदार पटखनी दी। दंगल का शुभारंभ स्वामी निर्भय चेतन महाराज द्वारा किया गया।

इंगोहटा के मुमुक्ष आश्रम में चल रही शतचंडी महायज्ञ के आखिरी दिन आयोजित दंगल में नामी गिरामी पहलवानों के मध्य रोमांचक कुश्तियां संपन्न हुई। आकाश गाजियाबाद को भूरा अलीगढ़ ने हराया। सचिन सौंखर ने अरुण पंजाब को हराया। राजू बाबा गुधनी ने मुकेश छतरपुर को चित किया। मानसिंह इंगोहटा ने अरविंद महोबा को हराया। मुखिया अलीगढ़ ने संजय कन्नौज को चित किया। सचिन हाथरस ने आकाश एटा को पराजित किया। प्रीतम राठ ने नितेश उन्नाव को हराया। मनीष पपरेंदा ने सुल्तान कानपुर को चित किया। कल्लू इंगोहटा ने इमरान कानपुर को हराया। बृजेश कन्नौज, भूरा मसगांव, देवा थापा अलीगढ़, मनीष बांदा, उपेंद्र बड़ागांव, दिनेश मसगांव के मध्य हुई कुश्तियां बराबरी पर छूट गई।

## आज व कल सुबह 10 से 5 बजे तक बिजली नहीं आएगी

**मौदहा (हमीरपुर)।** कस्बा स्थित हाईटेंशन लाइन की मरम्मत का कार्य 19 फरवरी से शुरू होना है। जिसकी वजह से लगातार 3 दिन के लिए कस्बे की व यहां के दोनों पावर स्टेशन मौदहा -1 एवं मौदहा -2 से संबंधित ग्रामीण क्षेत्र की बिजली व्यवस्था सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक ठप रहेगी। बिजली विभाग के एसडीओ राकेश कुमार ने बताया कि कस्बा स्थित दोनों बिजली आपूर्ति केंद्रों में हाईटेंशन पावर लाइन के जर्जर तार हटाने और मरम्मत का कार्य होने की वजह से आगामी 19 व 20 फरवरी को दिन के 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक बिजली उपलब्ध नहीं होगी। उन्होंने आम जनमानस से सहयोग की अपील की है।



## जालौन में श्री बाराही देवी मेला शुरू

**जालौन।** श्री बाराही देवी मेला एवं विकास प्रदर्शनी का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा विधिवत मां बाराही देवी की पूजा अर्चना की। वहा पर स्थित मजार पर चादरपोशी भी की गई। नगर के ऐतिहासिक तथा प्राचीन श्री बाराही देवी मेला एवं विकास प्रदर्शनी का आज शनिवार को शुभारंभ हो गया।

शुभारंभ कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष नेहा मित्तल ने फीता काटकर मेला की शुरुआत की। नगर पालिका अध्यक्ष नेहा पुनीत मित्तल तथा 25 वार्ड के सदस्यों ने मां बाराही देवी की पूजा अर्चना की इसके बाद मेला परिसर में स्थित मजार पर चादर चढ़ाई । नगर पालिका अध्यक्षा नेहा पुनीत मित्तल ने कहा कि सदियों से चला आ रहा यह मेला पौराणिक संस्कृति की धरोहर है। मेले को देखने आने वाली महिलाओं,बच्चे, बच्चियों की हिफाजत की जिम्मेवारी हर एक नगरवासी की है।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**

सूचित हो कि मैं निधि श्रीवास्तव पत्नी राम गोपाल श्रीवास्तव, निवासी– मुनेश्वर पुरम्, नव ज्योति इण्टर कालेज आलमनगर, जिला–लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226017, मेरे पुत्र आयुष का रवैया, व्यवहार व चाल– चलन परिवार के प्रति सही नही है, वह आये दिन लड़ाई–झगड़ा व मनमानी करता रहता है। उसके इस व्यवहार से तंग आकर अपने पुत्र आयुष को अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूँ। आज से मेरा व मेरे परिवार का उससे कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा। अपने किये गये कृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा ।

**NOTICE**

I informed that I am Shaad Ahsan, resident- Azad Nagar Near Airport Chauraha Post Manas Nagar Kanpur Road Lucknow, my name Shad Ahsan, my father's name Shamsool Afreen and mother's name Nikhat Afreen have been wrongly written in the school records. Whereas my correct name is Shaad Ashan, father's name is Shamshoul Arfin and mother's correct name is Nikhat Afrin. Therefore, all correct names should be recorded in my school records.

# तीसरी आंख की नजर के बीच निपटी पुलिस परीक्षा

## वर्दी पहनने के लिए दूसरे दिन भी युवाओं ने दिया इम्तेहान, सरल पेपर देख खिले अभ्यर्थियों के चेहरे

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** पुलिस भर्ती परीक्षा के दूसरे दिन रविवार को भी कड़ी निगरानी में परीक्षाएं हुईं। जिले के 21 परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे से नजर रखी गई। पूरे दिन पुलिस और प्रशासन के अफसरों की गाड़ियां परीक्षा केंद्रों पर दौड़ती रहीं। परीक्षा केंद्रों पर पर्यवेक्षक, स्टेटिक और सेक्टर मजिस्ट्रेट भी नजर रखे रहे। परीक्षा केंद्रों पर जैमर भी लगाए गए। सुबह 8 बजे से ही परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थियों का पहुंचना शुरू हो गया।



परीक्षा केंद्र के बाहर लाइन में खड़े परीक्षार्थी। अमृत विचार

परीक्षा केंद्रों के बाहर लंबी लाइनें लगी हुई थीं। शहर क्षेत्र के परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की अच्छे ढंग से पड़ताल करने के बाद ही प्रवेश दिया गया। पुलिस के अफसर पूरे दिन परीक्षा केंद्रों पर दौड़ते रहे। परीक्षा केंद्रों पर कैमरे से नजर रखी गई। शहर के परीक्षा केन्द्रों के बाहर भी युवाओं की लाइनें देखने को मिली। परीक्षा केंद्रों पर बाहर किसी को खड़ा भी नहीं होने दिया गया। केंद्र के नजदीक की सभी फोटो कॉपी की दुकानें बंद रहीं। डीएम एवं पुलिस अधीक्षक ने दूसरे दिन भी कई परीक्षा केन्द्रों का जायजा लिया। सुबह और शाम की पाली में परीक्षा को लेकर प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट रहा। कंट्रोल रूम से पल-पल की जानकारी ली जाती रही। पूरी परीक्षा के दौरान तीसरी नेत्र से नजर रखी गई है। वहीं परीक्षा देकर लौटे कई अभ्यर्थियों ने बताया कि पुलिस भर्ती का पेपर काफी सरल था। रीजनिंग के प्रश्न आसान थे। अभ्यर्थियों ने बताया कि मेहनत के साथ तैयारी की है। अच्छा पेपर हुआ है। परिणाम भी अच्छे आने की उम्मीद है। पुलिस भर्ती परीक्षा के चलते शहर में जाम का झाम रहा।

### कई प्रदेशों से आए परीक्षार्थी

यूपी पुलिस की परीक्षा देने के लिए बिहार, राजस्थान और मध्य प्रदेश से बड़ी संख्या में अभ्यर्थी पहुंचे। रेलवे स्टेशन पर नौजवानों की भीड़ दिखायी दी। शनिवार की रात से ही अभ्यर्थियों का आना शुरू हो गया था। स्टेशन के साथ बस अड्डे पर भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम थे। पुलिस परीक्षा केंद्रों पर भी पैनी नजर रखे हुये थी जिससे कि कहीं कोई दिक्कत न रहे। रात भर पुलिस और प्रशासन के अफसरों की नजरें परीक्षा को लेकर ही रहीं।

#### होटल फुल, रहने की दिक्कत

अभ्यर्थियों की भीड़ के आगे शहर के लगभग होटल फुल थे। ऐसे में बाहर से आने वाले अभ्यर्थियों को रहने के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ा। खाने के होटलों की स्थिति यह थी कि कई होटलों पर अभ्यर्थियों के बड़ी संख्या में पहुंचने से खाना खत्म हो गया था। सर्दी के इस मौसम में सबसे ज्यादा दिक्कत बाहर से आने वाले अभ्यर्थियों को ठहरने के लिए रही। बड़ी संख्या में नौजवान स्टेशन व बस अड्डे पर भी रहे। वहीं रोडवेज की ओर से दस बसें रिजर्व में रखी गईं थीं।

#### रीजनिंग-हिंदी सरल, गणित ने छुड़ाया पसीना

उप्र आरक्षी भर्ती परीक्षा पहले दिन जनपद में निर्धारित 21 केन्द्रों में शांतिपूर्ण आयोजित हुई। दोनों पालियों में पंजीकृत 10896 अभ्यर्थियों में कई की अनुपस्थिति दर्ज की गई। अभ्यर्थियों के मुताबिक, रीजनिंग और हिन्दी के सवाल काफी सरल रहे। गणित के सवालों ने काफी छकाया। समय कुछ कम मिला और मिलता तो बेहतर रहता। अभ्यर्थी अपर्णा सिंह ने बताया कि पेपर काफी सरल रहा। मैथ ही थोड़ा टफ लगी। रीजनिंग और हिंदी काफी सरल थी। हालांकि तैयारी नहीं कर पाए थे। फिर भी पेपर दिया और बेहतर रहा।

# 34वीं राज्य स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता में जिले की दो छात्राएं रहीं अव्वल

संवाददाता, औंग फतेहपुर

- डारी बुजुर्ग की आयुषी ने गोल्ड मेडल किया हासिल
- प्राथमिक विद्यालय डारी बुजुर्ग की छात्राओं का कमाल

**अमृत विचार।** विकास खण्ड के देवमई के प्राथमिक विद्यालय डारी बुजुर्ग के दो छात्र 34वीं राज्य स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता में प्रतिभागी बने थे। जिसमें एक छात्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल तो वहीं दूसरी छात्रा ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय व जनपद का नाम रोशन किया।

15 फरवरी से 17 फरवरी तक बेसिक शिक्षा परिषद की 34वीं राज्य स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन लखनऊ के स्पोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के मैदान में हुआ। प्रतियोगिता में विकास खण्ड देवमई के ग्राम डारी बुजुर्ग के प्राथमिक विद्यालय के बच्चों ने राज्य स्तर की खेल कूद प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। जिसमें प्राथमिक विद्यालय डारी बुजुर्ग की आयुषी ने 30 किलो भार वर्ग में सभी मण्डलों के खिलाड़ियों को पछाड़ते हुए राज्य स्तर में प्रथम स्थान प्राप्त करके गोल्ड मेडल पर कब्जा किया। वहीं यूपीएस मिराई की रोली ने 25 किलो भार वर्ग की कुश्ती में राज्य में तृतीय स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया।



मेडल दिखाती हुई छात्राएं आयुषी व रोली। अमृत विचार

गत दिवस खण्ड शिक्षा अधिकारी प्रवीण शुक्ला व ब्लॉक व्यायाम शिक्षक आशीष पटेल ने विजेता खिलाड़ियों व विद्यालय परिवार को बधाई दी। साथ ही बच्चों के साथ अथक परिश्रम करने वाले प्रधानाध्यापक प्राथमिक स्कूल के रामप्रताप व यूपीएस मिराई के सूर्यकुमार, खेल अनुदेशक अजय कुमार पाल, अवधेश कुमार तथा प्राथमिक स्कूल जोगापुर के अविनाश वर्मा आदि ने बच्चों को उनके विजेता बनने पर सभी को बधाई दी।

# बकेवर में विस्फोट से मौत के मामले में लीपापोती

**अमृत विचार फालोअप**

- वेल्डिंग दुकान मालिक को अभी तक नहीं खोज सकी पुलिस
- घटना में एक की मौत और एक गम्भीर रूप से हुआ था घायल

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** बकेवर कस्बे में विस्फोट से हुई युवक की मौत के मामले में जांच प्रभावित करने की कहानी गढ़ी जा रही है जबकि अभी तक वेल्डिंग दुकान मालिक को नहीं खोजा जा सका। उसे बचाने के लिए तरह-तरह के जतन किए जा रहे हैं। मामले में जिम्मेदार अफसरों की जांच भी सुस्त पड़ती प्रतीत हो रही है।

दो दिन पहले शुक्रवार को बकेवर कस्बे में कार्बाइट से बस की डीजल टंकी में वेल्डिंग करते समय तेज धमका हुआ था। जिसकी चपेट में आये मिस्त्री मुन्नन अली की मौत हो गई थी। मृतक की पत्नी की तहरीर पर बस चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया। खास बात तो यह है कि दुकानदार ने कारबाइट से वेल्डिंग करने की परमीशन विभाग से ली थी की नहीं, आग से बचाव के उपकरण मौजूद थे या नहीं, आबादी क्षेत्र से यह दुकान कितनी दूर है जैसे अनेक बिंदु जांच के विषय हैं। दुकानदार इस जोखिम भरे काम को अंजाम सालों से देता आ रहा है। इस पर इलाकाई पुलिस से लेकर जिम्मेदार विभाग की नजर नहीं पड़ी। सवाल यह है कि वेल्डिंग जैसे संवेदनशील काम के लिए रखे गए श्रमिक का श्रम विभाग द्वारा पंजीकरण क्यों नहीं कराया गया। ये सभी तो जांच का विषय है किन्तु वर्तमान में एक गरीब मजदूर की मौत के बाद उसके परिवार को रोटी कैसे मुहैया होगी परिजन सोचने को मजबूर हैं।

### जांच आइओ ने आर्थिक मदद कर गरीब के आंसू पोछे

वेल्डिंग मिस्त्री मुन्नन अली की मौत का सदमा सभी को है। वहीं जांच आइओ ने गरीब को न्याय का भरोसा दिया। हादसे में अपने पिता को खो चुके गरीब परिवार की आर्थिक मदद करके आंसू पोछने का काम किया है। जिसे लोगों ने सराहनीय कदम बताया है।

### पत्नी और बच्चों की आंखों में नहीं थम रहे आंसू

पति के खोने का गम पत्नी रुबीना को जहां है वहीं चार बच्चों अरहान (14), अजान (10), अयान (8) व इशान (5) का आगे पालन पोषण कैसे होगा सभी के आंखों में सदमे के आंसू थे जो नहीं थम रहे।

### मिलने वाली अहेतुक सहायता राशि नाकाफी

नायब तहसीलदार बिंदकी अमरेश सिंह घटना की जांच करने पहुंचे थे और मृतक परिजनों को तीस हजार रुपये की सरकारी सहायता राशि देने की घोषणा की है। लेकिन यह राशि घर के मुखिया की मौत के बाद नाकाफी साबित हो रही है।

### अग्निशमन विभाग कटघरे में

अग्निशमन विभाग की खामोशी नहीं टूटी की मौके पर आकर जांच करे। वेल्डिंग की दुकान में आग में काबू पाने के उपकरण मौजूद थे कि नहीं। विभाग के जिम्मेदार अभी तक जांच को नहीं पहुंचे। आबादी के बीच विस्फोटक दुकान संचालित होना बड़ी लापरवाही की बात सामने आयी और लोग तरह-तरह की बात कर रहे हैं।

### जांच को प्रभावित करने की कोशिश

मिस्त्री मुन्नन अली रोजी रोटी की तलाश में फतेहाबाद से आया था और वेल्डिंग की दुकान में नौकरी कर अपने परिवार का गुजर बसर करता था जो हादसे का शिकार हो गया। कस्बे में अफवाह फैलाई जा रही की मिस्त्री दुकान मालिक का पार्टनर था, जबकि दुकान संचालक जगदीशपुर गांव का यादव विरादरी का एक युवक है। जो कानून कार्यवाही से बाहर है। जांच में कई बिंदुओं को शामिल किया जाना आवश्यक है जिससे गरीब पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके।

# दहेज की मांग पूरी न होने पर पत्नी को दिया तलाक

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- तहरीर के आधार पर पुलिस ने पति समेत छह लोगों पर दर्ज किया मामला
- गर्भवती पीड़िता को पीट कर घर से निकाला था ससुरालीजनों ने

**अमृत विचार।** दहेज में बाइक व नकदी की मांग पूरी परी न होने पर पत्नी को तीन तलाक दे दिया। मामले में पुलिस ने पति समेत छह ससुरालियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के निबहरा मोहल्ला निवासी मो. राजू की पुत्री सदफ खातून की शादी 11 अक्तूबर 2020 को जहानाबाद थाने के कोड़ा कटरा चुनपुज निवासी मो. इरफान के साथ हुई थी। सदफ खातून ने बताया कि बड़ी बहन गर्भवती को 19 मई 2021 को पति और ससुरालियों ने पीटकर घर से निकाल दिया था। यासमीन की शादी भी उसी दिन मो. इरफान के बड़े भाई मो. इमरान के साथ हुई थी। कुछ दिन बाद पति मो. इरफान, जेठ मो. इमरान, सास कमरजहां, जेठ पप्पू, जेठ फरमान, ननद शबाना दहेज में एक लाख रुपये की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर प्रताड़ित करने लगे। गर्भवती हालत में उसे 19 मई 2021 पति और ससुरालियों ने पीटकर घर से निकाल दिया। उसने मायके में 11 फरवरी 2022 को एक पुत्री आयत को जन्म दिया। पिता ने 18 मई 2023 को 50 हजार रुपये ससुरालियों को दिए। इसके बाद पति व ससुराली आठ फरवरी को घर आए। बाइक की मांग रखी। मांग पूरी न करने पर ससुरालियों के उकसाने पर पति ने उसे तीन तलाक दे दिया। पुलिस से शिकायत पर उसे और बच्ची को गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। कोतवाल एसबी सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज किया गया है।

## सार-संक्षेप

### चोरों ने पार किए जल जीवन मिशन में लगने वाला पाइप

**खागा फतेहपुर।** खखरेरू थाना क्षेत्र के कुल्ली चौराहे के पास जल जीवन मिशन के अंतर्गत लगने वाले 10 पाइप बीती रात चोरी हो गए। कटोघन गांव निवासी धर्मेंद्र प्रताप सिंह एटीपीएल संस्था द्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम सभा कुल्ली में पाइप लाइन डालने का कार्य करा रही है। पाइप डालने के लिये अलग अलग जगह पाइप पड़े रहते हैं। जबकि कार्य पूरी तरह से गतिमान है। इसी को लेकर कुल्ली चौराहे से कुछ दूर पहले भट्ठा के सामने पाइप रखे थे। जिसमें से 9 पाइप चोरी हो गए। वहीं दूसरी ओर कुल्ली चौराहे से कुछ दूर आगे रखे पाइप में से एक पाइप चोरी हो गया। धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि एक पाइप की कीमत लगभग 10 हजार रुपये है। प्रार्थी धर्मेंद्र ने खखरेरू थाने मे लिखित शिकायती पत्र देते हुए कार्यवाही की मांग की है तथा थाना क्षेत्र चल रहे सरकारी कार्य में प्रशासन से मदद की अपील की है।

### नशेबाज ने फांसी लगाकर दी जान

**फतेहपुर।** गाजीपुर थाना क्षेत्र के शाह कस्बा में शनिवार की शाम 35 वर्षीय युवक ने घर के अंदर फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। शाह निवासी धुन्नी का पुत्र श्रीकेशन शराब पीने का आदी था। शनिवार की शाम पत्नी रानी से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। जिस पर उसने नशे में धुत होकर घर के अंदर पंखे में रस्सी का फंदा डाल फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में घटना के बाबत जानकारी मृतक के पिता धुन्नी ने दी है।

### अनियंत्रित इको गाड़ी खंदक में गिरी, कई घायल

**बिंदकी फतेहपुर।** शनिवार की रात तेज रफ्तार इको गाड़ी अनियंत्रित होकर खंदक में चली गई। इसके बाद हड़कंप मच गया। उस समय गाड़ी में 6 लोग सवार थे जिनको मामूली चोट आईं। सभी लोग गाड़ी से निकलकर अपने घरों को चले गए सुबह पुलिस ने गाड़ी को क्रेन से बाहर निकलाया। शनिवार की रात को नगर के कुंवरपुर रोड बाईपास में अनियंत्रित गाड़ी खंदक में चली गई। जिससमें गाड़ी में मौजूद लोगों के बीच चीख पुकार मच गई। गाड़ी में छह युवक सवार थे। सभी लोग थाना कल्याणपुर क्षेत्र के सौह गांव से फतेहपुर शहर जा रहे थे। रविवार की सुबह कुछ युवक मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने क्रेन बुलाकर गाड़ी को बाहर निकाला।

# हत्या कर ट्रैक्टर लूटने के दोषी को आजीवन करावास

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- विशेष न्यायाधीश एससी-एसटी कोर्ट ने सुनाई सजा
- जून 2004 में हुई थी घटना, आरोपितों पर जुर्माना भी

**अमृत विचार।** किसान की हत्या कर ट्रैक्टर लूट के मामले में आरोपी को अपर सत्र न्यायाधीश, विशेष न्यायाधीश एससी-एसटी कोर्ट ने आरोपी को आजीवन कारावास व अर्थदंड की सजा सुनाई है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता धर्मेंद्र उत्तम ने बताया कि सदर कोतवाली क्षेत्र के किमिदियापुर निवासी शिवकरण किसान था। बुकिंग पर ट्रैक्टर चलाता था। कानपुर घाटमपुर थाना क्षेत्र के अकबरपुर सुवइया निवासी रामनारायण कुशवाहा अपने नाबालिग साथी संग जून 2004 में किमिदियापुर पहुंचा था। शिवकरण के भाई के सामने ट्रैक्टर बुक किया था। ट्रैक्टर के साथ चालक के रूप में शिवकरण गया था। रास्ते में शिवकरण की हत्या कर दी थी। उसके बाद शव को कल्यानपुर थाना क्षेत्र के गुगौली गांव स्थित कुएं में फेंककर भाग निकला था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। मृतक के परिवार के लोग एक माह बाद शव की पहचान को कल्यानपुर थाने पहुंचे थे। पहचान के बाद पुलिस ने रामनारायण और उसके नाबालिग साथी को गिरफ्तार किया था। मामले की कोर्ट में शनिवार को अंतिम सुनवाई हुई।

# अधिवक्ता संघ अध्यक्ष पर वकील ने लगाए गंभीर आरोप

कार्यालय संवाददाता,फतेहपुर

- वेलफेयर स्टाम्प पर की गई राजस्व चोरी
- मामले की निष्पक्ष जांच की उठाई मांग

**अमृत विचार।** बिंदकी तहसील के एक अधिवक्ता ने लगे आरोप पर अपनी सफाई देते हुए कहाकि पिछले दिन शनिवार को आमसभा में एल्डर कमेटी का गठन किया गया। वर्तमान आदर्श अधिवक्ता संघ अध्यक्ष व सचिव से आय-व्यय का ब्योरा मांगा गया, जिसका हिसाब नहीं दे सके। अधिवक्ता जगदीश सिंह गोली ने अध्यक्ष पर गंभीर आरोप लगाए हैं और निष्पक्ष जांच की मांग की है।

तहसील बिंदकी के अधिवक्ता जगदीश सिंह उर्फ गोली सिंह ने बताया कि पिछले दिन 17 फरवरी को तहसील बिंदकी के अधिवक्ता मीटिंग हाल में अधिवक्ताओं ने आमसभा की गई। बैठक दौरान वर्तमान आदर्श अधिवक्ता संघ बिंदकी अध्यक्ष व सचिव से आय-व्यय का ब्योरा मांगा गया। संघ द्वारा वर्ष भर में कोई बैठक नहीं बुलाई गई। अधिवक्ता से संबंधित वकालतनामा में वेलफेयर टिकट न लगाकर स्टाम्प राजस्व की चोरी की गई। समूचे कार्य काल में आय-व्यय का कोई ब्योरा नहीं दिया गया और न ही आडिट कराया गया। अधिवक्ता संघ के नये चुनाव का समय आ गया और अगामी मार्च में चुनाव होना प्रस्तावित है। आगामी चुनाव को देखते हुए अधिवक्ताओं ने आमसभा की बैठक में चुनाव को लेकर विचार विमर्श किया गया। इस पर अध्यक्ष सुशील कुमार बाजपेयी व सचिव सत्यार्थ सिंह गौतम 'मोनू' खुलकर विरोध करने लगे और अधिवक्ताओं के साथ अभद्रता भी किया जो निंदनीय है। अध्यक्ष व सचिव के कृत्यों से अधिवक्ता काफी आहत हैं। मानसिक आघात भी पहुंचा है। आमसभा की बैठक में कमेटी के उक्त पदाधिकारियों का साफ कहना था कि आय-व्यय का कोई ब्योरा-हिसाब नहीं देंगे जो समझ में आये कर लो, चाहे बार कौंसिल उत्तर प्रदेश से शिकायत कर दो, तुम लोग हमारा कुछ नहीं बिगाड़ पाओगे। आरोप लगाया वर्तमान अधिवक्ता संघ ने सरकार को राजस्व पहुंचाने वाले व अधिवक्ता कल्याण के धन का गबन किया गया है। जिससे अधिवक्ताओं के हित के कार्य भी प्रभावित हुए।

स्वर्गवासी हो चुके अधिवक्ताओं के परिवार को दी जाने वाली 50 हजार की धनराशि भी नहीं दी गई। इस बर्ताव को लेकर अधिवक्ताओं ने सभा में अपनी-अपनी बात रखते हुए वर्तमान संघ कमेटी की निंदा की गई, जिसका अध्यक्ष व सचिव कोई जवाब नहीं दे पाये।

### बुलाई जा सकती है बैठक

आदर्श अधिवक्ता संघ अध्यक्ष सुशील कुमार बाजपेयी ने कहाकि आमसभा की बैठक वर्तमान सचिव द्वारा बुलाई जा सकती है। बैठक बुलाना मंत्री का काम है। मीटिंग में एल्डर कमेटी द्वारा चुनाव कमेटी का गठन वर्तमान अधिवक्ता संघ कर सकता है न कोई और सख्स। अधिवक्ता जगदीश सिंह, गोली सिंह हमारी कमेटी के कोई पदाधिकारी भी नहीं है।

# शादी न करने पर युवती का अश्लील वीडियो वायरल

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- तहरीर के आधार पर पुलिस ने दर्ज किया रिपोर्ट
- बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का है मामला

**अमृत विचार।** शादी को मजबूर करने के लिए युवती के बनाए अश्लील वीडियो को युवक ने सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। युवती ने युवक की हरकतों से तंग आकर शादी से इन्कार किया था। पुलिस ने युवक और उसके परिजनों समेत पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने एफआईआर में बताया कि जून 2021 में जाफरगंज थाना क्षेत्र के केवाई गांव निवासी नत्थू सोनकर के बेटे नीलू सोनकर से अपनी बेटी की शादी तय की थी। फलदान और वरीक्षा में नकदी समेत एक लाख रुपये खर्च किए थे। नशे में नीलू बेटी से वीडियो कॉल कर आत्महत्या करने की बात कहकर धमकाता है। उससे अश्लील हरकत करने को कहने लगा। डरकर नीलू के कहने के अनुसार बेटी सब कुछ करती गई। उसका वीडियो नीलू ने रिकॉर्ड कर लिया। नीलू की हरकत से तंग होकर बेटी ने शादी से इन्कार कर दिया। शादी तोड़ने पर घर के फोन व अन्य लोगों के व्हाट्सएप ग्रुप पर बेटी का अश्लील वीडियो वायरल किया। युवक परिवार को धमकी दे रहा है कि शादी कर दो वरना वीडियो वायरल करता रहेगा।

**परीक्षार्थियों के लिए** | बोर्ड परीक्षा नजदीक आते ही विषय विशेषज्ञ दे रहे बच्चों को तनावमुक्त परीक्षा देने के टिप्स

# गणित में जितना अधिक अभ्यास, उतना ही शानदार परिणाम

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- बोर्ड परीक्षा को लेकर छात्र छात्राओं में शुरू हो जाता तनाव व घबराहट
- परीक्षा समाप्त होने से 15 मिनट पहले फिर से सभी प्रश्नों के हल को देख लें

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड की इंटरमीडिएट गणित की परीक्षा 29 फरवरी को होगी। विशेषज्ञों का मानना है कि गणित में जितना अधिक अभ्यास करेंगे उतना ही शानदार रिजल्ट भी होगा। शहर के राजकीय इंटर कालेज में प्रधानाचार्य रहे उदय प्रभात ने बच्चों को टिप्स देते हुए बताया कि परीक्षा में अच्छे नंबर लाने हों तो कम से कम पिछले पांच साल का अनसॉल्व्ड पेपर जरूर हल कर लें।

संभव हो तो पेपर को तीन घंटे में हल करने की घर पर प्रैक्टिस करें जिस प्रकार एग्जाम में करते हैं। इससे आत्मविश्वास बढ़ेगा और परीक्षा के दौरान दबाव महसूस नहीं होगा। परीक्षा से पूर्व पाठ्यक्रम की पुनरावृत्ति एवं प्रत्येक टॉपिक से संबंधित उदाहरणों एवं प्रश्नों को हल करने का निरन्तर अभ्यास अवश्य करें।

**परीक्षार्थियों के लिए जरुरी:** विद्यार्थी इस बात पर विशेष ध्यान दें कि गणित विषय में प्रश्नों के हल में प्रत्येक स्टेप पर अंक मिलते हैं। अति लघु उत्तरीय, लघु एवं दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों को क्रमवार हल करें। परीक्षा समाप्त होने से 15 मिनट पहले एक बार फिर से सभी प्रश्नों के हल को देख लें तथा साथ में यह भी देख लें कि कोई प्रश्न छूटा तो नहीं है।

यूपी बोर्ड

### ऐसा होता है अंक विभाजन

| | |
|---|---|
| इकाई अंक सम्बन्ध तथा फलन | 10 |
| बीजगणित | 15 |
| कलन (अवकलन, समाकलन) | 44 |
| सदिश तथा त्रिविमीय ज्यामिती | 18 |
| रैखिक प्रोग्रामन | 05 |
| प्रायिकता | 08 |

### कुछ खास टिप्स

- प्रश्नपत्र में दिए गए प्रश्नों को हल करने से पूर्व ध्यानपूर्वक अवश्य पढ़ें। प्रश्नपत्र में जिन प्रश्नों का हल स्पष्ट हो उसे पहले हल करें तत्पश्चात् जिन प्रश्नों में कठिनाई हो उसे बाद में हल करें।
- प्रश्नों को हल करने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि आपने प्रश्न सही-सही उतारा है अथवा नहीं।
- प्रश्नों को हल करने में आवश्यक सभी चरण (स्टेप्स) जरूर लिखें।
- प्रश्नों के हल को स्पष्ट करने में आवश्यक चित्रों एवं ग्राफ का प्रयोग अवश्य करें।
- प्रश्नों को स्वच्छ वस्पष्ट से हल करें, ओवरराइटिंग, ज्यादा कटिंग न हो।
- रफ कार्य उत्तर पुस्तिका के अंतिम पृष्ठ पर या दाहिनी ओर मार्जिन खींच कर करें तथा उस पृष्ठ के ऊपरी भाग पर रफ कार्य अंकित करें। रफ कार्य करने के पश्चात् एक सीधी रेखा से काट दें।
- रैखिक प्रोग्रामन के प्रश्नों को हल करते समय रेखाएं खींचने में स्केल व पेंसिल का प्रयोग अवश्य करें।
- समाकलन में सभी मानक समाकलनों को सूचीबद्ध करते हुए उन्हें याद करें।

### बहुविकल्पीय प्रश्न

प्राय: समुच्च सिद्धान्त, आव्यूह समाकलन, अवकलन एवं सदिश विश्लेषण से आते हैं। इनके अति लघुउत्तरीय प्रश्नों का पर्याप्त अभ्यास कर लें। लघुउत्तरीय प्रश्न, फलन, समुच्च सिद्धान्त, सदिश विश्लेषण प्रतिलोम वृत्तीय फलन और निर्देशांक ज्यामितीय से अधिक पूछे जाते हैं। इन प्रश्नों पर पर्याप्त अभ्यास करें।

### दीर्घउत्तरीय प्रश्न

अवकलन एवं समाकलन के अनुप्रयोगों, समाकलन द्वारा वक्रों से घिरे क्षेत्रफलों का निर्धारण, निश्चित समाकलन के प्रगुण और प्रायिकता से पूछे जाते हैं। ऐसे प्रश्नों का खूब अभ्यास कर लें। आव्यूह, सारणिक एवं प्रतिलोम त्रिकोणमितीय फलन पर ज्यादा ध्यान केन्द्रित करके अच्छे अंक प्राप्त किए जा सकते हैं।

# ट्रांसजेंडर्स को मतदान के लिए किया जागरूक, दिलाई शपथ

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- शहर के पीरनपुर में चलाया गया अभियान
- स्वीप कार्यक्रम के तहत किया गया आयोजन

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान कराने के लिए रविवार को स्वीप कार्यक्रम के तहत ट्रासजेंडरों के बीच मतदान अवश्य कराने के लिए जागरुकता फैलाई गई। राजधर्म निर्वाह को करिए ये शुभ दान।

इसी भाव को जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से स्वीप आइकॉन डॉ अनुराग श्रीवास्तव जिला निर्वाचन अधिकारी, जिलाधिकारी सी इंदुमती के मार्गदर्शन में ट्रांसजेंडर्स के बीच पीरनपुर पहुंचे। जहां सभी ट्रांसजेंडर्स के ऊपर पुष्पवर्षा कर उनका अभिनंदन किया किया गया। उसके बाद मतदान के लिए जागरूक करने के साथ मतदाता शपथ भी दिलाई। अपील की गई कि जब भी समाज में कहीं भी बधाई संदेश देने जाएं तो आमजनमानस को भी राष्ट्रधर्म निभाने के लिए जागरूक करें। फिर इंडियन रेडक्रास सोसाइटी व डॉ सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में चेयरमैन डॉ अनुराग द्वारा सभी को हाइजीन किट, मास्क व रोगप्रतिरोधक क्षमता विकसित करने में सहायक होमियोपैथिक औषधि प्रदान की गई। सभी ट्रांसजेंडर्स ने डॉ अनुराग का आभार व्यक्त किया।



ट्रांसजेंडर्स को दिलाई गयी मतदान की शपथ। अमृत विचार

इस अवसर पर नब्बू बाई, इक़बाल बाई, बबली बाई, विमला बाई, फूलन बाई सहित ट्रांसजेंडर्स एवं संयोजक दिव्यांग प्रकोष्ठ इंडियन रेडक्रास सोसाइटी चैतन्य कुमार आदि उपस्थित रहे।

षडेव तु गुणा : पुंसा न हातव्या : कदाचन।
सत्यं दानमनालस्यमनसूया क्षमा धृति : ॥

व्यक्ति को कभी भी सच्चाई, दानशीलता, निरालस्य, द्वेषहीनता, क्षमाशीलता और धैर्य – इन छह गुणों का त्याग नहीं करना चाहिए।

## संपादकीय

# वैश्विक सुरक्षा चुनौतियां

आज दुनिया परमाणु खतरों, जलवायु संकट और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जोखिम जैसी कई चुनौतियों का सामना कर रही है। अंतर्राष्ट्रीय समुदाय पहले से कहीं अधिक विभाजित है। इन हालात में इस वर्ष के म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन का खास महत्व रहा। आयोजन की महत्ता के मद्देनजर विदेशमंत्री एस.जयशंकर तीन दिवसीय म्युनिख सुरक्षा सम्मेलन (एमएससी) में शामिल हुए। सम्मेलन वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों पर केंद्रित रहा। इससे पहले सम्मेलन के आयोजकों ने दुनिया भर में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और आर्थिक अनिश्चितता पर केंद्रित म्यूनिख सुरक्षा रिपोर्ट जारी की।'रक्षा का दावोस' कहा जाने वाला एमएससी अंतर्राष्ट्रीय कूटनीति का एक बड़ा मंच है। इस मंच के जरिए दुनिया भर के नेता और राजनयिक अहम मुद्दों पर अपनी राय रखते हैं। ये प्रमुख सुरक्षा और विदेश नीति के मुद्दों पर चर्चा और समाधान करने पर केंद्रित है। यानि यह राजनीतिक नेताओं, नीति निर्माताओं, सैन्य अधिकारियों, विशेषज्ञों और नागरिक समाज के प्रतिनिधियों के लिए वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों पर बातचीत और बहस में शामिल होने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है। इसकी शुरुआत 1962 में एक जर्मन सैन्य अधिकारी एवाल्ड फोन क्लाइस्ट ने की। क्लाइस्ट वही सैन्य अधिकारी हैं जिन्होंने तानाशाह एडोल्फ हिटलर की हत्या की योजना बनाई। सम्मेलन के दौरान विदेश मंत्री जयशंकर ने यूरोप और अमेरिका की विभिन्न आशंकाओं को निराधार बताया। उन्होंने कहा कि भारत पश्चिमी देशों का विरोधी नहीं बल्कि पश्चिमी देशों से अलग है। रूस के साथ व्यापार और दूसरी तरफ अमेरिका के साथ बढ़ते संबंधों के बीच संतुलन बनाए रखने के मुद्दे पर कहा यूक्रेन रूस विवाद पर भारत अपनी बात स्पष्ट करता रहा है। भारत ने इस मामले पर हिंसा को खत्म करने के लिए बातचीत और कूटनीति से बीच का रास्ता निकालने की वकालत की है। गाजा में मौजूदा स्थिति को लेकर चिंता के बीच कहा कि भारत कई दशकों से कहता रहा है कि फिलिस्तीन मुद्दे का द्विराष्ट्र समाधान होना चाहिए। महत्वपूर्ण है कि जयशंकर ने अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और जर्मनी की विदेश मंत्री एनालेना बेयरबॉक की मौजूदगी में यह टिप्पणी की। इस बीच, अमेरिका ने कहा है कि संयुक्त राष्ट्र में संघर्ष विराम प्रस्ताव पेश होने पर फिर से वह वीटो शक्ति का इस्तेमाल करेगा। अमेरिका, इजराइल का करीबी सहयोगी है। कहा जा रहा है कि एमएससी यूक्रेन संकट और फिलिस्तीन-इजरायल संघर्ष जैसी कई वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों पर चर्चा के लिए अनूठा अवसर साबित हुआ। वहां अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा नीति के मुद्दों की एक विस्तृत श्रृंखला पर चर्चा की गई। ऐसे में अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को तात्कालिकता और एकजुटता की नई भावना के साथ न्याय-आधारित समाधानों को आगे बढ़ाने की आवश्यकता है।

# सौर ऊर्जा से बुंदेलखंड में विकास की संभावनाएं


अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

भारत सरकार की अल्ट्रा मेगा रिन्यूएबल सोलर पॉवर पार्क योजना के तहत 12 सौ मेगावॉट क्षमता की जालौन में सोलर पावर पार्क की स्थापना जा रही है,जिसे यूपीनेडा एवं एनएचपीसी लिमिटेड के संयुक्त उपक्रम बुंदेलखंड सौर ऊर्जा लिमिटेड द्वारा स्थापित किया जा रहा है।

जहां एक ओर शुष्क और गर्म जलवायु,पानी की कमी और पठारी क्षेत्र होने के कारण बुंदेलखंड खेती,उद्योग और विकास की दृष्टि से पिछड़े होने का दंश झेल रहा है,वहीं दूसरी ओर यही कमी इसको नवीकरणीय सौर उर्जा के बेहतर उत्पादन को लिए अनुकूल माहौल भी प्रदान करता है। यही कारण है कि बुंदेलखंड में खाली जमीन की उपलब्धता और मौसम के साफ रहने के कारण प्रचुर मात्रा में उपलब्ध सौर ऊर्जा से यहां पर सोलर प्लांट लगाने को निजी कंपनियां आकर्षित हुई हैं। उपयुक्त जलवायु के चलते बुंदेलखंड में सौर ऊर्जा प्लांटों की स्थापना काफी पहले प्रारंभ हो गई थी।

वर्ष 2016 में पनवाड़ी,महोबा और हमीरपुर में लगाए गए निजी सौर ऊर्जा प्लांटों से लगभग 200 मेगावॉट बिजली की आपूर्ति की जा रही है। बुंदेलखंड के सातों जिलों बांदा,चित्रकूट, हमीरपुर, महोबा, जालौन, झांसी और ललितपुर में अब तक लगभग साढ़े 500 मेगावाट क्षमता के सोलर प्लांट निजी कंपनियों के माध्यम से स्थापित किए जा चुके हैं। यूपीनेडा के आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश में बड़ी सौर परियोजनाएं मात्र 18 जिलों में चल रही हैं जिनमें सात जिले बुंदेलखंड के ही हैं। ज्यादातर परियोजनाएं बुंदेलखंड के सूखाग्रस्त इलाकों में है,जहां की जमीन खेती के दृष्टिकोण से उन्नत नहीं है। यूपीनेडा के अनुसार राज्य में स्थापित 949 मेगावाट की ग्रिड से जुड़ी सौर परियोजनाओं में से 553 मेगावाट की परियोजनाएं बुंदेलखंड में हैं। सरकार ने बुंदेलखंड में उपयुक्त जलवायु और क्षेत्रीय स्थिति के दृष्टिगत यहां सौर विद्युत परियोजनाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चार हजार मेगावॉट सौर ऊर्जा उत्पादन के लिए ग्रीन एनर्जी कॉरीडोर का निर्माण करने की योजना तैयार की है,जिस पर लगभग 55 सौ करोड़ रुपए का निवेश होगा।

भारत सरकार की अल्ट्रा मेगा रिन्युएबल सोलर पॉवर पार्क योजना के तहत 12 सौ मेगावॉट क्षमता की जालौन में सोलर पावर पार्क की स्थापना जा रही है,जिसे यूपीनेडा एवं एनएचपीसी लिमिटेड के संयुक्त उपक्रम बुंदेलखंड सौर ऊर्जा लिमिटेड द्वारा स्थापित किया जा रहा है। इसी योजना के तहत 600-600 मेगावॉट क्षमता की सोलर पॉवर पार्क की झांसी और ललितपुर में स्थापना की जा रही है। वर्तमान में विश्व में लगभग 80 प्रतिशत लोग जीवाश्म ईंधन यानि डीजल-पेट्रोल का उपयोग कर रहे हैं जिसका परिणामस्वरूप ग्लोबल वार्मिंग,जलवायु परिवर्तन,ओजोन संकट का खतरा सामने आ रहा है। इसके विकल्प के रूप में अपनाए जाने वाले नवीकरणीय ऊर्जा के बेहतर उपयोग के लिए विश्व में लगभग 4.5 अरब डॉलर के निवेश की आवश्यकता है जिसके लिए विकासशील और विकसित देश सक्षम नहीं है। हालांकि भारत एशिया में तीसरे और दुनिया में पांचवें स्थान पर नवीकरणीय ऊर्जा का उत्पादन कर रहा है। फिर भी यहां कुल ऊर्जा खपत में जीवाश्म ईंधन से 75.5 प्रतिशत,परमाणु शक्ति से 2.8 प्रतिशत,सौर ऊर्जा से 4.2 प्रतिशत,पवन ऊर्जा से 4.6 प्रतिशत,पनबिजली से 10.7 प्रतिशत,बायोमास 0.5 प्रतिशत ऊर्जा का उपयोग हो रहा है।

> वस्तुत : सौर ऊर्जा एक नवीकरणीय स्रोत है जिसका अर्थ है कि संसाधनों की समाप्ति के बिना अनियत काल तक इसका उत्पादन किया जा सकता। असल में सौर ऊर्जा को ऊर्जा का सबसे स्वच्छ रूप माना जाता है,क्योंकि इसमें जीवाश्म ईंधन की तरह कोई कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन नहीं होता है।

भारत के अधिकांश क्षेत्र में वर्ष में 250-300 धूप निकलने वाले दिनों सहित प्रतिदिन प्रति वर्गमीटर 4-7 किलोवाट घंटे का सौर विकिरण प्राप्त होता है। इसके बावजूद उपलब्ध क्षमता की तुलना में देश में सौर ऊर्जा का दोहन बहुत ही कम है। वस्तुत उष्णकटिबंधीय देश होने के नाते भारत में सौर ऊर्जा के दोहन की अपार संभावनाएं है। इसमें हिमालय के पहाड़, बुंदेलखंड के पठार,राजस्थान रेगिस्तान, गुज़रात के कच्छ सहित अन्य प्रदेशों के पहाड़ी और बंजर जमीन उपयोगी साबित हो सकते हैं। इसी के दृष्टिगत सरकार ने भारत की नवीकरणीय ऊर्जा की स्थापित क्षमता को वर्ष 2030 तक पांच सौ गीगावाट तक विस्तारित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। देश के ग्रामीण इलाकों के दूरदराज क्षेत्रों तक स्वच्छ और सस्ती बिजली पहुंचाने के लिए वर्ष 2019 में प्रधानमंत्री सोलर पैनल योजना शुरू की गई थी,लेकिन वर्ष 2024 तक सौर ऊर्जा के 40 गीगावाट लक्ष्य की तुलना में उत्पादन मात्र 11 गीगावाट का ही हो पाया है। लक्ष्य प्राप्ति के लिए भारत सरकार ने पीएम सूर्योदय योजना प्रारंभ की है जिससे लोगों को न केवल 24 घंटे मुफ्त बिजली मिलेगी,बल्कि हरित ऊर्जा के लक्ष्य की पूर्ति में भी सहायता मिलेगी। इस योजना के अंतर्गत रुफ टाप सोलर (आर टी एस) योजना का सरलीकरण कर हरेक घर की छत पर सोलर पैनल लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

देश के लगभग 25 करोड़ घरों के छतों पर 637 गीगावाट सौर संयंत्र स्थापित कर सकने की क्षमता है। संस्था टेरी के अनुसार जहां सौर ऊर्जा से उत्पादित बिजली की लागत 2.50 से 3.50 रुपये प्रति यूनिट है,वहीं ग्रिड आधारित बिजली की लागत छह से सात रुपये है। मार्च 2019 में केंद्र सरकार ने कृषि क्षेत्र में डीज़ल को खत्म करने,किसानों को पानी और ऊर्जा सुरक्षा प्रदान करने,उनकी आय बढ़ाने और पर्यावरण प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए पीएम कुसुम योजना की शुरुआत की जिसके अंतर्गत 30 अप्रैल 2023 तक भारत में कुल 219,674 सौर सिंचाई पंप स्थापित किए गए हैं। उत्तर प्रदेश में मात्र 20688 पंप लगाए गए हैं जिनमें से 5589 बुंदेलखंड क्षेत्र हैं। सौर सिंचाई पंप बुंदेलखंड में किसानों को खरीफ सीजन के बाद फसल उगाने में मदद कर रहे हैं जिससे इन क्षेत्रों से पलायन रुक रहा है। सौर ऊर्जा संयंत्रों की रख-रखाव के लिए 30 हजार युवकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा और उन्हें 'सूर्य मित्र' का नाम दिया गया है। प्रोत्साहन प्रावधानों के तहत ऑनलाइन सिंगल विंडो क्लीयरेंस की व्यवस्था के साथ ही सौर ऊर्जा परियोजनाओं के लिए स्टॉम्प ड्यूटी और इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी में शत-प्रतिशत छूट का प्रावधान किया गया है,लेकिन छोटे शहरों और गांवों में आरटीएस योजना ज्यादा सफल नहीं हो सकी है,क्योंकि यहां बिजली कटौती ज्यादा होती है। वैसे भी आरटीएस योजना के लिए एकमुश्त पैसे देना भी निम्न मध्यवर्गीय परिवारों के लिए आसान नहीं है। कुसुम-बी योजना में 36,842 स्वीकृत सौर पंपों की तुलना में मात्र 12,773 पंप ही लगे। कुसुम-सी योजना में 4 लाख पंप की तुलना में एक भी पंप नहीं लग पाया है। वैसे भी सोलर पंप योजना बुंदेलखंड की परिस्थितियों के दृष्टिगत ज्यादा उपयुक्त नहीं है,क्योंकि यहां भू-जल स्तर पहले से ही कम है। सोलर पंप के चलते ज्यादा भूजल दोहन होने पर भूमि के स्वास्थ्य पर खराब असर पड़ेगा,लेकिन अन्ना पशुओं की समस्या से ग्रस्त बुंदेलखंड में सोलर चालित फेंसिंग उनके फसलों को अन्ना पशुओं और वनरोजों से बचाने में उपयोगी साबित हो सकता है।

वस्तुतः सौर ऊर्जा एक नवीकरणीय स्रोत है जिसका अर्थ है कि संसाधनों की समाप्ति के बिना अनियत काल तक इसका उत्पादन किया जा सकता। असल में सौर ऊर्जा को ऊर्जा का सबसे स्वच्छ रूप माना जाता है,क्योंकि इसमें जीवाश्म ईंधन की तरह कोई कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन नहीं होता है। जब तक सूर्य मौजूद है तब तक पृथ्वी पर यह प्रचुर मात्रा में उपलब्ध भी होता रहेगा। इतना ही नहीं इस ऊर्जा को बैटरियों में संग्रहित भी किया जा सकता है,लेकिन वर्तमान में सौर पैनलों की साफ- सफाई एक समस्या के रूप में सामने आ रही है जिसमें प्रति वर्ष लगभग 10 बिलियन गैलन जल का उपयोग किये जाने का अनुमान है। बुंदेलखंड जैसे पानी की कमी से जूझ रहे क्षेत्र के लिए यह एक चुनौती है। यदि जलरहित सफाई की जाती है तो एक तरफ यह श्रमसाध्य कार्य है,दूसरी ओर इससे पैनलों की सतहों पर अपरिवर्तनीय खरोंच लगने का खतरा भी उत्पन्न होता है जिससे पैनलों की दक्षता कम हो सकती है। फिर भी सौर ऊर्जा बुंदेलखंड के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है, जिसका न तो पर्यावरण पर कोई असर पड़ने वाला है और न ही यहां के जल संसाधन या खेती पर कोई विपरीत असर पड़ेगा।

## प्रसंगवश

# मुझे कैसा डर

रूस में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की तानाशाही से संघर्ष करते जनयोद्धा, वकील एलेक्सी नवेलनी की बीते शुक्रवार साइबेरिया की जेल में मृत्यु हो गई। वे मात्र 47 वर्ष के थे। उन्हें जेल में जहर देकर मारने की आशंका है। वे 19 साल की सजा काट रहे थे। पुतिन की पार्टी यूनाइटेड रशिया को नवेलनी 'ठगों की पार्टी' बताते थे। मास्को में नवेलनी की पत्नी यूलिया ने कहा कि पुतिन को इसकी सजा जरूर मिलेगी। उन्होंने कहाः' मैं वैश्विक बिरादरी से रूस की शैतानी सरकार के खात्मे की अपील करती हूं।' मां ल्यूडमिला ने कहा कि मैं 12 फरवरी को बेटे से जेल में मिली थी,वो स्वस्थ और खुश था।


के. विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

एक सफल वकील के रूप में अपनी पहचान नवेलनी ने कायम की। उन्होंने 2008 में एक ब्लॉग लिखकर सरकारी कंपनियों के घोटालों को उजागर किया था। वह 2013 में मास्को के मेयर पद के लिए खड़े हुए थे और दूसरे नंबर पर आए थे। बाद में उन्होंने राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ने की कोशिश की,लेकिन आपराधिक मुकदमों की वजह से उन पर रोक लगा दी गई। उन्होंने इन मुकदमों को राजनीति से प्रेरित बताया था। रूस के खुफिया एजेंटों ने 2020 में नवेलनी को साइबेरिया में घातक जहर नोविचोक देकर मारने की कोशिश की थी। जर्मनी में इलाज के बाद उन्हें चेताया गया था कि उनका रूस लौटना सुरक्षित नहीं होगा। नवेलनी ने किसी की नहीं सुनी और कहा कि ' मैं रूस लौटूंगा,जर्मनी में राजनीतिक प्रवासी नहीं बनूंगा।' नवेलनी कहते थेः'मुझे कैसा भय? डर तो उनको (पुतिन) लगना चाहिए।' याद आते हैं रूसी संपादक और नोबेल पुरस्कार से नवाजे गए पत्रकार दिमित्री मुरातोव। पुतिन के अन्याय का वह भी शिकार रहे। उन दिनों जेल में नजरबंद एलेक्सी नवेलनी पर दिमित्री मुरातोव ने कहा था : 'इस नोबेल पुरस्कार का असली हकदार नवेलनी ही हैं। वह जेल में पुतीन द्वारा दी जा रही असह्य यातना का शिकार है।' नोबेल समिति से उनका आग्रह था कि अंतर्राष्ट्रीय यातना विरोधी न्याय प्राधिकरण का गठन हो। मानव की आत्मा की आजादी सुनिश्चित करने हेतु उनकी घोषणा थी कि उन्हें मिला पारितोष मानव मुक्ति के लिए संघर्षरत हर पत्रकार के नाम है।

# सभी धर्मों और किसानों का सम्मान करते थे शिवाजी


सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

> 1676 में भयंकर अकाल पड़ने पर शिवाजी ने अपने अधिकारियों को निर्देश दिया कि उन किसानों को बैल दे दो जिनके बैल सूखे के कारण मर गए हैं। यदि किसी के पास भोजन की व्यवस्था नहीं है तो उन्हें एक खांडी या दो खांडी दे दो इससे हमारे खजाने पर बोझा पड़ेगा,लेकिन पुनर्प्राप्ति के लिए किसानों से जल्दबाजी न करें जब वे सक्षम हो जाए तो मूल राशि लें ब्याज न जोड़ें। इस कार्य को अविलंब लागू किया जाए।

हिंदू संगठन और उनके अनुषांगिक संगठन शिवाजी महाराज को हिंदू प्रतापी के तौर पर स्थापित करते हुए केसरिया ध्वज लहराते हुए उनकी जयंती के कार्यक्रम मनाते हैं। हालांकि वे धर्मनिरपेक्ष थे वीर,पराक्रमी,चरित्वान थे, उन्होंने अपने कौशल के दम पर स्वराज बनाया। उनके चरित्र में भेदभाव नहीं था। वे अपने विरोधियों के धर्म और स्त्रियों का सम्मान करने वाले महाराज थे। शिवाजी की सेना में मुसलमान थे,महार थे, मराठे, शूद्र थे, जब औरंगजेब ने आगरा में शिवाजी को नजरबंद किया तब उनको आजाद कराने में मदारी मेहतर की बड़ी भूमिका थी। उनके गुप्तचर मामलों के सचिव मौलाना हैदर अली थे और तोपखाने की कमान इब्राहिम गर्दी के हाथों में थी।

शिवाजी महाराज का जन्म 19 फरवरी 1630 को शिवनेरी किला में महाराष्ट्र के पुणे में हुआ। पिता शाहजी भोंसले तथा माता जीजाबाई थीं। आज जब भारत में किसान अपनी मांगों के लिए आंदोलनरत हैं, ऐसे शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर,उनकी किसानों के प्रति आस्था तथा किसानों के लिए कल्याणकारी नीति याद करने का दिन है। वो गरीबी का दौर था,जब सूखे का दंश झेल रहे किसान हलकान थे। सिंचाई के साधन दुर्लभ थे,तब भी इतिहास में उनके शासन में किसी किसान ने कर अदायगी या कर्ज न चुका पाने के कारण आत्महत्या की हो,का उदाहरण नहीं मिलता। आज देश प्रजातांत्रिक है,हजारों किसान बैंकों का कर्ज न चुका पाने के कारण आत्महत्या कर रहें हैं। लोकतांत्रिक सरकारें पूंजीपतियों के कर्ज तो माफ करती हैं,लेकिन ऐसी नीति नहीं बनाती जिससे अन्नदाताओं का जीवन सुखमय हो सके। उनके कार्यकाल के दौरान किसान नीति पूंजीवाद और व्यापारिकता के परक ही नहीं थी, बल्कि आम किसानों के हितों को बढ़ावा देने वाली थी। एक बार उनके गुप्तचर ने सूचना दी शाहिस्ते खां पुणे की ओर बढ़ रहा है,तब उन्होंने सुरजेराव जेठे को कहा किसानों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया जाए,किसी भी नुकसान पर उनकी नाराजगी मानी जाए। किसानों का हित साधना पुण्य है, मुसीबत में छोड़ देना पाप है।

1676 में भयंकर अकाल पड़ने पर शिवाजी ने अपने अधिकारियों को निर्देश दिया कि उन किसानों को बैल दे दो जिनके बैल सूखे के कारण मर गए हैं। यदि किसी के पास भोजन की व्यवस्था नहीं है तो उन्हें एक खांडी या दो खांडी दे दो इससे हमारे खजाने पर बोझा पड़ेगा,लेकिन पुनर्प्राप्ति के लिए किसानों से जल्दबाजी न करें जब वे सक्षम हो जाए तो मूल राशि लें ब्याज न जोड़ें। इस कार्य को अविलंब लागू किया जाए। शिवाजी राजे इस बात का बहुत ध्यान रखते थे कि उनके राज्य में कोई भूखा न सोये। जानवरों तक का ख्याल रखा जाता था। किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण की व्यवस्था थी। किसान की उपज का वाजिब मूल्य मिले इसका ख्याल रखा जाता था। किसानों के कर बहुत कम थे।

आज किसान अपनी फसल के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी के लिए आंदोलनरत हैं जिनके मार्ग अवरुद्ध किए जा रहे हैं। पिछलीबार प्रधानमंत्री ने अपनी तपस्या की कमी माना था। सरकार गंभीरता पूर्वक हल निकालेगी यह सोचकर किसानों का आंदोलन समाप्त हुआ,लेकिन किसानों का लंबे इंतजार के बाद सब्र जबाब दे रहा था। अब सामाजिक न्याय के किसान नेता पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न से सम्मानित किया गया। एक और किसान नेता जिनका कद भी बहुत सम्मानीय है, सर छोटूराम। उनका कहना था कि यदि दुनिया में कोई धंधा ऐसा है जिसकी नेक कमाई है तो वह यही किसान है।

यदि दुनिया में कोई ऐसा व्यक्ति है तो संतोष जीवन का ज्वलंत उदाहरण है जिसके सीने में श्रद्धा है,हाथ उदार हैं,दिल पवित्र है,नियत का उजाला है,पशु का मित्र है। शिवाजी महाराज, सर छोटूराम, चौधरी चरण सिंह पर श्रद्धा रख सरकार को चाहिए किसानों के साथ खुले दिल से बात कर,उनकी मांगों पर विचार करें।

## सोशल फोरम

# पतिव्रता और पतिवृत्ता में अंतर

> पति कितना ही शातिर हो या कितने ही उच्च पद पर आसीन हो,इस त्रिज्या को पार नहीं कर सकता। यदि किसी तरफ से बढ़ाने की कोशिश करता है तो वृत्त की शक्ल पिचकी हंडिया की तरह हो जाती है।

पतिव्रता और पतिवृता में क्या अंतर है? हालांकि इसको लिखते हुए भीतर डर है,लेकिन होली के पूर्वागमन का प्रभाव होने लगा है। इसलिए सभी सन्नारियों से प्रार्थना है कि इस लिखे को उसी भावना से प्रेरित माना जाए। पुराने समय में अच्छा पति पाने के लिए कन्याएं सोलह सोमवार का व्रत रखती थी (अब इसका चलन नहीं है, क्योंकि या तो अच्छे पतियों का अभाव हो गया है या जरूरत नहीं रह गई)। पतिव्रत एक अपरिहार्य और कठिन तपस्या हुआ करती थी।


रमेश चंद्र पाठक
सेवानिवृत्त आईएएस

भले ही पति परदेश में हो, साल भर बाद घर आ पाता हो,लेकिन पत्नी उसकी यादों में पूरा साल निकाल दिया करती और जब पति के छुट्टी आने की चिट्ठी आती तो घर द्वार सजने लगते। यह मात्र एक उदाहरण है। अब पतिवृता का उदाहरण-पत्नी जी ने अच्छी कमाई या पद धारक किसी पुरुष की प्राप्ति बिना किसी व्रत आदि के कर ली और अब उनको 24×7 यही चिंता रहती है कि उनके पति का पैसा कौन-कौन खा रहा है या पति किसी दूसरी के चक्कर में तो नहीं पड़ रहा है या मौज मस्ती तो नहीं कर रहा है आदि के कारण उनको एक वृत्त की रचना पति के चतुर्दिक करनी पड़ती है। इस वृत की त्रिज्या,व्यास,केन्द्र और स्पर्श रेखा का चयन करना पड़ता है। इस प्रकार की नारी को कहते हैं पतिवृता, जो रेखागणितीय सिद्धांतों में पारंगत हैं। उनको भली भांति ज्ञात है कि वृत्त का एक निर्धारित क्षेत्रफल होता है, जो उसकी त्रिज्या पर निर्भर करता है और यह त्रिज्या कितनी होनी चाहिए इसका निर्धारण पतिवृता पत्नी करती हैं।

पति कितना ही शातिर हो या कितने ही उच्च पद पर आसीन हो,इस त्रिज्या को पार नहीं कर सकता। यदि किसी तरफ से बढ़ाने की कोशिश करता है तो वृत्त की शक्ल पिचकी हंडिया की तरह हो जाती है। इसे कहिए पतिवृता का पारिवारिक गणित।

-फेसबुक वॉल से

# पारदर्शिता की ओर कदम बढ़ाता एक ऐतिहासिक फैसला


अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

> इलेक्टोरल बांडों के माध्यम से प्राइवेट कंपनियों का सरकारों से अनुचित लाभ कमाने की बात किसी से छुपी नहीं है।

उच्चतम न्यायालय ने लोकसभा चुनाव से ठीक पहले एक बड़ा फैसला सुनाकर वित्त वर्ष 2017-2018 में शुरू की गई विवादित इलेक्टोरल बांड स्कीम को रद्द कर दिया गया है,जो यकीनन पारदर्शिता की ओर कदम बढ़ाता एक ऐतिहासिक फैसला है। सुप्रीम कोर्ट के हिसाब से इलेक्टोरल बांड स्कीम असंवैधानिक है। यह सूचना के अधिकार का उल्लंघन करती है और भाषण व अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर भी हस्तक्षेप करती है।

एक बड़े फैसले के तहत मुख्य न्यायाधीश जस्टिस चंद्रचूड़ के नेतृत्व में गठित की गई पांच जजों की बेंच ने स्टेट बैंक को 12 अप्रैल 2019 से अब तक खरीदे गए इलेक्टोरल बांड के खरीदारों के नाम और राजनीतिक दलों की ओर से खर्च और भुगतान की गई धनराशि आदि सभी विवरणों को 6 मार्च तक निर्वाचन आयोग के साथ साझा करने का आदेश दिया है। साथ ही निर्वाचन आयोग को भी निर्देशित किया गया है कि वह स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से प्राप्त सभी जानकारियों को 13 मार्च तक अपनी वेबसाइट पर अपलोड करे,जो इलेक्टोरल बांड अभी तक भुनाए नहीं गए हैं,उनकी तय धनराशि बैंक दानकर्ता को वापस लौटाएगा। वैसे भारतीय रिजर्व बैंक और निर्वाचन आयोग इलेक्टोरल बांड योजना को पहले ही अपारदर्शी करार दे चुके हैं। इलेक्टररोल बांड स्कीम में आम नागरिक, विपक्षी दल और चुनाव आयोग को जानकारी प्राप्त करने से रोकने के पूरे प्रावधान थे,पर सरकारी बैंकों के पास पूरा रिकॉर्ड था कि बांड किसने खरीदा और किस पार्टी को दान में दिया। पिछले 6-7 सालों में इस योजना के तहत कुल छह हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का धन सभी राजनीतिक पार्टियों को मिला है। वर्तमान सरकार के वर्ष 2016 में नोटबंदी के बाद तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली ने अगले ही वर्ष 2017-18 में वित्त विधेयक के माध्यम से इलेक्टोरल बांड योजना को लांच किया था जिसके लिए कई कानूनों में आवश्यक बदलाव भी किए गए थे।

मौजूदा इलेक्टोरल बांड स्कीम की प्रक्रिया पूर्णतः गोपनीय थी अर्थात् इनके खरीदारों को भी खरीद घोषित करने की और दूसरी तरफ राजनीतिक दलों को प्राप्त धन के स्रोत की जानकारी देने की कोई भी बाध्यता नहीं थी। चंदा देने वाला अपनी पहचान गोपनीय रखते हुए बैंक से एक करोड़ तक के इलेक्टोरल बांड खरीद सकता था और अपनी पसंद की राजनीतिक पार्टी को डोनेट कर सकता था। निश्चित तौर पर यह आपसी संबंधों और स्वार्थ पर आधारित प्रक्रिया कही जा सकती थी।

इलेक्टोरल बांडों के माध्यम से प्राइवेट कंपनियों का सरकारों से अनुचित लाभ कमाने की बात किसी से छुपी नहीं है। कंपनियां किसी भी राजनीतिक दल को चंदा देकर उसे अपने दबाव में ला सकती हैं और उसके सत्ता पर आने पर अपने हिसाब से काम निकलवा सकती हैं। जबकि उच्चतम न्यायालय का कहना है कि नागरिकों को जानने का अधिकार है कि सरकार का पैसा कहां से आता है और कहां जाता है। आज राजनीतिक संरक्षण के बल पर हर जगह माफिया सक्रिय हैं। खनन और रियल एस्टेट की बात तो छोड़िए, इन्होंने शिक्षा और सरकारी भर्ती प्रक्रिया को भी प्रभावित किया है। सरकारी नौकरियां दिन प्रतिदिन कम होती जा रही हैं और प्राइवेट सेक्टर में भी आए दिन छटनी देखने को मिल रही है। जिस देश में करोड़ों बेरोजगार युवा हैं,शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था बदहाल है,वहां चुनावों के दौरान पानी की तरह पैसा बहाना आम नागरिक के जख्मों में नमक छिड़कने जैसा ही है। एक तरफ नेताओं की संपत्ति में वर्ष दर वर्ष बढ़ोतरी होती जा रही है,दूसरी तरफ जनता महंगाई की मार झेल रही है। एक सरकारी कर्मचारी अपनी वार्षिक आय का 30 प्रतिशत तक आयकर में खर्च कर देता है,वहीं पार्टियों को मिलने वाले इस चंदे और आमदनी पर कोई कर भी नहीं लगता। इन राजनीतिक पार्टियों को भी सूचना के अधिकार के दायरे में लाना जरूरी है। यूं तो राजनीतिक दलों के नेता आए दिन एक दूसरे को नीचा दिखाने और शर्मिंदा करने वाले अपशब्द बोलने से भी नहीं चूकते,लेकिन जब जब उनके हित प्रभावित होते हैं तो सब एकजुट हो जाते हैं। इसी बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि इन्हें जनता के हित की कितनी परवाह है। हालांकि विपक्षी दल सत्ता पक्ष पर निशाना साथ रहे हैं और सत्ता पक्ष इसे अब भी पारदर्शी बता रही है,लेकिन आम जनता यह जानती है कि सभी राजनीतिक पार्टियों का चरित्र लगभग एक सा ही होता है।

# कैलास मानसरोवर की मुक्ति कब


रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

हनुमान जी द्वारा लंका में सीता जी की खोज करते हुए 'मंदिर मंदिर प्रति कर सोधा' कहा गया है। मंदिर का अर्थ घर भी है और भगवान का घर भी। इधर लोकसभा चुनावों को आसन्न देख हमारे प्रधानमंत्री भी ऐसा ही कर रहे हैं। अभी अयोध्या के राम मंदिर में उनके द्वारा कृत प्राण प्रतिष्ठा की सुर्खियां कम नहीं हुई थीं कि वे संयुक्त अरब अमीरात के अबूधाबी के पास बनाए गए एक मंदिर के उद्घाटन में पहुंचे। अब इसकी खबरें मीडिया में चल रही हैं। आगे मथुरा की श्रीकृष्ण जन्मभूमि और काशी की ज्ञानवापी के इस्लामिक निर्माणों से मुक्ति एजेंडे में है,जैसा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बाकायदा घोषित कर चुके हैं।

इस क्रम में याद दिलाना चाहूंगा कि भगवान शंकर के मूल निवास कैलास और मानसरोवर की चीन से मुक्ति कब कराई जाएगी? ये पुराण प्रसिद्ध भारतीय क्षेत्र हैं और अर्से से चीन इन पर कब्जा किए है। इनकी मुक्ति की बात ही नहीं हो रही है। ये वह जगहें हैं जिनका गहरा संबंध उन राम और कृष्ण से है जिनकी जन्मभूमि मुक्ति एजेंडे में ली गई। हिंदुओं के 'महादेव' मान्य भगवान शंकर श्रीराम के आराध्य हैं। राम ने रामेश्वरम् शिवलिंग की स्थापना करवाई थी और अंत में महापथ पर जाते हुए वे मानसरोवर भी गए थे। महर्षि वाल्मीकि कहते हैं- 'बदरीकाश्रमे रामःकेदारेशं विलोक्य सः। महापथं ततो गत्वा ययौ तन्मानसं सरः'।। यही नहीं भगवान कृष्ण अपने अभीष्ट की प्राप्ति के लिए कैलास पर्वत पर तप हेतु गए थे। 'शिव महापुराण' की 'उमा पंचम संहिता-अध्याय एक में कथा आई है। जब श्रीकृष्ण कैलास पर्वत पर पहुंचे तो उनको वहां उपमन्यु ऋषि तप करत मिले। उपमन्यु ने कृष्ण जी को शिव महिमा बतलाई और ' ॐ नमःशिवाय' मंत्र 16 मास तक वहां जपने को कहा। कृष्ण जी ने वैसा ही किया,तब सोलह मास बाद माता पार्वती सहित भगवान शंकर ने उन्हें दर्शन और अभीष्ट वरदान दिए। ऐसे में भोलेनाथ के इस पवित्र भारतीय स्थल की मुक्ति का नाम भी न लेना अखरने वाली बात है। उनकी भक्ति का तो एक पूरा महीना (सावन)हिंदू लोग निर्धारित किए हैं।

महा शिवरात्रि का महत्व कौन नहीं जानता? सनातनी लोग हर मास में शिव जी का प्रदोष व्रत रखते हैं। उनके आभूषण सर्पों तक की पूजा का एक अलग पर्व होता है। अतः उन्हें कमतर न आंका जाए। मोदी जी स्वयं उन्हीं की राजधानी काशी से चुनाव लड़ते हैं और गत लोकसभा चुनाव के फौरन बाद केदारनाथ जाकर योग किया था जिसकी फोटो वायरल हुई थी। यह भगवान शंकर का ही ज्योतिर्लिंग है। ऐसे में आशा की जाती है कि मोदी शीघ्र ही कैलास और मानसरोवर का भी चीनी कब्जा छुड़ाकर हिंदुओं के लिए वहां की निर्बाध यात्रा,पूजन अर्चन का मार्ग प्रशस्त करेंगे।

## एक नजर

### मुद्दों से ध्यान भटका रही सरकार: अखिलेश

अमृत विचार, लखनऊ : समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने आरोप लगाया है कि भाजपा सरकार ने इन्वेस्टर समिट और निवेश के नाम पर अभी तक जनता के साथ छलावा किया है। अखिलेश यादव ने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार से त्रस्त जनता को धोखा देने के लिए भाजपा नए-नए इवेन्ट के जरिए मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए चुनाव से पहले नई-नई कसरत करती रहती है। रविवार को जारी एक बयान में उन्होंने कहा, जनता भाजपा की इन चालों को समझती है। सपा प्रमुख ने कहा कि चमक दमक और दिखावा करने से निवेश नहीं आता है। निवेश और नौकरी, रोजगार के लिए ठोस और स्पष्ट नीति की आवश्यकता होती है।

### एसपीजी, एनएसजी और एटीएस कमांडो तैनात

अमृत विचार, लखनऊ : प्रधानमंत्री समेत दुनिया भर से आ रहे मेहमानों की सुरक्षा को लेकर के प्रशासन अलर्ट है और बंदोबस्त व्यापक हैं। चप्पे-चप्पे पर नजर रखने को 4300 जवानों की तैनाती की गई है। इसके अलावा एसपीजी, एनएसजी, एटीएस कमांडो भी रहेंगे। सुरक्षा के साथ यातायात संभालने के लिए अधिकारियों के नेतृत्व में अलग-अलग टीमों की तैनाती तय की गई है।

# सभी मंडल और जिलों में बनेगा होम्योपैथिक कार्यालय

## प्रदेश में 18 मंडलीय व 75 डीएचओ कार्यालयों में कुल 651 पद सृजित

पदमाकर पाण्डेय, लखनऊ

**अमृत विचार:** जल्द ही मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय की तरह हर जिले में जिला होम्योपैथिक कार्यालय (डीएचओ) होंगे और मंडलस्तर पर मंडलीय कार्यालय स्थापित होंगे। जहां से जनसामान्य को मिल रहीं होम्योपैथिक चिकित्सीय सेवाओं की निगरानी की जाएगी। इसके लिए शासन द्वारा हर कार्यालय के लिए सात पद के अनुसार 93 कार्यालयों के में कुल 651 पद सृजित किये जा चुके हैं।

स्वास्थ्य विभाग के जिला अस्पतालों में संचालित होने वाले होम्योपैथिक अस्पताल व डिस्पेंसरियों की बदहाली खत्म होगी। इसके लिए प्रदेश के सभी 18 मंडलों में मंडलीय कार्यालय स्थापित किये जायेंगे साथ ही 75 जिलों में जिला होम्योपैथिक कार्यालय खोले जायेंगे।

इन मंडलीय कार्यालय में एक सहायक लेखाकार, एक स्टैनो ग्राफर, एक वरिष्ठ सहायक और कनिष्ठ सहायक व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के दो-दो पद संचालित होंगे।

होम्योपैथिक निदेशक उप्र डॉ.अरविंद कुमार वर्मा ने बताया कि अभी तक जिलों में चिकित्सकीय सेवाओं की निगरानी मुख्यालय से की जाती है। स्थानीय स्तर पर अपने कार्यालय न होने की वजह से दिक्कतें आती हैं। राज्य सरकार द्वारा कार्यालय संचालन की स्वीकृत मिलने के बाद स्थितियां बदलेंगी। वर्तमान में 15 जिलों में खुद के होम्योपैथिक कार्यालय संचालित हो रहें हैं।

महोबा, उन्नाव, कानपुर देहात और प्रतापगढ़ में कार्यालय के लिए जमीन मिल चुकी है। शेष अन्य जिलों में जिलाधिकारियों को जमीन उपलब्ध कराने के निर्देश दिये जा चुके हैं। बिठूर में नई डिस्पेंसरी तैयार हो चुकी है, चिकित्सकों की तैनाती होते ही मरीजों को इलाज की सुविधा मिलने लगेंगी।

### बढ़ेंगे चिकित्सक व फार्मासिस्ट

साल 1995 से पृथक रूप से संचालित हो रहें होम्योपैथिक विभाग में 1585 चिकित्सक पदों के सापेक्ष 240 पद रिक्त हैं। साथ ही फार्मासिस्टों के 1572 पदों में 397 पद रिक्त हैं। विभागीय पदोन्नति कमेटी की बैठक में पदोन्नति पाने के बाद रिक्त हुये 240 चिकित्साधिकारी और 397 होम्योपैथिक फार्मासिस्टों की नियुक्ति के लिए लोक सेवा आयोग को अधियाचन भेज दिया गया है। चयनित होने के बाद इन्हें होम्योपैथिक अस्पताल व डिस्पेंसरियों में तैनात किया जायेगा।



▸▸ जिला अस्पतालों में संचालित होने वाले होम्योपैथिक अस्पताल की बदहाली होगी दूर

"मंडलीय व जिला कार्यालय खुलने और समुचित स्टाफ उपलब्ध होने से विभागीय कार्यों को गति मिलेगी। जिला योजनाओं के कार्यो को धरातल पर आसानी से पहुंचेंगी। नए अस्पताल बनेंगे और मरीजों को मिलने वाली चिकित्सकीय सेवाओं में इजाफा होगा।

–डॉ .आशीष वर्मा, महासचिव प्रांतीय होम्योपैथी चिकित्सा सेवा संघ, उप्र.

### होम्योपैथिक कार्यालय में होंगे सात पद

स्वीकृत पदों की जानकारी देते हुए निदेशक होम्योपैथिक ने बताया कि प्रत्येक मंडलीय कार्यालय में कुल सात पदों में एक सहायक लेखाकार, एक स्टेनोग्राफर, एक वरिष्ठ सहायक, दो कनिष्ठ सहायक और दो चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के पद सृजित किये गये हैं। इतने ही पद हर जिला होम्योपैथिक कार्यालय में सृजित हैं।

# यूपी बोर्ड परीक्षा में निगरानी के लिए राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम तैयार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** यूपी बोर्ड परीक्षा को लेकर तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। 22 फरवरी से 8265 केंद्रों पर शुरू होने जा रही 10वीं 12वीं की परीक्षा में 55 लाख से अधिक परीक्षार्थी बैठेंगे। परीक्षा की निगरानी राजधानी के पार्क रोड स्थित माध्यमिक शिक्षा विभाग के शिविर कार्यालय में बनाये गये कंट्रोल रूम से की जायेगी। इस कंट्रोल रूम उद्घाटन माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने रविवार को किया।

मंत्री गुलाब देवी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप वर्ष 2024 की बोर्ड परीक्षाओं को नकल विहीन सम्पन्न कराने हेतु प्रदेश में कुल 8265 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं, जिनमें 275 परीक्षा केंद्रों को अति संवेदनशील एवं 466 परीक्षा केन्द्रों को संवेदनशील परीक्षा केंद्र के रूप में चिन्हित किया गया है। प्रत्येक परीक्षा केंद्र के प्रत्येक कक्ष में सीसीटीवी कैमरे, वॉयस रिकार्डर तथा राउटर संस्थापित किये गये हैं, जिसके माध्यम से सम्पूर्ण परीक्षा अवधि की लाइव मॉनीटरिंग वेबकास्टिंग के माध्यम से की जायेगी।

कंट्रोल रूम उद्घाटन के मौके पर माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. महेन्द्र देव, अपर शिक्षा निदेशक सुरेंद्र कुमार तिवारी, अपर शिक्षा निदेशक अजय कुमार द्विवेदी, माध्ययमिक शिक्षा परिषद सचिव दिव्यकान्त शुक्ल सहित तमाम अधिकारी उपस्थित रहे।

**इस पर परीक्षा के समय में किया गया परिवर्तन:** माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ महेन्द्र देव ने बताया कि छात्र-छाओओं की सुविधा के दृष्टिगत इस वर्ष प्रथम बार प्रथम पाली की परीक्षा का समय प्रातः 8.00 से 11.15 के स्थान पर बढ़ाकर 8.30 से 11.45 किया गया है। द्वितीय पाली की परीक्षा समय पूर्ववत् अपरान्ह 2.00 से शाम 5.15 तक है।

परीक्षा की शुचिता व नकलविहीन परीक्षा के आयोजन के दृष्टिगत इस वर्ष प्रथम बार परिषद के पांचों क्षेत्रीय कार्यालय प्रयागराज, वाराणसी, मेरठ, बरेली एवं 5 गोरखपुर एवं मुख्यालय प्रयागराज में भी एक-एक कन्ट्रोल सेन्टर स्थापित कराया गया जोकि 75 जनदीय एवं 02 राज्य स्तरीय कन्ट्रोल रूम के अतिरिक्त बोर्ड परीक्षा का ऑनलाइन निगरानी करेंगे।

**प्रत्येक जिले में भी स्थापित हुए कंट्रोल रूम**

प्रत्येक जनपद में ऑनलाइन मॉनीटरिंग के लिए जनपद स्तरीय कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गयी है। संवेदनशील एवं अति संवेदनशील परीक्षा केन्द्रों की निगरानी हेतु एसटीएफ एवं एलआईयू को सम्पूर्ण परीक्षा अवधि तक सक्रिय रखा गया है, जिससे परीक्षा प्रश्न-पत्रों के प्रकटन के प्रयास की सम्भावना पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाया जा सके। मंत्री ने बताया कि जनपदवार कम्प्यूटर ऑपरेटर्स, दोनों पालियों में अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण हेतु मण्डल प्रभारी तथा कन्ट्रोल रूम प्रभारी की तैनाती की गयी है।



माध्यमिक शिक्षा निदेशालय में स्थापित कंट्रोल रूम का अवलोकन करतीं माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी, साथ में अन्य। अमृत विचार

▸▸ माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने किया उद्घाटन

▸▸ सुविधा के लिए परीक्षा के समय में किया गया परिवर्तन

▸▸ 22 से 8265 केंद्रों पर शुरू हो रही परीक्षा

### सीसी टीवी की निगरानी में खुलेंगे प्रश्नपत्र

लखनऊ सहित सभी परीक्षा केन्द्रों पर प्रश्न-पत्रों की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत प्रधानाचार्य कक्ष से पृथक कक्ष में प्रश्न-पत्रों के रख-रखाव हेतु स्ट्रॉग रूम स्थापित किया गया है तथा स्ट्रॉग रूम के मुख्य प्रवेश द्वार को छोड़कर अन्य सभी द्वार एवं खिड़कियों को सील कराया गया है। स्ट्रांग रूम से प्रश्न-पत्र की निकासी तथा उसके वितरण हेतु केन्द्र व्यवस्थापक, बाह्य केन्द्र व्यवस्थापक तथा स्टैटिक मैजिस्ट्रेट को संयुक्त रूप से उत्तरदायी बनाया गया है। परिषदीय परीक्षाओं की शुचिता, पवित्रता, गुणवत्ता, विश्वसनीयता, विधि व्यवस्था अक्षुण्ण रखने, परीक्षा केन्द्रों पर प्रश्नपत्रों के पूर्व प्रकटन एवं नकल की दुष्प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने हेतु परीक्षा केन्द्रों पर स्थापित किये गये स्ट्रांग रूम को 24×7 सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में रखने की व्यवस्था की गयी है।

# उद्योगपतियों का महाकुंभ बनाएगा कीर्तिमान

## 10 लाख 23 हजार 537 करोड़ की 14 हजार 619 परियोजनाओं का भूमिपूजन करके पीएम मोदी रचेंगे नया इतिहास

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार:** अयोध्या में दिव्य दीपोत्सव के बाद प्रदेश में एक और नए कीर्तिमान की नींव सोमवार को उद्योगपतियों के महाकुंभ में रखी जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसे ही रिमोट दबाएंगे, प्रदेश 10 लाख 23 हजार 537 करोड़ रुपये की 14 हजार 619 परियोजनाओं का एक साथ भूमिपूजन करने वाला विश्व का पहला राज्य बन जाएगा। इसी के साथ पलायन का दंश झेलने को मजबूर हजारों युवाओं को जहां जीवन-यापन का नया रास्ता खुलेगा, वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा राज्य को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का संकल्प भी पूरा होना आसान दिखेगा।

जीबीसी के जरिए प्रदेश की तरक्की के इस महाआयोजन की सफलता में देश-विदेश के बड़े उद्योगपति ही नहीं, ओडीओपी में निवेश करने वाले जिला-जवार के उद्यमियों की मेहनत भी है।

पिछले साल इंवेस्टर समिट में 33.50 लाख करोड़ के निवेश प्रस्तावों के हुए एमओयू का मजाक उड़ाने वाले राज्य की विधानसभा से लेकर देश की संसद तक थे। नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सपना दिखाने और बेचने वाला बाबा तक कहा, मगर तेजी से बदली निवेश नीतियों ने फार्च्युन-500 कंपनियों को भी प्रदेश में निवेश के लिए ऐसा लालायित किया कि इसका आकार बढ़कर 40 लाख करोड़ तक हो गया। हाल ही में राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान और फिर चर्चा में हिस्सा लेते हुए भी विपक्ष ने निवेश प्रस्तावों को कागजी कहकर इसे धरातल पर उतरने को लकेर तमाम आशंकाएं जताई और तंज कसे थे।

लेकिन, सोमवार को इसकी पहली ग्राउंड सेरेमनी में ही 10 लाख 23 हजार 537 करोड़ रुपये की 14 हजार 619 परियोजनाओं का एक साथ भूमिपूजन के महाआयोजन की तैयारी और उद्योगपतियों के आ रहे विमानों को देख अचंभित हैं।

समूचा शहर दुल्हन की सजा है, रंग-बिरंगी लाइटों के साथ रंग-बिरंगी फूलों की हरियाली और महक मनमोह ले रही है। एयरपोर्ट से कार्यक्रम स्थल तक सोमवार को मेहमान उद्योगपतियों के स्वागत में जगह-जगह 350 से अधिक सांस्कृतिक कार्यक्रम अलग की आभा बिखेरेंगे।

**उद्योगजगत से अयोध्या जैसा रिकार्ड तोड़ते रहने की उम्मीद:** मुख्यमंत्री बनते ही योगी आदित्यनाथ ने वर्ष 2017 में जैसे अयोध्या में दिवाली के एक दिन पहले लाखों दीप जलाकर विश्व रिकार्ड बनाया और इसे साल-दर-साल अपना ही रिकार्ड तोड़ते जा रहे हैं। ऐसे ही ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी भी प्रधानमंत्री के हाथों विश्व रिकार्ड का तमगा हासिल करने के बाद साल-दर साल आगे बढ़ती गई तो प्रदेश की अर्थव्यवस्था समूचे विश्व को ललचाएगी। लोगों की तरक्की देखने लायक होगी। अर्थशास्त्र के जानकार कहते हैं कि विश्व में कोई ऐसा उदाहरण नहीं है, जहां इतने बड़े पैमाने पर उद्योग एक साथ लग रहे हों। सोमवार को धरातल पर कार्यक्रम की सफलता नया इतिहास रचेगी।

▸▸ प्रदेश के लिए मुख्यमंत्री योगी की कड़ी मेहनत ला रही नई अर्थक्रांति

### लक्ष्य से आगे निकले बरेली समेत 19 जिले

प्रदेश के सभी 75 जनपदों में लगने वाली परियोजनाओं में 19 जिले ऐसे हैं, जहां निवेश लक्ष्य से ज्यादा उद्यम धरातल पर उतरेंगे। इसमें एटा ने साढ़े तीन गुना यानि 354 प्रतिशत, सीतापुर ने 145 प्रतिशत, शाहजहांपुर ने 127 प्रतिशत, सोनभद्र ने 121 प्रतिशत, चंदौली ने 117 प्रतिशत, मुजफ्फरनगर और मुरादाबाद ने 114 प्रतिशत, मीरजापुर ने 113 प्रतिशत, हरदोई ने 111 प्रतिशत, अमेठी ने 108 प्रतिशत, बाराबंकी ने 108 प्रतिशत, फतेहपुर, गोंडा ने 105 प्रतिशत, बरेली ने 104 प्रतिशत, रामपुर ने 103 प्रतिशत, बहराइच ने 101 प्रतिशत और लखीमपुर खीरी, भदोही व बिजनौर ने 100 प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया है।

# प्रधानमंत्री का मंत्र आज देगा नई दिशा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** जीबीसी-4 के जरिए सरकार अपने लक्ष्य की ओर कदम बढ़ाएगी। उपलब्धियों की जानकारी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देंगे, साथ ही निवेशकों को सफलता के मंत्र भी बताएंगे। मुख्यमंत्री योगी प्रदेश में उद्योगों के अनुरूप माहौल के साथ ही भविष्य की योजनाओं को लेकर अपनी बात रखेंगे। प्रदेश में करीब 34 लाख रोजगार के अवसरों की संभावनाओं के द्वारा भी खुल जाएंगे।

कार्यक्रम को लेकर सरकार की ओर दी गई जानकारी के मुताबिक औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी पीएम मोदी का स्वागत करेंगे, जबकि हिंदुजा ग्रुप के चेयरमैन धीरज हिंदुजा, सैमसंग, साउथ वेस्ट एशिया के सीईओ जेपी पार्क, आईएनजीकेए के सीईओ सुसैन पल्वरर, टोरेंट ग्रुप के एमडी जीनल मेहता और एडवर्ब टेक्नोलॉजीज के चेयरमैन जलज मेहता भी प्रदेश में औद्योगिक विकास की उपलब्धियों के विषय में अपने विचार रखेंगे। रक्षा मंत्री और लखनऊ से सांसद राजनाथ सिंह भी यहां अपने विचार रखेंगे, जिसके बाद पीएम मोदी परियोजनाओं को डिजिटल ग्राउंड ब्रेकिंग के माध्यम से शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर पीएम को प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर आधारित एक शॉर्ट फिल्म भी दिखाई जाएगी।

▸▸ मुख्यमंत्री योगी रखेंगे उद्योगों के अनुरूप माहौल और भविष्य की योजनाएं

### बदलते यूपी की झलक दिखाएंगे सेक्टोरल सेशन व प्रदर्शनी

19 फरवरी को जीबीसी के उद्घाटन के साथ ही भव्य प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जाएगा, 1250 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में 3 दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। इसमें एआई पवेलियन, टेक्सटाइल, लॉजिस्टिक्स एवं वेयरहाउसिंग, डिफेंस एवं एयरोस्पेस, डेटा सेंटर/इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी, ईवी एवं नवीकरणीय ऊर्जा, फिल्म सिटी, मेडिकल इक्विप्मेंट्स व ओडीओपी प्रमुख हैं। साथ ही सेक्टोरल सेशंस का भी आयोजन होगा।

### आयोजन की सभी तैयारियां पूरी

कार्यक्रम में दुनिया भर के तकरीबन 4000 प्रतिभागियों के प्रतिभाग करने की संभावना है, जिसमें जाने माने उद्योगपति, फॉर्च्यून ग्लोबल/इण्डिया 500 कंपनियां, विदेशी निवेशक भागीदार, राजदूत/उच्चायुक्त एवं अन्य प्रतिष्ठित अतिथि सम्मिलित हैं। आने वाले डेलीगेट्स को गोल्ड, सिल्वर और रेड पास उपलब्ध कराए गए हैं। प्रदर्शनी स्थल पर 10 अलग-अलग पवेलियन बनाए गए हैं, जिनमें एआई पवेलियन, टेक्सटाइल, डाटा सेंटर/इलेक्ट्रॉनिक्स एंड आईटी, वेयरहाउस एंड लॉजिस्टिक्स, फिल्म सिटी, इन्वेस्ट यूपी/टॉप इन्वेस्टर्स, मेडिकल डिवाइसेज, ईवी एंड रिन्यूएबल एनर्जी और डिफेंस/एयरोस्पेस शामिल हैं। आयोजन में स्टील के शिपिंग कंटेनर्स को बेस बनाकर जर्मन हैंगर बनाए गए हैं। साथ ही यहां श्रीराम जन्मभूमि मंदिर समेत डिफेंस के तमाम इक्विप्मेंट्स के 3डी रेप्लिका मॉडल्स को दर्शाया जाएगा। इसके साथ ही यीडा क्षेत्र में बनने जा रही फिल्म सिटी की भी पहली झलक यहां देखने को मिलेगी।

### पूरे प्रदेश में बहेगी निवेश की बयार

जीबीसी के जरिए प्रदेश में 10,23,537 करोड़ की 14,619 परियोजनाओं का शुभारंभ होने जा रहा है। सबसे खास बात ये है कि प्रदेश के सभी हिस्सों और जनपदों में ये निवेश होगा। इसके अंतर्गत सर्वाधिक 52 प्रतिशत निवेश परियोजनाओं की शुरुआत प्रदेश के पश्चिमांचल हिस्से में होगी। वहीं पूर्वांचल में 29 प्रतिशत, मध्यांचल में 14 प्रतिशत और बुंदेलखंड में 5 प्रतिशत निवेश परियोजनाओं को धरातल पर उतारा जाएगा।

### 16 विभागों ने प्राप्त किया शत प्रतिशत लक्ष्य

इनमें 16 विभाग ऐसे हैं जिन्होंने 100 प्रतिशत से अधिक लक्ष्य हासिल किया है। इसमें बेसिक शिक्षा विभाग ने 888 प्रतिशत, फूड एंड सिविल सप्लाई (226%), वन विभाग (182%), आयुष (173%), पशुपालन (167%), ऊर्जा (165%), माध्यमिक शिक्षा (139%), तकनीकी शिक्षा (133%), उद्यान (120%), अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत (114%), केन डेवलपमेंट एंड शुगर इंडस्ट्री (112%), चिकित्सा शिक्षा (110%), स्वास्थ्य (105%), यीडा (103%), नागरिक उड्डयन (100%) और जीनीडा (100%) शामिल हैं।

### राज्य की संस्कृति का दीदार करेंगे मेहमान

अमृत विचार, लखनऊ : ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में आने वाले आगंतुक राज्य की संस्कृति का भी दीदार करेंगे। एयरपोर्ट से लेकर आयोजन स्थल इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान तक 14 मंच बनाए जाएंगे, जिसमें लगभग 350 से अधिक कलाकार विभिन्न लोकनृत्यों के जरिए स्वागत करेंगे। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 19-20 फरवरी को बॉलीवुड कलाकार की प्रस्तुतियां दर्शकों को खूब झूमाएंगी। 19 को बिरजू महाराज कथक संस्थान के 12कलाकार कथक नृत्य नाटिका पर श्रीराम स्तुति की प्रस्तुति देगी। दर्शक मुंबई की पार्श्व गायिका मोनाली ठाकुर के गीतों का आनंद उठाएंगे। वहीं 20 फरवरी को ग्रैमी अवार्ड विजेता रिक्की केज की बैंड प्रस्तुति का आनंद भी दर्शक ले सकेंगे। रसिका शेखर की बांसुरी की धुन भी दर्शकों को आकर्षित करेगी। उप्र संस्कृति विभाग की तरफ से एयरपोर्ट से आईजीपी तक कुल 14 मंच बनाए जाएंगे। यह मंच एयरपोर्ट, एयरपोर्ट महानिदेशालय के सामने, एयरपोर्ट से शहीद पथ पर जोड़ने वाले फ्लाईओवर, शहीद पथ पर शहीदों की मूर्ति के सामने, 1090 चौराहा, वूमेन पावर लाइन, समतामूलक चौक अपट्रॉन के बाईं ओर, संगीत नाटक अकादमी की वाल पर फन मॉल के सामने पैदल पथ फ्लाईओवर के नीचे बाईं-दाईं तरफ, लोहिया पथ से आईजीपी जाने वाले फ्लाईओवर से पहले बाईं ओर, आईजीपी के गेट नंबर-एक व दो समेत कई मंच बनाए जाएंगे।

## वर्ग पहेली-347

**बाएं से दाएं**

1. 1. अत्यंत निर्धन, कंगाल 2. भुखमरी से पीड़ित, दुर्भिक्ष-पीड़ित 3. जिसका सब कुछ लुट गया हो 4. पराश्रित, परावलंबी।

4. 1. ज़ोर से डांटना, झिड़कना, लानत-मलामत करना 2. वस्तु आदि की धूल झटकना, झाड़ना 3. निचोड़े हुए कपड़े को झटके से ऊपर से नीचे हिलाना।

5. 1. सुंदर एवं रमणीय देश 2. किसी कार्य के निष्पादन के लिए उपयुक्त स्थान।

6. 1. दोनों हथेलियों के टकराने या आघात से उत्पन्न ध्वनि, ली 2. लकड़ी, कांसे आदि का बना हुआ एक वाद्य, मजीरा, झींका, झांझ।


**ऊपर से नीचे**

1. 1. छोटी कील 2. कांटा 3. मछली फंसाने वाली नुकीली अंकुसी या बंसी 4. कुएं में गिरी हुई चीज़ों (बाल्टी आदि) को निकालने के लिए बनाया गया अंकुसियों का गुच्छा। (मु.)-लगाना : मुख्य तार में कंटिया फंसाकर चोरी से या अवैध रूप से बिजली का उपयोग करना।

2. 1. मौके का फ़ायदा उठाने की प्रवृत्ति, मौकापरस्ती 2. अवसर के अनुकूल बरतने की प्रवृत्ति।

3. 1. कीड़ों को मारने वाली दवा 2. फ़सल आदि में छिड़काव के लिए प्रयुक्त की जाने वाली दवा।, कीटाणुओं या कीड़ों को मारने वाला।

5. 1. होश; चेतना 2. स्मरण; याद 3. ज्ञान।




### वर्ग पहेली - 346 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | 1 न | ■ | ■ | 2 क |
| 3 अ | ल | गा | गु | जा | री |
| ■ | ■ | थि | ■ | ■ | ल |
| 4 ज | ठ | रा | म | य | ■ |
| ग | ■ | ज | ■ | ■ | ■ |
| झं | ■ | ■ | 5 का | रं | ड |
| 6 प | र | बा | बा | ■ | ■ |

## सुडोकू-64

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | 7 | | 4 |
| 4 | | | | 7 | | | 5 | |
| | | | 1 | | 3 | | | 8 |
| | | 5 | | 3 | | | 8 | |
| | 4 | | | | | 2 | | |
| | 3 | | | 9 | | 1 | | |
| 3 | | | 9 | | 4 | | | |
| | 2 | 4 | | 6 | | | | 9 |
| 6 | | | | | 7 | | | |

### सुडोकू - 63 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 1 | 3 | 7 | 6 | 8 | 9 | 5 | 2 |
| 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 1 | 8 | 6 |
| 5 | 6 | 8 | 9 | 2 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 8 | 7 | 4 | 5 | 9 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 5 | 1 | 3 | 6 | 2 | 8 |
| 8 | 3 | 5 | 2 | 9 | 6 | 7 | 1 | 4 |
| 6 | 9 | 7 | 1 | 4 | 2 | 8 | 3 | 5 |
| 2 | 8 | 1 | 3 | 5 | 7 | 4 | 6 | 9 |
| 3 | 5 | 4 | 6 | 8 | 9 | 2 | 7 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 19 फरवरी, सोमवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-दशमी 08 .49 तक तत्पश्चात एकादशी।

**मेष:** आज लोग आपके विचारों से काफी सहमत रहेंगे। प्रेमी के विषय में मन में अनेक तरह के विचार चलते रहेंगे। अपने पिछले अनुभव का लाभ उठाने का प्रयास करें। समाज में आपकी काफी प्रशंसा होगी। नया काम सीखने के लिए समय उत्तम है।

**वृष:** आज अपने क्रोध पर नियंत्रण रखें। बुजुर्ग सदस्यों की राय लेना आपके लिए काफी आवश्यक होगा। विश्वस्त मित्रों से सहायता लेनी पड़ सकती है। घर के लिए आवश्यक सामान खरीदने के लिये आप बाजार जा सकते हैं।

**मिथुन:** आज नए स्रोतों से धन प्राप्त होगा। अविवाहित जातकों को विवाह के लिए रिश्ते मिल सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। फिल्म निर्माण क्षेत्र से जुड़े जातकों के लिए काफी लाभप्रद दिन होगा।

**कर्क:** आज घर के वातावरण में परेशानी आ सकती है। अनावश्यक कार्यों में समय बर्बाद न करें। आपको आराम करना चाहिए। जीवनसाथी से अपनी समस्याओं को साझा करें। सिरदर्द की समस्या रहेगी। बुखार और सर्द-गर्म होने की आशंका है।

**सिंह:** आज रियल एस्टेट और विनिर्माण से जुड़े कारोबार में अच्छा धन लाभ होगा। भाई-बहनों से आपको सहायता मिल सकती है। आपकी आय में शानदार वृद्धि होगी। रोगियों को स्वास्थ्य लाभ मिलेगा।

**कन्या:** आज अपनी नेतृत्व क्षमता का कुशल प्रयोग करेंगे। नए कारोबार को लेकर जल्दबाजी न करें। ऑफिस में आपके ऊपर अच्छे प्रदर्शन का दबाव रहेगा। मन में किसी अज्ञात कारण से भय हो सकता है। पिता की सेहत का ध्यान रखें।

**तुला:** आज आपका आत्मविश्वास कम हो सकता है। अनावश्यक बातों पर ज्यादा ध्यान न दें। आपको मित्रों और शुभ चिंतकों को परखने का अवसर मिलेगा। विदेश यात्रा का अवसर मिलेगा। अपने प्रेमी को प्रपोज कर सकते हैं।

**वृश्चिक:** आज आपको गुस्से से बचना चाहिए। यात्राओं से आपको बचना चाहिए। जल्दबाजी में कोई नया प्रोजेक्ट शुरू न करें। मानसिक सुख-शांति का अभाव रहेगा। जॉब में आपको बहुत दबाव झेलना पड़ सकता है। परिजनों से संबंध अच्छे नहीं रहेंगे।


**धनु:** आज कमीशन से जुड़े कार्यों में आपको लाभ मिलेगा। गलत कार्यों से आपको दूर रहना चाहिए। जीवनसाथी से आपको उपहार मिल सकता है। व्यवसाय में बदलाव करने का विचार बना सकते हैं। प्रियजनों से भेंट हो सकती है।

**मकर:** आज कानूनी मामलों में आपको परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। कार्यक्षेत्र में आपको सहकर्मियों से समस्या होगी। अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में प्रयत्नशील रहें। हृदय रोगियों को अपनी सेहत का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

**कुंभ:** आज प्रेम संबंधों को लेकर भावुक हो सकते हैं। जीवनसाथी की कोई जिद पूरी करनी पड़ेगी। विरोधी आपको नीचा दिखाने का प्रयास कर सकते हैं। संतान के स्वास्थ्य की चिंता हो सकती है। विरोधी आपकी छवि खराब करने की कोशिश कर सकते हैं।

**मीन:** आज अस्थमा के रोगियों को स्वास्थ्य में लापरवाही नहीं करनी चाहिए। अनावश्यक खर्चे घर में तनाव का कारण बन सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्यों में रुकावट आ सकती है। धन से जुड़े मामलों में परेशानी बढ़ सकती है।

## आज का पंचांग




दिशाशूल- पूर्व। ऋतु-शिशिर।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मृगशिरा 10 .33 तक तत्पश्चात आर्द्रा।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
शिव शक्ति — सुबह : 10 .00
जख्मी सिपाही — रात : 07 .00

**Sony Pix**
जुमांजी — सुबह : 09 .40
व्हाइट हाउस डाउन — शाम : 06 .37

**Sony Max**
सोनू के टीटू की स्वीटी — सुबह : 09 .00
पटेल की पंजाबी शादी — रात : 09 .00

**Zee Cinema**
दीवाना मस्ताना — सुबह : 10 .30
दिल धड़कने दो — रात : 07 .30

**Colors Cineplex**
चलते चलते — सुबह : 12 .29
भागम भाग — रात : 07 .00

### आज की सुपरहिट फिल्म




कलर्स सिनेप्लेक्स पर रात-07 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

बीवी को डिलीवरी के समय पप्पू हॉस्पिटल में नर्स से बोला।
पप्पू- लड़का हो तो भालू और लड़की हो तो लोमड़ी कहना।
पप्पू की बीवी के जुड़वा बच्चे हुए एक लड़का और एक लड़की।
नर्स बाहर आकर पप्पू से बोली- बधाई हो, चिड़िया घर में दो जानवर आए हैं।

पत्नी – ये रैगिंग किसे कहते हैं?
पति – ये जो तुम हर मैरिज एनिवर्सरी, करवाचौथ और जन्मदिन पर जबरदस्ती गिफ्ट मांगती हो न, उसे ही अंग्रेजी में रैगिंग कहते हैं।

## ट्यूलिप फेस्टिवल का लिया आनंद...



नई दिल्ली के शांति पथ, चाणक्यपुरी के लॉन में आयोजित दिल्ली ट्यूलिप फेस्टिवल के दौरान आगंतुकों ने वहां पहुंचकर मनमोहक फूलों का नजारा देखा। इस दौरान लोगों ने ट्यूलिप के फूलों के बीच बैठकर अपनी तस्वीरें भी लीं। • एजेंसी

## शरद पवार की याचिका पर आज सुनवाई करेगा उच्चतम न्यायालय

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट को असली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) घोषित करने के निर्वाचन आयोग के आदेश को चुनौती देने वाली शरद पवार की याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ शरद पवार की याचिका पर सुनवाई कर सकती है। सोलह फरवरी को, शीर्ष अदालत ने याचिका को तत्काल सूचीबद्ध करने पर सहमति जताई थी। बता दें कि निर्वाचन आयोग ने छह फरवरी को घोषणा की थी कि अजित पवार गुट ही असली राकांपा है। निर्वाचन आयोग ने अजित के नेतृत्व वाले गुट को पार्टी का चुनाव चिह्न 'घड़ी' भी आवंटित किया था। जिसके बाद से शरद पवार का गुट आयोग के फैसले के खिलाफ है।

### नई दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय परिषद के अधिवेशन में बोले गृह मंत्री अमित शाह

# नरेंद्र मोदी तीसरी बार सत्ता में लौटेंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को आगामी लोकसभा चुनाव की तुलना महाभारत के युद्ध से की और कहा कि जहां एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की अगुवाई वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) देश के विकास के लिए काम कर रहा है वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस के तहत 'इंडी गठबंधन' परिवारवादी पार्टियों और भ्रष्टाचारियों से भरा पड़ा है।

भाजपा के दो दिवसीय अधिवेशन के आखिरी दिन 'भाजपाः देश की आशा, विपक्ष की हताशा' प्रस्ताव पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए शाह ने वंशवाद और तुष्टिकरण की राजनीति को बढ़ावा देने के लिए विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन की कड़ी



आलोचना की। उन्होंने इन पार्टियों को चलाने वाले परिवारों की दूसरी, तीसरी और चौथी पीढ़ी की ओर इशारा करते हुए कहा कि विपक्ष में टू-जी, थ्री-जी और फोर-जी पार्टियों की भरमार है। कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने समाज के सभी वर्गों के विकास के लिए काम किया है और वैश्विक स्तर पर देश का कद बढ़ाया है। कहा कि लोगों के मन में इस बात को लेकर कोई संदेह नहीं है कि नरेंद्र मोदी तीसरी बार सत्ता में लौटेंगे।

### राम मंदिर का निर्माण राम राज्य की स्थापना का संकेत

भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन में रविवार को अयोध्या में राम मंदिर पर एक प्रस्ताव पारित किया गया जिसमें कहा गया कि यह अगले 1,000 वर्षों के लिए भारत में 'राम राज्य' की स्थापना का संकेत है। प्रस्ताव में कहा गया है कि पिछले महीने भव्य राम मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा हुई जो आज 'राष्ट्रीय चेतना' का मंदिर बन गया है और यह 'विकसित भारत' के निर्माण के संकल्पों को पूरा करने में निर्णायक भूमिका निभाएगा। प्रस्ताव में कहा गया है-अयोध्या की प्राचीन पवित्र नगरी में श्रीराम की जन्मभूमि पर भव्य और दिव्य मंदिर का निर्माण देश के लिए एक ऐतिहासिक और गौरवशाली उपलब्धि है। यह एक नए कालचक्र की शुरुआत के साथ अगले 1,000 वर्षों के लिए भारत में 'राम राज्य' की स्थापना का द्योतक है। इसमें कहा गया है कि यह अधिवेशन प्रधानमंत्री के नेतृत्व को दिल से बधाई देता है। प्रस्ताव में कहा गया है कि राम मंदिर भारत की दृष्टि, दर्शन और मार्ग का प्रतीक है। कहा गया- श्रीराम मंदिर सही मायने में राष्ट्रीय चेतना का मंदिर बन गया है और भगवान श्रीराम का मंदिर देखकर हर भारतीय आनंदित है।

उन्होंने सोनिया गांधी, शरद पवार, लालू प्रसाद और एम.के. स्टालिन एवं अन्य का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी गरीबों और देश के विकास के बारे में सोचते हैं जबकि 'इंडिया' गठबंधन के नेता अपने बच्चों को प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री बनाने के बारे में सोचते हैं। बैठक में मोदी-मोदी के नारे के बीच उन्होंने कहा कि मोदी के खिलाफ परिवारवादी पार्टियों के सभी 'राजकुमार' एक साथ आ गए हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि केवल शक्तिशाली परिवार से ही कोई व्यक्ति इस शीर्ष पद पर आसीन हो सकता है।

## एक नजर

### 5.5 लाख की मेफेड्रोन के साथ नाइजीरियाई व्यक्ति गिरफ्तार

**ठाणे।** नवी मुंबई में एक नाइजीरियाई नागरिक को कथित तौर पर 55 ग्राम मेफेड्रोन के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, जब्त किये गये प्रतिबंधित मादक पदार्थ की कीमत 5.50 लाख रुपये है। अधिकारी ने बताया कि गुप्त सूचना मिलने के बाद अब्दुल रज्जाक हसन को शनिवार को खारघर के सेक्टर 35 में एक आवासीय सोसाइटी के पास से पकड़ा गया। अधिकारी ने बताया- हमने आरोपी के पास से 5.50 लाख रुपये की 55 ग्राम मेफेड्रोन जब्त की।

### कश्मीर, लद्दाख में तैनात होंगी 700 कंपनियां

**जम्मू।** इस वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में सुरक्षा बलों की लगभग 700 कंपनियां तैनात की जाएंगी। सूत्रों ने बताया कि पश्चिम बंगाल (920 कंपनियां) के बाद अर्धसैनिक बलों की सबसे ज्यादा कंपनियां जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में तैनात की जाएंगी। उन्होंने कहा, "लोकसभा चुनाव के सफल संचालन के लिए केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में अर्धसैनिक बलों की 635 कंपनियां तैनात की जाएंगी और लद्दाख में यह संख्या 57 होगी।

## बंगाल सरकार के तीन मंत्री लोगों की शिकायतें जानने के लिए संदेशखालि पहुंचे

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के मंत्रिमंडल के तीन मंत्री रविवार को लोगों से उनकी शिकायतों के बारे में बात करने के लिए संदेशखालि पहुंचे। संदेशखालि में पिछले कुछ दिनों से विरोध-प्रदर्शन का दौर जारी है। भूमि विभाग ने सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) से जुड़े कुछ लोगों द्वारा कथित तौर पर जमीन कब्जाने को लेकर ग्रामीणों की शिकायतें दर्ज करने के लिए शिविर भी खोला है। मंत्री पार्थ भौमिक, सुजीत बोस और बीरबाहा हांसदा लोगों से उनकी शिकायतों के बारे में बात करने के लिए कालीनगर गांव पहुंचे थे।

## दुष्कर्म पीड़िता ने मजिस्ट्रेट पर लगाया यौन शोषण का आरोप

**अगरतला, एजेंसी**

**त्रिपुरा में सामने आया मामला**

त्रिपुरा में दुष्कर्म पीड़िता ने आरोप लगाया है कि अदालत में एक मजिस्ट्रेट ने अपने कक्ष के अंदर उसका यौन शोषण किया है। एक वरिष्ठ अधिवक्ता ने रविवार को यह जानकारी दी।

वरिष्ठ अधिवक्ता के मुताबिक धलाई जिला एवं सत्र न्यायाधीश गौतम सरकार की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय एक समिति ने इन आरोपों की जांच शुरू कर दी है। पीड़ित महिला ने आरोप लगाया कि यौन शोषण की घटना 16 फरवरी को हुई जब वह उसके साथ हुए दुष्कर्म के मामले के संबंध में अपना बयान दर्ज कराने के लिए कमालपुर के प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट के कक्ष में गई थी। महिला ने अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कमालपुर को दी अपनी शिकायत में कहा-मैं 16 फरवरी को अपना बयान दर्ज कराने के लिए प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट के कक्ष में गई थी। जब मैं अपना बयान देने ही वाली थी, तो न्यायाधीश ने मुझे गलत तरीके से छुआ था।

## मानव-पशु संघर्ष के मुद्दे से भटककर राजनीति करने का कोई इरादा नहीं

**वायनाड (केरल). एजेंसी**

- भारत जोड़ो न्याय यात्रा छोड़कर राहुल गांधी ने वायनाड पहुंकर स्थिति की समीक्षा की



जंगली जानवरों के हमलों में तीन लोगों की मौत हो जाने को लेकर यहां हुए हिंसक प्रदर्शनों के एक दिन बाद, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने जिले के अधिकारियों के साथ स्थिति का जायजा लिया और उनसे मृतकों के परिजनों को बिना देर किए मुआवजा देने का आग्रह किया। राहुल वायनाड संसदीय सीट का लोकसभा में प्रतिनिधित्व करते हैं। अपने निर्वाचन क्षेत्र में मानव-पशु संघर्ष के समाधान की मांग कर रहे स्थानीय लोगों के विरोध-प्रदर्शन के मद्देनजर वह अपनी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' वाराणसी में अचानक बीच में ही छोड़कर यहां पहुंचे थे। कलपेट्टा में जिले के अधिकारियों के साथ आकलन बैठक के बाद, कांग्रेस सांसद ने संवाददाताओं से कहा कि मानव-पशु संघर्ष के मुख्य मुद्दे से भटककर राजनीति करने का उनका कोई इरादा नहीं है।

हालांकि, राहुल ने वायनाड मेडिकल कॉलेज में सुविधाओं के अभाव का मुद्दा उठाया और कहा कि यह एक गंभीर विषय है। इससे पहले दिन में, उन्होंने पिछले दो महीने में जंगली जानवरों के हमलों की तीन अलग-अलग घटनाओं में जान गंवाने वाले अजी, पॉल और प्रजीश नाम के व्यक्तियों के परिवारों से मुलाकात की। पॉल की बेटी सोना ने पत्रकारों के साथ बातचीत में कहा कि राहुल ने उन्हें आश्वासन दिया है कि वह उसकी शिक्षा की व्यवस्था करेंगे और वायनाड मेडिकल कॉलेज में सुविधाओं की आवश्यकता पर गौर करेंगे। अजी की बेटी अलना ने भी इस पर्वतीय जिले में मेडिकल उपचार को बेहतर करने की तात्कालिकता पर समान विचार व्यक्त किए। वहीं, बाघ के हमले में जान गंवाने वाले प्रजीश के भाई मजीश ने राहुल से क्षेत्र में सड़क संपर्क बेहतर करने का अनुराध किया ताकि लोग आपात स्थिति में शीघ्रता से अस्पताल पहुंच सकें। बैठक का ब्योरा देते हुए राहुल ने कहा कि उन्होंने जिला प्रशासन से मृतकों और घायलों के लिए घोषित विभिन्न मुआवजे तुरंत वितरित करने को कहा है।

## अटकलों के बीच कमलनाथ के समर्थक विधायक दिल्ली पहुंचे

**भोपाल, एजेंसी**

- कांग्रेस के खराब प्रदर्शन के बाद उन्हें पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पद से हटा दिया गया था



मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और उनके बेटे नुकुल नाथ के कांग्रेस छोड़कर सत्तारूढ़ भाजपा में शामिल होने की अटकलों के बीच उनके (कमलनाथ) समर्थक करीब आधा दर्जन विधायक रविवार को दिल्ली पहुंच गए।

कमलनाथ के करीबी सूत्रों ने बताया कि यहां पहुंचे मध्य प्रदेश के विधायकों में तीन छिंदवाड़ा से हैं जबकि क्षेत्र के अन्य तीन विधायक दिल्ली के लिए रवाना होने वाले हैं। कमलनाथ छिंदवाड़ा से नौ बार सांसद रह चुके हैं और फिलहाल वहां से वह विधायक हैं। गत नवंबर में हुए मप्र विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के खराब प्रदर्शन के बाद उन्हें पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पद से हटा दिया गया था। कमलनाथ के ये समर्थक विधायक फोन कॉल का जवाब नहीं दे रहे हैं। कांग्रेस के अंदरूनी सूत्रों का दावा है कि कमलनाथ के समर्थक एवं पूर्व मंत्री लखन घनगोरिया भी दिल्ली में उनके साथ डेरा डाले हुए हैं। मध्य प्रदेश के पूर्व मंत्री एवं कमलनाथ के समर्थक दीपक सक्सेना ने छिंदवाड़ा में संवाददाताओं से कहा कि विधानसभा चुनाव में हार के बाद जिस तरह उन्हें प्रदेश पार्टी अध्यक्ष पद से हटाया गया, उससे वह आहत हैं। सक्सेना ने कहा-हम चाहते हैं कि उन्हें पूरा सम्मान मिलना चाहिए। वह जो भी निर्णय लेंगे, हम उसमें उनके साथ रहेंगे। कमलनाथ के अन्य समर्थक और राज्य के पूर्व मंत्री विक्रम वर्मा ने अपने 'एक्स' प्रोफाइल पर 'जय श्री राम' लिखा। पूर्व सांसद वर्मा ने कहा-मैं कमलनाथ का अनुसरण करूंगा। पार्टी के अंदरूनी सूत्रों ने दावा किया कि कमलनाथ का धड़ा 23 विधायकों को अपने साथ लाने का प्रयत्न कर रहा है ताकि दल-बदल कानून उनपर लागू न हो।

### मुझे नहीं लगता कि कमलनाथ पार्टी छोड़ेंगे: दिग्विजय



मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता कमलनाथ के कमल के साथ जाने की अटकलों के बीच कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने आज कहा कि उन्हें नहीं लगता कि श्री कमलनाथ पार्टी छोड़ेंगे। राज्यसभा सांसद श्री सिंह ने यहां मीडिया के सवालों के जवाब में कहा कि श्री कमलनाथ जैसे व्यक्ति ने अपनी शुरूआत कांग्रेस के साथ की थी। वे श्रीमती इंदिरा गांधी के तीसरे पुत्र माने जाते थे। उन्होंने कांग्रेस का हमेशा साथ दिया। वे कांग्रेस के स्तंभ रहे। केंद्र सरकार में मंत्री रहे। संगठन में महामंत्री रहे। प्रदेश अध्यक्ष बने और फिर मुख्यमंत्री भी बने। सारे पद उन्हें मिले हैं। श्री सिंह ने कहा कि इसलिए उन्हें नहीं लगता कि वे कांग्रेस छोड़ेंगे। दिग्विजय सिंह ने कहा कि जिस तरह "ईडी, आईटी और सीबीआई" का दबाव सब पर है, वो उन पर (कमलनाथ पर) भी है। लेकिन श्री कमलनाथ का चरित्र दबाव में आने वाला नहीं रहा है।

## सिद्धारमैया की याचिका पर सुनवाई करेगी सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय 2022 में एक विरोध मार्च के संबंध में दर्ज प्राथमिकी को रद करने की अर्जी खारिज करने के उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की याचिका पर सुनवाई करेगा। न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ कांग्रेस नेता की याचिका पर सुनवाई कर सकती है। सिद्धरमैया ने उच्च न्यायालय के छह फरवरी के आदेश को चुनौती दी है, जिसमें उन पर और कांग्रेस के कर्नाटक प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला, राज्य के मंत्रियों - एमबी पाटिल और रामलिंगा रेड्डी पर 10,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया था और उन्हें छह मार्च को विशेष अदालत के समक्ष पेश होने का निर्देश दिया गया था।

---



## एक नजर

### विदेशी मुद्रा भंडार 5.24 अरब डॉलर गिरकर 617.23 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में गिरावट आने से 09 फरवरी को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5.24 अरब डॉलर कम होकर 617.23 अरब डॉलर रह गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5.74 अरब डॉलर बढ़कर 622.5 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 09 फरवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 4.8 अरब डॉलर की गिरावट लेकर 546.5 अरब डॉलर पर आ गयी। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 35 करोड़ डॉलर घटकर 47.74 अरब डॉलर रह गया है।

### 2 दिवसीय अनूठा केला उत्सव बुरहानपुर में 20 से

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के बुरहानपुर जिले में अनूठा 2 दिवसीय केला उत्सव मनाया जाएगा। बुरहानपुर जिला प्रशासन के सहयोग से 20 एवं 21 फरवरी को देश के प्रसिद्ध केला वैज्ञानिक और केला उत्पादक किसान केला उत्पादन, निर्यात की संभावनाओं, केला उत्पादकों की आर्थिक समृद्धि एवं से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श होगा। आधिकारिक जानकारी के अनुसार केले की विभिन्न प्रजातियों की प्रदर्शनी मुख्य आकर्षण होगी। केले के प्लांटेशन, प्र-संस्करण, विभिन्न खाद्य पदार्थों का निर्माण, फसल बिक्री की व्यवस्था और भंडारण, केला निर्यात की संभावनाओं को बढ़ाने से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होगी।

# पेटीएम बैंक पर कार्रवाई ने सबका ध्यान खींचा

### प्रौद्योगिकी मंत्री राजीव चंद्रशेखर बोले-हर उद्यमी को नियामकीय अनुपालन का ध्यान देना चाहिए

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा है कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक लि. (पीपीबीएल) पर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की नियामकीय कार्रवाई ने वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) कंपनियों का ध्यान कानून के अनुपालन के महत्व की ओर खींचा है। चंद्रशेखर ने इस बात पर जोर दिया कि नियामकीय अनुपालन कंपनियों के लिए 'वैकल्पिक' नहीं हो सकता, बल्कि यह एक ऐसा पहलू है जिसपर प्रत्येक उद्यमी को पूरा ध्यान देना चाहिए।

चंद्रशेखर ने साक्षात्कार में कहा- पेटीएम पेमेंट्स बैंक का मुद्दा एक ऐसा मामला है जहां एक आक्रामक उद्यमी नियामकीय अनुपालन की जरूरत को महसूस करने में विफल रहा है, और कोई भी कंपनी अनुपालन से बच नहीं सकती है। पेटीएम पेमेंट्स बैंक संकट के बीच मंत्री ने कहा कि कोई भी कंपनी, चाहे वह भारत की हो या विदेश की, बड़ी हो या छोटी, उसे देश के कानून का पालन करना होगा। भारतीय रिजर्व बैंक ने पीपीबीएल को 15 मार्च से नई जमा स्वीकार करने से रोक दिया है, और कंपनी के खिलाफ अपनी कार्रवाई की किसी भी समीक्षा से इनकार कर दिया है। चंद्रशेखर ने कहा कि यह धारणा कि पीपीबीएल पर आरबीआई की कार्रवाई ने फिनटेक क्षेत्र को परेशान कर दिया है, इसका सही चित्रण नहीं है। राजनीतिज्ञों, उद्यमियों और प्रौद्योगिकी दिग्गज इस बात से सहमत नहीं है कि पेटीएम बैंक मुद्दे ने पूरे फिनटेक उद्योग के लिए चिंता बढ़ा दी है। उन्होंने कहा-यह धारणा कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक के खिलाफ नियामक की कार्रवाई ने फिनटेक को परेशान कर दिया है...मुझे नहीं लगता कि इसका सही चित्रण है।

चंद्रशेखर ने कहा-मुझे लगता है कि इसने फिनटेक उद्यमियों का ध्यान इस तथ्य की ओर खींचा है कि आपको यह भी जानना होगा कि कानून का अनुपालन कैसे करना है। नियामकीय अनुपालन दुनिया के किसी भी देश के लिए 'वैकल्पिक' नहीं है।

### भारत में लगने जा रहे अरबों डॉलर के दो पूर्ण विकसित सेमीकंडक्टर संयंत्रः राजीव चंद्रशेखर



केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रसारण राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि भारत में जल्द ही अरबों डॉलर के दो पूर्ण विकसित सेमीकंडक्टर संयंत्र लगने वाले हैं। इसके अलावा कई चिप असेंबली और पैकेजिंग इकाइयों की स्थापना के लिए भी निवेश प्रस्तावित है। मंत्री ने बताया कि दो परियोजनाओं में आठ अरब डॉलर का एक प्रस्ताव इजराइल की टॉवर सेमीकंडक्टर्स का और दूसरा प्रस्ताव टाटा समूह का है। चंद्रशेखर ने कहा- मुझे आपको बताते हुए खुशी हो रही है और शायद आप पहले व्यक्ति हैं, जिन्हें मैं यह बात रहा हूं। जल्द ही भारत में दो पूर्ण विकसित फैब आने वाले हैं। ये 65, 40 और 28 नैनोमीटर प्रौद्योगिकी में कई अरब के फैब होंगे।

## वित्तीय संस्थानों के भरोसे के बीच रियल्टी धारणा सूचकांक चढ़ा

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनियां और वित्तीय संस्थानों को अगले छह महीनों के दौरान संपत्ति बाजार में तेजी बने रहने की उम्मीद है। नाइट फ्रैंक और नारेडको की रिपोर्ट के अनुसार, उन्हें उम्मीद है कि उच्च मांग की मौजूदा रफ्तार बनी रहेगी। रियल एस्टेट सलाहकार नाइट फ्रैंक और रियल एस्टेट निकाय नारेडको ने रविवार को 2023 की चौथी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर 2023) के लिए रियल्टी धारणा सूचकांक का 39वां संस्करण जारी किया। रिपोर्ट के अनुसार, इस समय धारणा सूचकांक आशावादी क्षेत्र में बना हुआ है, और यह 2023 की तीसरी तिमाही में 59 से बढ़कर चौथी तिमाही में 69 अंक पर पहुंच गया। धारणा सूचकांक डेवलपर्स, निवेशकों और वित्तीय संस्थानों जैसे आपूर्ति पक्ष के हितधारकों के बीच किए गए सर्वेक्षण पर आधारित है।

## बीते साल घरों का निर्माण 8 प्रतिशत बढ़कर 4.35 लाख इकाई पर पहुंचा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- एनारॉक ने देश के सात प्रमुख शहरों के बारे में जारी की रिपोर्ट



देश के सात प्रमुख शहरों में पिछले साल घरों का निर्माण 8 प्रतिशत बढ़कर 4.35 लाख इकाई पर पहुंच गया है। रियल एस्टेट परामर्शक कंपनी एनारॉक ने कहा कि बेहतर बिक्री से रियल एस्टेट कंपनियों के नकदी प्रवाह में सुधार हुआ है।

एनारॉक के आंकड़ों के अनुसार, 2023 में 4,35,045 घरों का निर्माण पूरा हुआ, जबकि 2022 में 4.02 लाख घर बनाए गए थे। आंकड़ों के अनुसार, मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) में पिछले साल 13 प्रतिशत वृद्धि के साथ 1,43,500 घरों का निर्माण पूरा हुआ, जबकि 2022 में यह आंकड़ा 1,26,720 इकाई का रहा था। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र-दिल्ली (एनसीआर) में पिछले साल 32 प्रतिशत वृद्धि के साथ 1,14,280 घरों का निर्माण पूरा हुआ, जबकि 2022 में 86,300 घरों का निर्माण हुआ था। एनारॉक के चेयरमैन अनुज पुरी ने कहा- साल 2023 में आवास बिक्री 2022 के पिछले उच्चस्तर को पार कर गई है। यह 2024 में भी मजबूत बनी रहेगी। पुणे में पिछले साल 23 प्रतिशत गिरावट के साथ 65,000 घरों का निर्माण हुआ, जबकि 2022 में 84,200 घर बने थे। बेंगलुरु, हैदराबाद और चेन्नई में पिछले साल 87,190 घरों का निर्माण पूरा हुआ।

## सीबीआईसी ने तस्करी की जानकारी देने के दिशा निर्देशों में संशोधन किया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने सीमा शुल्क अधिकारियों द्वारा गिरफ्तारी, तस्करी और वाणिज्यिक धोखाधड़ी की जानकारी (रिपोर्टिंग) देने से संबंधित दिशा-निर्देशों में संशोधिन किया है। इस कदम का मकसद 'सिंडिकेट' द्वारा धोखाधड़ी के प्रयासों पर लगाम लगाना और जोखिम आधारित लक्ष्य में सुधार करना है। सीबीआईसी की ओर से निर्देश में कहा गया है कि गिरफ्तारी, तस्करी और वाणिज्यिक धोखाधड़ी की घटना की रिपोर्ट सीमा शुल्क क्षेत्रों (जोन) द्वारा या तो साझा नहीं की जा रही है या यदा-कदा ही साझा की जा रही है।

## एसईजेड इकाइयों को भी मिलेगा करों की छूट योजना का लाभ

**नई दिल्ली, एजेंसी**

वाणिज्य मंत्रालय ने विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) और निर्यातोंन्मुख इकाइयों (ईओयू) में परिचालन करने वाली इकाइयों के लिए निर्यातित उत्पादों पर शुल्क और करों की छूट योजना (आरओडीटीईपी) के लाभ का विस्तार करने का फैसला किया है।

इस निर्णय के बारे में विदेश व्यापार महानिदेशक (डीजीएफटी) को 16 फरवरी को सूचित किया गया। डीजीएफटी जल्द ही इस मुद्दे पर विदेश व्यापार नीति में संशोधन के लिए एक औपचारिक अधिसूचना जारी कर सकता है। वाणिज्य मंत्रालय के एक कार्यालय ज्ञापन के अनुसार, एसईजेड में भारतीय सीमा शुल्क इलेक्ट्रॉनिक डेटा इंटरचेंज गेटवे (आइसगेट) को लागू करने के बाद आरओडीटीईपी योजना को विशेष आर्थिक क्षेत्रों तक भी बढ़ाया जा सकता है। सरकार ने अगस्त, 2021 में कुल 8,555 उत्पादों के लिए निर्यात प्रोत्साहन योजना के तहत कर रिफंड की दरों की घोषणा की थी। चूंकि उस समय अधिसूचित सूची में एसईजेड और ईओयू को योजना से बाहर रखा गया था, इसलिए उद्योग उन्हें योजना में शामिल करने की मांग कर रहा था।

## हाइब्रिड म्युचुअल फंड जनवरी में आया 20,634 करोड़ रुपये का निवेश

**नई दिल्ली।** हाइब्रिड म्यूचुअल फंड योजनाएं निवेशकों के बीच लोकप्रिय हो रही हैं। इन योजनाओं ने जनवरी, 2024 में 20,634 करोड़ रुपये जुटाए। यह राशि इससे पिछले महीने के मुकाबले 37 प्रतिशत अधिक है। ऋण या बॉन्ड फंड के लिए कराधान कानूनों में बदलाव के बाद वैकल्पिक निवेश विकल्प के रूप में हाइब्रिड म्यूचुअल फंड योजनाएं निवेशकों का ध्यान खींच रही हैं। इन योजनाओं में चालू वित्त वर्ष 2023-24 में अप्रैल-जनवरी के दौरान कुल 1.21 लाख करोड़ रुपये निवेश किए गए।

## एफपीआई ने अब तक 3,776 करोड़ रुपये निकाले

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- इस साल उनकी कुल निकासी 29,519 करोड़ रुपये तक पहुंची



अमेरिकी में बॉन्ड पर प्रतिफल बढ़ने और घरेलू तथा वैश्विक मोर्चे पर ब्याज दर को लेकर अनिश्चितता के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने अब तक भारतीय शेयर बाजारों से 3,776 करोड़ रुपये निकाले हैं। डिपॉजिटरी के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।

हालांकि, विदेशी निवेशक ऋण या बॉन्ड बाजार को लेकर उत्साहित हैं और समीक्षाधीन अवधि में उन्होंने बॉन्ड बाजार में 16,560 करोड़ रुपये डाले हैं। आंकड़ों के अनुसार, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने इस महीने अब तक (16 फरवरी तक) शेयर बाजारों से शुद्ध रूप से 3,776 करोड़ रुपये की निकासी की है। इससे पहले उन्होंने जनवरी में शेयरों से 25,743 करोड़ रुपये निकाले थे। इसके साथ, इस साल उनकी कुल निकासी 29,519 करोड़ रुपये तक पहुंच चुकी है। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा-अपेक्षा से अधिक उपभोक्ता मुद्रास्फीति के कारण अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल बढ़ा है जिससे एफपीआई लगातार बिकवाल बने हुए हैं। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के एसोसिएट निदेशक - प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि इसके अलावा, ताजा बिकवाली की वजह घरेलू और वैश्विक स्तर पर ब्याज दर को लेकर अनिश्चितता भी है। आंकड़ों के मुताबिक, इससे पहले जनवरी में एफपीआई ने बॉन्ड बाजार में शुद्ध रूप से 19,836 करोड़ रुपये डाले थे।

## खेल डायरी

### घरेलू क्रिकेट में खुद को करना होगा साबित: जय

**मुंबई,** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) सचिव जय शाह ने केंद्रीय अनुबंधित भारतीय खिलाड़ियों से कहा है कि अगर वे देश के लिए खेलना चाहते हैं तो उन्हें घरेलू क्रिकेट में खुद को 'साबित' करना होगा। शाह ने खिलाड़ियों को लिखे पत्र में कहा कि बोर्ड को इंडियन प्रीमियर लीग की सफलता पर गर्व है लेकिन खिलाड़ियों की घरेलू क्रिकेट के स्थान पर आईपीएल को प्राथमिकता देने की 'प्रवृति' चिंता का कारण है। कुछ खिलाड़ियों ने घरेलू क्रिकेट के स्थान पर आईपीएल को प्राथमिकता देनी शुरू की है। यह एक प्रवृति बनकर उभरने लगी है और यही हमारे लिए चिंता का कारण है। हमने इस तरह की चीजों की अपेक्षा कभी नहीं की थी। घरेलू क्रिकेट हमेशा वह आधार रहा है, जिस पर भारतीय क्रिकेट खड़ा है। उन्होंने कहा कि इसको समझना बहुत आवश्यक है कि घरेलू क्रिकेट भारतीय क्रिकेट की रीढ़ है। यह कई सालों से भारतीय की नई प्रतिभाएं देता रहा है। भारतीय क्रिकेट के लिए हमारा दृष्टिकोण शुरू से ही स्पष्ट रहा है कि भारत के लिए खेलने के इच्छुक प्रत्येक खिलाड़ी को घरेलू क्रिकेट में खुद को साबित करना होगा।

### अर्जेंटीना ओपन: अल्कराज को हराकर जैरी फाइनल में

**ब्यूनस आयर्स, एजेंसी।** चिली के निकोलस जैरी ने अपने कॅरियर का सबसे बड़ा उलटफेर करते हुए विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अल्कराज को हराकर अर्जेंटीना ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। जैरी ने अल्कराज को 7-6 (2), 6-3 से हराया जो उनके करियर की सबसे बड़ी जीत है। फाइनल में उनका मुकाबला अर्जेंटीना के फेसुंडो डियाज अकोस्टा से होगा। पिछली बार के विजेता अल्कराज ने मैच में किसी भी समय अपनी चिर परिचित आक्रामकता नहीं दिखाई जिसका चिली के खिलाड़ी ने फायदा उठाया। वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाले डियाज अकोस्टा ने अपने पहले टूर सेमीफाइनल में हमवतन फेडेरिको कोरिया को 6-2, 6-3 से हराया।

### तुर्की महिला कप के लिए 23 सदस्यीय टीम घोषित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआईएफएफ) ने 21 से 27 फरवरी तक अलान्या में होने वाले तुर्की महिला कप 2024 के लिए रविवार को 23 सदस्यीय महिला सीनियर टीम की घोषणा की। भारतीय टीम सोमवार को तुर्की के लिए रवाना होगी। इससे पहले भारत ने 2019 और 2021 में इस प्रतियोगिता में भाग लिया था। भारत चार देशों के इस टूर्नामेंट में अपना पहला मैच 21 फरवरी को एस्तोनिया के खिलाफ खेलेगा। राउंड रोबिन आधार पर होने वाले टूर्नामेंट में भारत इसके बाद 24 फरवरी को हांगकांग और 27 फरवरी को कोसोवा से भिड़ेगा। तालिका में शीर्ष पर रहने वाली टीम चैंपियन बनेगी।

### आईपीएल की सर्वकालिक टीम के कप्तान चुने गए धोनी



**नई दिल्ली।** करिश्माई भारतीय क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी को रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की सर्वकालिक महान टीम का कप्तान चुना गया। इस टीम का चयन 2008 में शुरू की गई टी20 लीग की सफलता का जश्न मनाने के लिए किया गया। 20 फरवरी को आईपीएल की पहली नीलामी के 16 साल पूरे हो जाएंगे। इस मौके पूर्व दिग्गज क्रिकेटरों और करीब 70 पत्रकारों की मदद से आईपीएल की सर्वकालिक महान टीम का चयन किया। इसके चयन पैनल में वसीम अकरम, मैथ्यू हेडन, टॉम मूडी और डेल स्टेन जैसे पूर्व क्रिकेटर थे। ऑस्ट्रेलिया के डेविड वार्नर और भारत के विराट कोहली को सलामी बल्लेबाज के रूप में चुना गया जबकि 'यूनिवर्सल बॉस' क्रिस गेल को बल्लेबाजी क्रम में नंबर तीसरा स्थान दिया गया है। मध्यक्रम में सुरेश रैना, एबी डिविलियर्स, सूर्यकुमार यादव और धोनी को जगह मिली है जबकि हार्दिक पंड्या, रविंद्र जडेजा और कीरोन पोलार्ड 15 सदस्यीय टीम में तीन ऑलराउंडर है। राशिद खान, सुनील नरेन और युजवेंद्र चहल को स्पिन गेंदबाज के तौर पर चुना गया है जबकि लसिथ मलिंगा और जसप्रीत बुमराह दो तेज गेंदबाज है। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने कहा कि कप्तानी के लिए धोनी के नाम पर सहमति बनना तय था। उन्होंने खिताब जीता है। विश्व कप, आईपीएल, आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी। उनमें कप्तानी के नैसर्गिक गुण है और मैदान के बाहर और अंदर उन्होंने चीजों को शानदार तरीके से निपटा है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर और कोच टॉम मूडी ने कहा कि धोनी ने अच्छी टीम के अलावा औसत टीम के साथ भी खिताब जीता है।

# जायसवाल और जडेजा का जलवा, भारत की बड़ी जीत

## यशस्वी ने जड़ा दोहरा शतक और रविंद्र ने लिए 5 विकेट, तीसरे टेस्ट के चौथे दिन ही इंग्लैंड को 434 रन से दी मात

**भारत-इंग्लैंड का तीसरा टेस्ट**

**राजकोट, एजेंसी**





**214** रन
236 गेंद
14 चौके
12 छक्के

सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के दोहरे शतक और रविंद्र जडेजा के 5 विकेट की मदद से भारत ने इंग्लैंड को तीसरे टेस्ट मैच में रविवार को चौथे दिन ही 434 रन से करारी शिकस्त देकर अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज की और 5 मैचों की श्रृंखला में 2-1 से बढ़त बनाई। इंग्लैंड की 'बैजबॉल' रणनीति भारत के आगे नहीं चल पाई तथा 557 रन के मुश्किल लक्ष्य का पीछा करते हुए उसकी टीम 39.4 ओवर में 122 रन पर आउट हो गई। जडेजा ने 41 रन देकर 5 विकेट लिए। कुलदीप ने दो जबकि बुमराह और अश्विन ने एक-एक विकेट लिए। भारत की इससे पहले रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत 372 रन की थी जो 2021 में मुंबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ मिली थी। इंग्लैंड के खिलाफ यह किसी भी टीम की दूसरी बड़ी जीत है। भारतीय धरती पर रनों के लिहाज से यह बड़ी जीत का भी रिकॉर्ड है। विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट मैच में 209 रन बनाने वाले जायसवाल ने नाबाद 214 रन की पारी खेली, जिसकी मदद से भारत ने दूसरी पारी 4 विकेट पर 430 रन पर समाप्त की घोषित करके इंग्लैंड के सामने असंभव लक्ष्य रखा। भारत ने पहली पारी में 445 रन बनाकर इंग्लैंड को 319 रन पर आउट किया था। जायसवाल ने 236 गेंद में 14 चौके और 12 छक्के लगाए। इस तरह से उन्होंने एक टेस्ट पारी में सर्वाधिक छक्के लगाने के रिकॉर्ड की बराबरी की। जायसवाल ने सरफराज खान (नाबाद 68) के साथ पांचवें विकेट के लिए 172 रन की साझेदारी की। पहला टेस्ट मैच खेल रहे सरफराज ने मैच में लगातार दूसरा अर्धशतक जमाया। इससे पहले शुभमन गिल ने 91 रन की पारी खेली। इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और पहली पारी में शतक जड़ने वाले बेन डकेट आउट होने वाले पहले बल्लेबाज थे। डकेट ने दावा किया था कि भारत कितने भी रन बनाए इंग्लैंड की टीम उसे हासिल कर सकती है लेकिन वह 4 रन बनाकर रन आउट हो गए। बुमराह ने विश्राम से ठीक पहले जॉक क्राउली (11) को पगबाधा आउट कर दिया। अश्विन को परिवार में आपात चिकित्सा स्थिति से टीम छोड़नी पड़ी थी, लेकिन उन्होंने चौथे दिन चाय के बाद मैदान पर वापसी की। रोहित शर्मा ने दूसरे छोर से जडेजा को गेंद थमाई जिन्होंने ओली पोप (03) को स्लिप में रोहित के हाथों कैच कराया और फिर अगले ओवर में जॉनी बेयरस्टो (04) को पगबाधा आउट किया। इससे इंग्लैंड का स्कोर 4 विकेट पर 28 रन हो गया। जब इंग्लैंड का स्कोर 50 रन था तब जो रूट (07) और कप्तान बेन स्टोक्स (15) भी पवेलियन लौट गए। रूट को जडेजा ने पगबाधा आउट कर अपना तीसरा विकेट लिया जबकि कुलदीप ने स्टोक्स को इसी तरह से आउट करके इंग्लैंड की उम्मीद पर पानी फेर दिया। कुलदीप ने रेहान अहमद (00 को लॉन्ग ऑन क्षेत्र में कैच करा कर इंग्लैंड का स्कोर 7 विकेट पर 50 रन कर दिया। बेन फॉक्स (16) और टॉम हार्टली (16) ने अगले 11 ओवर तक विकेट नहीं गिरने दिया। यह दोनों बल्लेबाज हालांकि 3 गेंद के अंदर पर पवेलियन चले गए। फॉक्स को जडेजा ने विकेटकीपर ध्रुव जुरैल के हाथों कैच कराया जबकि हार्टली को अश्विन ने बोल्ड किया। मार्क वुड (33) ने 16 गेंद की पारी में 6 चौके और 1 छक्का लगाकर हार का अंतर काम किया। जडेजा ने उन्हें जायसवाल के हाथों कैच कराकर अपना पांचवा विकेट लिया। इससे पहले जायसवाल ने इंग्लैंड के गेंदबाजों की धुनाई की।



**557** रन का मुश्किल लक्ष्य भारत ने इंग्लैंड को दिया था

**122** रन पर अंग्रेजों की पुरी टीम सिमटी, नहीं चले बल्ले

### स्कोर बोर्ड

**भारत (पहली पारी-445) दूसरी पारी 430/4 (98 ओवर)**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल नाबाद | 214 | 236 | 14/12 |
| रोहित शर्मा पगबाधा बो रूट | 19 | 28 | 3/0 |
| शुभमन गिल रन आउट | 91 | 151 | 9/2 |
| रजत पाटीदार का रेहान बो हार्टले | 00 | 10 | 0/0 |
| कुलदीप यादव का रूट बो रेहान | 27 | 91 | 3/1 |
| सरफराज खान नाबाद | 68 | 72 | 6/3 |

**अतिरिक्त:** 11, **विकेट पतन:** 1-30, 2-191, 3-246, 4-258, **गेंदबाजी:** एंडरसन 13-1-78-0, रूट 27-3-111-1, हार्टले 23-2-78-1, वुड 10-0-46-0 रेहान अहमद 25-1-108-1

**इंग्लैंड (पहली पारी-319) दूसरी पारी 122/10 (39.4 ओवर)**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| जॉक क्राउली पगबाधा बो बुमराह | 11 | 26 | 2/0 |
| बेन डकेट रन आउट | 04 | 15 | 0/0 |
| ओली पोप का शर्मा बो जडेजा | 03 | 14 | 0/0 |
| जो रूट पगबाधा बो जडेजा | 07 | 40 | 1/0 |
| जॉनी बेयरस्टो पगबाधा बो जडेजा | 04 | 03 | 1/0 |
| बेन स्टोक्स पगबाधा बो कुलदीप | 15 | 39 | 1/0 |
| बेन फोक्स का जुरेल बो जडेजा | 16 | 39 | 2/0 |
| रेहान अहमद का सिराज बो कुलदीप | 00 | 05 | 0/0 |
| टॉम हार्टले बो अश्विन | 16 | 36 | 2/1 |
| मार्क वुड का जायसवाल बो जडेजा | 33 | 15 | 6/1 |
| जेम्स एंडरसन नाबाद | 01 | 09 | 0/0 |

**अतिरिक्त:** 12, **विकेट पतन:** 1-15, 2-18, 3-20, 4-28, 5-50, 6-50, 7-50, 8-82, 9-91, 10-122 **गेंदबाजी:** जसप्रीत बुमराह 8-1-18-1, मोहम्मद सिराज 5-2-16-0, रविंद्र जडेजा 12 .4-4-41-5, कुलदीप यादव 8-2-19-2, रविचंद्रन अश्विन 6-3-19-1

### अश्विन टीम से जुड़े, चौथे दिन चाय के बाद मैदान पर उतरे

**राजकोट, एजेंसी।** भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन इंग्लैंड के खिलाफ चल रहे तीसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के चौथे दिन चाय के विश्राम के बाद मैदान पर उतरे। अश्विन को मैच के दूसरे दिन अपना 500वां विकेट हासिल करने के कुछ देर बाद अपनी मां के बीमार होने के कारण तीसरे टेस्ट मैच को बीच में छोड़ना पड़ा था। आईसीसी के नियमों के मुताबिक अश्विन को मैच के तीसरे दिन अनुपस्थित रहने पर 'पेनल्टी टाइम' का सामना नहीं करना पड़ेगा। आईसीसी के अनुच्छेद 24 .3 .2 के अनुसार, अगर खिलाड़ी ने अंपायरों की राय में किसी स्वीकार्य कारण से मैदान छोड़ा है तो इस अनुपस्थिति पर जुर्माना नहीं लगेगा। इसमें बीमारी या आंतरिक चोट शामिल नहीं है। रविवार दोपहर राजकोट पहुंचे अश्विन को चाय के विश्राम के दौरान अभ्यास करते देखा गया। इससे पहले बीसीसीआई ने रविवार को दिन के पहले सत्र में बताया था अश्विन टीम से जुड़ेंगे।

### टेस्ट मुश्किल है, मैं इसे यादगार बनने को तैयार : यशस्वी

**राजकोट।** करियर के शुरुआती दौर में ही दो दोहरे शतक जड़ने वाले सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने कहा कि टेस्ट 'कठिन' है, लेकिन वह अच्छी शुरुआत को बड़ा बनाने में विश्वास रखते हैं। इस बल्लेबाज ने इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच की दूसरी पारी में 236 गेंदों में नाबाद 214 रन बनाए। वेस्टइंडीज के खिलाफ जुलाई 2023 में पदार्पण करने वाले जायसवाल का छठा मैच में यह दूसरा दोहरा शतक था। जायसवाल ने राजकोट टेस्ट में एक पारी में किसी भारतीय द्वारा सबसे अधिक छक्के (12) लगाकर रिकॉर्ड बुक में भी नाम दर्ज कराया। जायसवाल ने कहा कि उन्होंने सत्र दर सत्र खेलने की कोशिश की। उन्हें पारी के दौरान पीठ में ऐंठन की समस्या से भी निपटना पड़ा। यह मेरे लिए काफी मुश्किल था क्योंकि शुरू में मैं रन नहीं बना पा रहा था। इसलिए सत्र दर सत्र खेलना पड़ा और परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाना पड़ा। तभी मुझे लगा कि मैं रन बना सकता हूं।

# भारतीय महिलाओं ने स्वर्ण पदक जीतकर रचा इतिहास

## बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप के फाइनल में थाईलैंड की टीम को 3-2 से दी मात

**शाह आलम (मलेशिया), एजेंसी**



युवा अनमोल खरब ने शानदार प्रदर्शन जारी रखा, जिससे भारतीय महिलाओं ने रविवार को बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप के फाइनल में थाईलैंड को 3-2 से हराकर अपना पहला स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा। पीवी सिंधु की अगुवाई वाली महिला टीम ने अच्छा प्रदर्शन जारी रखा तथा दो बार के कांस्य पदक विजेता थाईलैंड को हराया। भारतीय महिलाओं का इस चैंपियनशिप में यह पहला बड़ा खिताब है, जिससे उसका चीन के चेंगदू में 28 अप्रैल से पांच मई तक होने वाले उबेर कप के लिए मनोबल बढ़ेगा। अनमोल ने कहा कि मैं बहुत खुश हूं कि हमने स्वर्ण पदक जीता क्योंकि यह पहली बार है जब भारत बैडमिंटन एशिया टीम चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीत रहा है। भारत ने इससे पहले इस प्रतियोगिता में दो पदक जीते थे। भारतीय पुरुष टीम ने 2016 और 2020 में कांस्य पदक पाए थे।

थाईलैंड अपनी दो चोटी की खिलाड़ियों रतचानोक इंतानोन और पोर्नपावी चोचुवोंग के बिना प्रतियोगिता में उतरा था जिसका भारत को फायदा मिला। चोटिल होने से चार महीने तक कोर्ट से बाहर रहने वाली सिंधु ने आक्रामक खेल का नजारा पेश किया और पहले एकल में सुपनिडा काटेथोंग को हराकर भारत को 1-0 से बढ़त दिलाई। त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी ने जोंगकोलफान कितिथाराकुल और राविंडा प्रा जोंगजई की जोड़ी को पराजित कर भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। शनिवार को जापान की नोज़ोमी ओकुहारा के खिलाफ जीत के बाद अश्मिता चालिहा से काफी उम्मीदें थी लेकिन वह दूसरे एकल में बुसानन ओंगबामरुंगफ़ान से हार गई। श्रुति मिश्रा और प्रिया कोन्जेंगबाम की जोड़ी बेन्यापा ऐम्सार्ड और नुनटाकर्न ऐम्सार्ड की जोड़ी से हार गई, जिससे मुकाबला 2-2 से बराबर हो गया। अब भारत को जीत दिलाने का दारोमदार अनमोल खराब पर टिका था जिन्होंने पोर्नपिचा चोइकीवोंग को हराकर भारत को स्वर्ण पदक दिला दिया।

# प्रदेश के खिलाड़ियों के प्रदर्शन ने किया निराश

**रणजी ट्राफी**

**कार्यालय संवददाता, लखनऊ**



**अमृत विचार:** रणजी ट्रॉफी के अंतिम मैच में उत्तर प्रदेश की टीम के खिलाड़ियों ने निराशाजनक प्रदर्शन किया। इलीट ग्रुप-बी में लीग अंतिम मुकाबले में मेजबान उत्तर प्रदेश की टीम छत्तीसगढ़ के खिलाफ बैकफुट पर है। क्रिकेट विशेषज्ञों के अनुसार यह मुकाबला अब ड्रा की तरफ बढ़ गया है। छत्तीसगढ़ की पहली पारी के जबाव में उत्तर प्रदेश की टीम 238 रन पर सिमट गई। ऐसे में छत्तीसगढ़ को बिना खेले 176 रन की बढ़त मिली। तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक छत्तीसगढ़ ने 5 विकेट पर 124 रन बनाए और 300 रन की बढ़त ली है। सोमवार को आखिरी दिन का खेल होना है और छत्तीसगढ़ के 5 विकेट बाकी हैं। रविवार को उत्तर प्रदेश ने 3 विकेट पर 110 रन के आगे खेलना शुरू किया। 128 रन और जोड़कर उत्तर प्रदेश की टीम सिमट गई। नाबाद बल्लेबाज कप्तान नितीश राणा और सौरभ कुमार जल्द आउट हो गए। सौरभ 55 और नितीश राणा 54 रन ही बना सके। बल्लेबाज यश दयाल ने तेज खेल दिखाया। उन्होंने 55 रन की पारी 36 गेंदों पर खेली। शिवम शर्मा 33 रन बनाकर नाबाद रहे। छत्तीसगढ़ के बुट्टे और रवि किरन ने 3-3 और आशीष चौहान को 2 विकेट मिले।

लंच के बाद दूसरी पारी खेलने उतरी छत्तीसगढ़ की टीम के पांच प्रमुख बल्लेबाजों को उत्तर प्रदेश की टीम ने 124 रन के योग पर चला किया। शशांक चंद्राकर ने 42 और आशुतोष सिंह ने 43 रन बनाए। आज का खेल खत्म होने तक पहली पारी में दोहरा शतक जमाने वाले छत्तीसगढ़ के संजीत देसाई 25 और अजय मंडल दो रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। उत्तर प्रदेश के शिवम शर्मा ने 14 रन देकर 3, अटल बिहारी और नितीश राणा को 1-1 विकेट मिला।



# बॉलीवुड हलचल

## 'शक्तिमान' पर चल रहा काम : मुकेश



मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता मुकेश खन्ना का कहना है कि अभी शक्तिमान प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है और बहुत जल्द इसकी अनाउंसमेंट की जाएगी। सुपरहिट टीवी सीरियल शक्तिमान में मुकेश खन्ना ने शक्तिमान का किरदार निभाया था। फिल्म शक्तिमान के निर्माण का ऐलान पिछले साल किया गया था। सोनी पिक्चर्स ने फिल्म शक्तिमान का ऐलान किया था और मुकेश खन्ना को इसका क्रिएटिव कंसल्टेंट बनाया था। कहा जा रहा है कि रणवीर सिंह इस बार शक्तिमान का किरदार निभाते नजर आ सकते हैं। मुकेश खन्ना ने कहा, अभी इस प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है। मेरा सोनी पिक्चर्स के साथ कॉन्ट्रैक्ट है और इसलिए इस बारे में ज्यादा बात नहीं कर सकता। हालांकि, इस बारे में हम जल्द ही ऑफिशियल स्टेटमेंट रिलीज करेंगे।

## अमेरिका में टाइम्स स्क्वायर पर नीतू का जलवा



**मुंबई, एजेंसी।** जानीमानी अभिनेत्री नीतू चंद्रा श्रीवास्तव का जलवा अमेरिका में टाइम्स स्क्वायर पर देखने को मिला। नीतू चंद्रा श्रीवास्तव का जलवा पिछले दिनों अमेरिका के टाइम्स स्क्वायर पर उस वक्त देखने को मिला जब वह एक म्यूजिकल प्ले उमराव जान अदा के ट्रेलर की शूटिंग कर रही थी। उस समय न्यूयॉर्क शहर के टाइम स्क्वायर पर स्थित बड़ी-बड़ी स्क्रीन पर सिर्फ नीतू चंद्रा श्रीवास्तव के मनमोहक दृश्य नजर आ रहे थे और इस तरह वो अमेरिका की सरजमीं पर भारत का परचम लहराती नजर आ रही थी। यह ट्रेलर ब्लू वेव एंटरटेनमेंट के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल से रिलीज भी कर दिया गया है। इस म्यूजिकल प्ले के ट्रेलर शूट के बाद नीतू चंद्रा श्रीवास्तव ने अपनी एक्साइटमेंट का इजहार किया और कहा कि यह मेरी जिंदगी का सबसे यादगार लम्हा है, जब टाइम्स स्क्वायर जैसे जगह से दुनिया की नजरे मुझे देख रही थी, लेकिन मुझे खुद पर भरोसा था और मैं इस कॉन्सेप्ट के साथ अपना हंड्रेड परसेंट देने का काम किया।

## यामिनी की 'नमस्ते सासू जी' का फर्स्ट लुक रिलीज




**मुंबई, एजेंसी।** मैड्ज मूवी प्रस्तुत, वर्ल्डवाइड प्रोडक्शन की आने भोजपुरी फिल्म नमस्ते सासू जी का फर्स्ट लुक रिलीज कर दिया गया है। नमस्ते सासू जी में यामिनी सिंह मुख्य भूमिका में है, और उनके साथ गौरव झा और देव सिंह भी नजर आने वाले हैं। निर्माता प्रदीप शर्मा ने कहा कि फिल्म की कहानी ही इसकी यूएसपी है, जिसमें भोजपुरी सिनेमा के दिग्गज अभिनेताओं ने अपना योगदान दिया है। इस फिल्म को काली प्रसाद सिंह ने निर्देशित किया है। फिल्म का निर्माण बड़े पैमाने पर किया गया है। इसलिए उम्मीद है कि दर्शकों को यह फिल्म पसंद आएगी। वही फिल्म को लेकर यामिनी सिंह ने बताया कि यह फिल्म महिला प्रधान कहानी पर आधारित है। इसकी केंद्रीय भूमिकाओं में महिलाओं का अपीरियंस बेहद महत्वपूर्ण है। बावजूद इसके यह फिल्म पूरी तरह से कमर्शियल है। इसमें मेरी भूमिका भी बेहद अलग है और मैं ऐसे निभाने के लिए खूब मेहनत की है। उम्मीद करती हूं कि भोजपुरी के दर्शकों ने मुझे अब तक जिस तरह से प्यार दिया है उससे भी ज्यादा प्यार मुझे इस फिल्म के जरिए मिले। इस फिल्म के गीत संगीत से लेकर संवाद और प्रेजेंटेशन सभी खास हैं। फिल्म का ट्रेलर भी जल्द ही आएगा और यह फिल्म जब भी रिलीज हो तब आपसे आग्रह करुंगी कि आप इसे सिनेमाघर में जाकर देखें। गौरतलब है कि फिल्म नमस्ते सासू जी के निर्माता प्रदीप सिंह, समीर आफताब, विनय सिंह, मोनिका सिंह और प्रतीक सिंह हैं। फिल्म के निर्देशक काली प्रसाद हैं, जबकि कहानी सभा वर्मा ने लिखी है। फिल्म के संगीतकार ओम झा हैं। गीतकार प्यारे लाल यादव, डॉक्टर कर्मेंद्र कुमार सिंह, धर्म हिंदुस्तानी और संतोष कुमार उत्पाती हैं।

## कुछ रीत जगत.., सामाजिक बुराई के खिलाफ आवाज उठाएगा : मीरा



**मुंबई, एजेंसी।** टीवी की अभिनेत्री मीरा देओस्थले का कहना है कि सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होने वाला शो कुछ रीत जगत गंभीर सामाजिक बुराई के खिलाफ आवाज उठाएगा। गुजरात के परिवेश पर आधारित इस शो में दहेज प्रथा के खिलाफ आवाज उठाई गई है। मीरा देओस्थले (नंदिनी) और जान खान (नरेन रतनशी) मुख्य भूमिका में हैं। नंदिनी एक ऐसी लड़की है, जिसे शादी के बाद पता चलता है कि उसकी शादी में दहेज लिया गया है और वह अपनी शादी का दहेज ससुराल वालों से वापस मांगती है। मीरा ने कहा कि महिलाओं को अक्सर कहा जाता है कि यह करना चाहिए, यह नहीं करना चाहिए। नंदिनी का किरदार इस पर सवाल उठाता है और पूछता है कि ऐसा क्यूं करना चाहिए। नंदिनी का किरदार लोगों को जागरूक करता है। जब मुझे शो की नरेशन सुनाई गई तब मेरी आंखो में आंसू आ गए और मैने यह तय कर लिया कि मुझे यह शो करना है। ये फुल ऑफ इंटरटेनिंग शो है जो लोगों को संदेश भी देगा। जान खान के साथ मेरी रोमांटिक केमेस्ट्री लोगों को बेहद पसंद आएगी। शो में 30 से अधिक कलाकारों ने काम किया है।

## मैं दो वर्ष का था तब अमिताभ ने मेरे गाल पर काटी थी चिकोटी : इमरान



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता इमरान हाशमी ने बताया कि वह जब दो वर्ष के थे तब अमिताभ बच्चन ने उनके गाल पर चिकोटी काटी थी और उन्हें आशीर्वाद दिया था। इमरान ने अमिताभ बच्चन के साथ फिल्म चेहरे में काम किया है। उन्हांने बताया, फिल्म चेहरे में काम करने की वजह अमिताभ बच्चन रहे। अमिताभ बच्चन दिग्गज कलाकार और बेहद प्रोफेशनल हैं। चेहरे में मेरा किरदार नेगेटिव था। उनके साथ काम करना शानदार अनभुव रहा। चेहरे के सीन्स में मै अमिताभ बच्चन पर चिल्लाता था, जिस बात का मुझे बेहद बुरा लगा। इमरान ने बताया कि अच्छी स्क्रिप्ट मिलने पर वह अपनी सुपरहिट फिल्में राज, मर्डर और जन्नत की फ्रेंचाइजी में काम करेंगे। उन्होंने कहा कि दर्शक कुछ नया देखना चाहते हैं, यदि अच्छी स्क्रिप्ट मिले तभी वह काम करेंगे। वह दर्शकों को हर बार कुछ नया देना चाहते हैं।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## एक नजर

### फिलीपींस में भूस्खलन, मरने वालों की संख्या 98 हुई

**मनीला।** फिलीपींस के दक्षिणी प्रांत दावाओ डी ओरो में भूस्खलन से मरने वालों की संख्या 98 हो गयी है। फिलीपींस की मीडिया ने स्थानीय अधिकारियों के हवाले से शनिवार को यह जानकारी दी। फिलस्टार समाचार पोर्टल ने बताया कि कम से कम नौ लोग अभी भी लापता हैं। उल्लेखनीय है कि फरवरी की शुरुआत में हुआ भूस्खलन लगातार बारिश के कारण हुआ था। गांव का एक हिस्सा और एपेक्स माइनिंग के कर्मचारियों को ले जा रही दो बसें मलबे में दब गयी थीं।

### एलेक्सी को श्रद्धांजलि देने के दौरान 400 हिरासत में

**मॉस्को।** रूस में विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी को श्रद्धांजलि देने के दौरान 400 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया है। रूस के एक अधिकार समूह ने यह जानकारी दी। नवलनी (47) की अचानक मृत्यु से रूस के कई लोगों को करारा झटका लगा है। इन लोगों को राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सबसे धुर विरोधी से भविष्य में काफी उम्मीदें थीं। नवलनी को सरकार में भ्रष्टाचार और रूसी शासन प्रतिष्ठान क्रेमलिन के खिलाफ व्यापक प्रदर्शनों के लिए जाना जाता था। नर्व एजेंट के जहर से बचने और कई बार जेल की सजा पाने के बाद भी नवलनी ने पुतिन की आलोचना करना जारी रखा था। रूस के कई शहरों में सैकड़ों लोग इस राजनीतिज्ञ को श्रद्धांजलि देने के लिए शुक्रवार और शनिवार को फूलों और मोमबत्तियों के साथ राजनीतिक दमन के पीड़ितों के स्मारकों पर पहुंचे।

### कोयंबटूर में अमेरिकी उच्च शिक्षा मेला लगेगा

**कोयंबटूर।** तमिलनाडु के शहर चेन्नई में स्थापित अमेरिकी वाणिज्यिक सेवा और अमेरिकी महावाणिज्य दूतावास कोयम्बटूर में कल (सोमवार) को मुफ्त अमेरिकी उच्च शिक्षा मेले का आयोजन करेगा। मेले में अमेरिकी वाणिज्य विभाग, अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रशासन सहित कुल मिलाकर 18 अमेरिकी उच्च शिक्षा संस्थान भाग लेंगे। अमेरिकी महावाणिज्य दूत चेन्नई क्रिस्टोफर होजेस ने कहा कि अमेरिका विश्व स्तर पर अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थी का शीर्ष मेजबान बना हुआ है।

### डेनमार्क तोपखाने का स्टॉक यूक्रेन को करेगा हस्तांतरित

कोपेनहेगन : डेनमार्क के प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिकसन ने कहा है कि डेनमार्क देश के पूरे गोला-बारूद भंडार को यूक्रेन को स्थानांतरित कर देगा। फ्रेडरिकसन ने कहा कि यूरोप में अभी भी गोला-बारूद का भंडार है जिसका ब्लॉक इस समय उपयोग नहीं कर रहा है और इसे यूक्रेन को सौंपना चाहिए। फ्रेडरिकसेन ने म्यूनिख सिक्योरिटी के इतर कहा कि यदि आप यूक्रेनियन से पूछें, तो वे हमसे अब गोला-बारूद, अब तोपखाने मांग रहे हैं। डेनिश पक्ष से, हमने अपनी पूरी तोपखाने दान करने का फैसला किया है।

# इजराइल के हमले में गाजा में 18 लोगों की मौत

**रफह (गाजा पट्टी) एजेंसी**

इजराइल ने शनिवार रात को गाजा में हमले किए, जिससे कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई। चिकित्सा कर्मियों और चश्मदीदों ने रविवार को यह जानकारी दी। इस बीच, अमेरिका ने कहा है कि संयुक्त राष्ट्र में संघर्ष विराम प्रस्ताव पेश होने पर फिर से वह वीटो शक्ति का इस्तेमाल करेगा। अमेरिका, इजराइल का करीबी सहयोगी है। वह बंधकों को छुड़ाने के लिए इजराइल और हमास के बीच वार्ता का पक्षधर है। रफह में रातभर हुए हवाई हमले में एक महिला और तीन बच्चों सहित छह लोग मारे गए जबकि अन्य हमले में दक्षिणी शहर खान यूनिस में पांच लोगों की मौत हो गई। इसके अलावा, इजराइली हमले की चपेट में आने से गाजा शहर के एक घर में रहने वाले सात लोगों की जान चली गई। वहीं, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के प्रमुख ने कहा कि दक्षिणी गाजा में सेवा देने वाला मुख्य चिकित्सा केंद्र 'नासिर अस्पताल' पिछले सप्ताह के अंत में इजराइल द्वारा की गई छापेमारी के बाद से संचालित नहीं हो पा रहा है। डब्ल्यूएचओ प्रमुख टेड्रोस अदानोम घेब्रेयेसुस ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि डब्ल्यूएचओ की एक टीम को शुक्रवार या शनिवार को अस्पताल में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि टीम मरीजों की स्थिति और चिकित्सा आवश्यकताओं का आकलन करने के लिए पहुंची थी। उन्होंने कहा कि अस्पताल में अभी भी लगभग 200 मरीज हैं, जिनमें से 20 को अन्य अस्पतालों में तत्काल रेफर करने की आवश्यकता है।

### गाजा में युद्धविराम के लिए वार्ता में कोई विशेष प्रगति नहीं: कतर

**राफा, एजेंसी।** इजराइल और हमास के बीच युद्धविराम के लिए मध्यस्थता कर रहे देश कतर ने कहा है कि इस दिशा में फिलहाल कोई खास प्रगति नहीं हो पाई है। कतर का यह बयान ऐसे वक्त आया है जब इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने आरोप लगाया है कि हमास के आतंकवादी अपनी 'बेतुकी मांगों' पर अड़े हुए हैं। कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी ने म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में अपने संबोधन में ''मानवीय पहलू'' से जुड़ी समस्याओं का जिक्र किया। नेतन्याहू पर इस बात का बेहद दबाव है कि वह उन बंधकों को सुरक्षित लाएं जिन्हें हमास ने सात अक्टूबर को हमला करने के दौरान कब्जे में लिया था। नेतन्याहू ने कहा कि उन्होंने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के कहने पर इस सप्ताह की शुरुआत में एक प्रतिनिधिमंडल काहिरा भेजा था लेकिन उन्हें अब दोबारा भेजे जाने का कोई तुक नहीं समझ आ रहा। हमास चाहता है कि गाजा में स्थाई युद्धविराम हो और इजराइल फलस्तीन के उन सभी कैदियों को रिहा करे जो उसकी जेलों में बंद हैं। नेतन्याहू ने मिस्र के साथ लगती गाजा की सीमा पर स्थित शहर राफा में जमीनी हमले रोकने के अंततराष्ट्रीय अनुरोध की भी अनदेखी की है। वह किसी भी सूरत में हमले रोकने के पक्ष में नहीं हैं। उन्होंने कहा कि हमास पर ''पूर्ण विजय'' के लिए हमले जरूरी हैं। 'एसोसिएटेड प्रेस' के पत्रकारों और अस्पताल के अधिकारियों के अनुसार शनिवार को मध्य गाजा में हवाई हमलों में बच्चों सहित 40 से अधिक लोग मारे गए और कम से कम 50 लोग घायल हुए हैं। इजराइल की सेना ने कहा कि उसने हमास के खिलाफ हमले किये हैं। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि गाजा में अब तक 28,858 लोग मारे गए हैं।



जैसलमेर : पोखरन क्षेत्र में वायु शक्ति -2024 अभ्यास के दौरान करतब दिखाता वायुसेना का सी-17 ग्लोबल मास्टर विमान।

# पीएमएल-एन व पीपीपी के बीच बातचीत बेनतीजा

## पाकिस्तान में गठबंधन सरकार के लिए सत्ता-बंटवारे के फॉर्मूले पर नहीं बनी सहमति

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

पाकिस्तान में गठबंधन सरकार के लिए सत्ता-बंटवारे के 'फॉर्मूले' को लेकर पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के बीच बातचीत बेनतीजा रही। दोनों पक्षों ने हालांकि चर्चा में "महत्वपूर्ण प्रगति" का दावा किया। एक खबर में यह जानकारी दी गई है।

दोनों दलों की संपर्क एवं समन्वय समितियों (सीसीसी) के बीच शनिवार को हुई तीसरी बैठक बेनतीजा रही और दोनों ने सत्ता-बंटवारे के 'फॉर्मूले' को अंतिम रूप देने के लिए सोमवार को एक और बैठक करने का फैसला किया। बैठक के बाद पीएमएल-एन द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि "मजबूत लोकतांत्रिक सरकार" की आवश्यकता पर बल देते हुए दोनों पक्षों के साथ बातचीत में "महत्वपूर्ण प्रगति" हुई है। एक संयुक्त बयान में कहा गया है, "दोनों पक्षों द्वारा रखे गए प्रस्तावों पर गहन चर्चा की गई, हालांकि पर्याप्त प्रगति हासिल हुई है, लेकिन मौजूदा मामलों को अंतिम रूप देने के लिए और विचार-विमर्श की आवश्यकता है।" नवाज शरीफ के नेतृत्व वाली पीएमएल-एन ने शहबाज शरीफ को प्रधानमंत्री पद के लिए नामित किया है। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी द्वारा समर्थित उम्मीदवारों ने नेशनल असेंबली की 265 में से 93 सीट पर जीत हासिल की।

पीएमएल-एन ने 75 सीट जीतीं जबकि पीपीपी 54 सीट के साथ तीसरे स्थान पर रही। मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) भी 17 सीट के साथ समर्थन देने के लिए तैयार हो गई है। सरकार बनाने के लिए 266 में से 133 सीट की जरूरत है।

### एचआरसीपी ने पाकिस्तान में मतदान के बाद की प्रक्रिया को असंतोषजनक बताया

**लाहौर, एजेंसी।** पाकिस्तान के मानवाधिकार आयोग (एचआरसीपी) ने आठ फरवरी को हुए आम चुनावों, खासकर मतदान के बाद की प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर चिंता जताई है। समाचारपत्र 'द न्यूज' ने रविवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। देश के 51 निर्वाचन क्षेत्रों में ऑन-साइट निरीक्षण करने वाले एचआरसीपी के चुनाव निगरानीकर्ताओं की ओर से की गयी टिप्पणियों के अनुसार मतदान के दिन इंटरनेट और मोबाइल सेवाओं के राष्ट्रव्यापी निलंबन के साथ-साथ मतदान की जानकारी में अनियोजित परिवर्तन के कारण मतदाताओं को मतदान केंद्रों का पता लगाने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। एचआरसीपी ने शनिवार को जारी अपनी रिपोर्ट में कहा कि इस स्थिति ने विशेष रूप से चलने-फिरने में बाधाओं का सामना करने वाली महिलाओं, विकलांग लोगों, वरिष्ठ नागरिकों और सीमित वित्तीय साधनों वाले मतदाताओं को प्रभावित किया है। विशेष चिंता का विषय चुनाव अधिकारियों द्वारा चुनाव परिणामों की घोषणा में की जा रही लंबी देरी है। मोटे तौर पर कहें तो मतदान प्रक्रिया पारदर्शी और शांतिपूर्ण रही। मतदान कर्मचारी आम तौर पर अच्छी तरह से तैयार और सुसज्जित थे। लगभग सभी मामलों में, मतदान एजेंटों और उम्मीदवारों को मतदान से पहले खाली मतपेटियां दिखाई गईं। साथ ही पीठासीन अधिकारी को मतदाता को देने से पहले प्रत्येक मतपत्र के पीछे मोहर लगाते और हस्ताक्षर करते देखा गया। मतपेटी हर समय सभी की नजर में थी और मतदाताओं को गुप्त रूप से अपने मतपत्रों पर मुहर लगाने की अनुमति थी। मतदान के बाद की प्रक्रिया हालांकि असंतोषजनक थी। चिंता की बात यह है कि उम्मीदवारों, मतदान एजेंटों और पर्यवेक्षकों को परिणामों के अनंतिम समेकन को देखने की अनुमति से वंचित किए जाने की खबरें भी सामने आईं। एचआरसीपी ने एक संसदीय निकाय की देखरेख में 2024 चुनावों के स्वतंत्र ऑडिट की सिफारिश की है। सुरक्षा और ख़ुफ़िया एजेंसियों को चुनावी प्रक्रिया या उसके परिणामों के प्रबंधन में कोई भूमिका नहीं निभानी चाहिए। संसद को कार्यवाहक सरकारी योजना की उपयोगिता पर भी बहस करनी चाहिए। मतदान के दिन, मतदान रुकने के बाद भी, निर्बाध सेल्युलर और इंटरनेट सेवाएं उपलब्ध होनी चाहिए। ईसीपी को चुनाव अधिनियम 2017 के तहत सभी फॉर्म 45, 46, 48 और 49 को प्रकाशित करना होगा। पीड़ित राजनीतिक दलों या उम्मीदवारों से याचिका प्राप्त होने पर, ईसीपी को करीबी मुकाबलों में मतपत्रों की पुनर्गणना का आदेश देना चाहिए, खासकर ऐसे मामलों में जहां अस्वीकृत मतपत्रों की संख्या जीत के अंतर से अधिक हो।

### 'पीटीआई' ने निर्वाचन आयुक्त, प्रधान न्यायाधीश का इस्तीफा मांगा

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी ने चुनाव में 'धांधली' के संबंध में एक वरिष्ठ नौकरशाह के आरोपों के बाद पाकिस्तान के मुख्य निर्वाचन आयुक्त और प्रधान न्यायाधीश के इस्तीफे की मांग की है। रावलपिंडी के पूर्व आयुक्त लियाकत अली चट्ठा ने शनिवार को आरोप लगाया था कि शहर में जो उम्मीदवार चुनाव हार रहे थे, उन्हें जिताया गया। उन्होंने दावा किया कि रावलपिंडी के 13 उम्मीदवारों को गलत तरीके से विजेता घोषित किया गया। उनकी टिप्पणी ऐसे समय आई है जब 'पीटीआई' ने आठ फरवरी के चुनावों में कथित धांधली के खिलाफ देशव्यापी विरोध प्रदर्शन शुरू किया है। चट्ठा ने कहा, ''मैं इन सभी गलत काम की जिम्मेदारी ले रहा हूं और आपको बता रहा हूं कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त और प्रधान न्यायाधीश भी इसमें पूरी तरह से शामिल हैं।'' चुनाव परिणामों में हेरफेर के लिए ''जिम्मेदारी स्वीकार करने'' के बाद चट्ठा ने पद से इस्तीफा दे दिया। खान की अगुवाई वाली 'पीटीआई' के एक प्रवक्ता ने मांग की कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त सिकंदर सुल्तान राजा और प्रधान न्यायाधीश काजी फैज इसा रावलपिंडी के आयुक्त चट्ठा के खुलासे के बाद अपने पदों से इस्तीफा दें। प्रवक्ता ने कहा कि चट्ठा ने स्वीकार किया है कि 70,000 से अधिक वोटों से आगे चल रहे निर्दलीय उम्मीदवारों की जीत को फर्जी मोहरें लगाकर हार में बदल दिया गया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि चट्ठा की गवाही 'पीटीआई' के उस रुख का समर्थन करती है कि लोगों ने बड़ी संख्या में 'पीटीआई' समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों को वोट दिया था।

### पुलिस व इमरान खान की पार्टी के समर्थकों के बीच झड़प

**लाहौर/कराची, एजेंसी।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के समर्थकों की चुनाव में कथित धांधली के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान देशभर के विभिन्न शहरों में पुलिस के साथ झड़प हो गई। 'डॉन' अखबार की खबर में रविवार को बताया गया कि लाहौर में, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के समर्थक विरोध दर्ज कराने के लिए शनिवार को लाहौर प्रेस क्लब और पार्टी के जेल रोड कार्यालय के बाहर एकत्र हुए। सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो क्लिप में पुलिसकर्मी जेल रोड पर 'पीटीआई' के कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन में भाग लेने वाले वकील को घसीटते हुए दिखाई दे रहे हैं। 'पीटीआई' के एक अन्य उम्मीदवार अली इजाज बुट्टर को भी बुजुर्ग पुरुषों, महिलाओं और एक बच्चे के साथ गिरफ्तार किया गया है। पंजाब प्रांत के कई शहरों में प्रदर्शनकारियों के इकट्ठा होने से पहले ही पुलिस प्रदर्शन स्थल पर पहुंच गई और पार्टी के कई नेताओं, उम्मीदवारों, कार्यकर्ताओं और समर्थकों को गिरफ्तार कर लिया। 'डॉन' की खबर में कहा गया है कि पार्टी के संस्थापक इमरान खान के आह्वान पर एकत्र हुए 'पीटीआई' कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने नारेबाजी की। कराची में, सैकड़ों 'पीटीआई' कार्यकर्ता और समर्थक शहर के सदर इलाके में पाकिस्तान निर्वाचन आयोग के सिंध कार्यालय के बाहर एकत्र हुए। प्रदर्शनकारियों ने कथित धांधली के खिलाफ नारे लगाए और न्यायपालिका एवं सरकारी संस्थानों से हस्तक्षेप करने और परिणामों में "खामियों" को सुधारने की मांग की।

### सुविधा

# ब्रिटेन ने यूक्रेनियाई नागरिकों की वीजा मियाद बढ़ाई

**लंदन एजेंसी**

ब्रिटेन की सरकार ने रविवार को रूस-यूक्रेन संघर्ष के मद्देनजर देश में शरण लेने आए यूक्रेनियाई नागरिकों के लिए शुरू वीजा योजना की मियाद बढ़ा दी है। इसके साथ ही युद्धग्रस्त देश से आए यूक्रेनियाई नागरिक समान शर्तों पर ही मौजूदा मियाद खत्म होने के बाद भी 18 महीने तक देश में रह सकेंगे।

ब्रिटेन के गृह मंत्रालय ने कहा कि यूक्रेन वीजा योजनाओं में से एक के तहत ब्रिटेन में रहने वाले सभी लोग 2025 की शुरुआत से अतिरिक्त 18 महीनों के लिए यहां रहने के लिए आवेदन कर सकेंगे और अपने पूरे प्रवास के दौरान शिक्षा, रोजगार, अन्य लाभ, स्वास्थ्य देखभाल प्राप्त करने अधिकार प्राप्त कर सकेंगे। इसका अभिप्राय है कि यूक्रेन के लिए शुरू वीजा योजनाओं में से एक के तहत देश में आए यूक्रेनियाई नागरिक अब सितंबर 2026 तक ब्रिटेन में रह सकते हैं। ब्रिटेन में कानूनी आव्रजन और सीमा मामलों की मंत्री टॉम पर्सग्लोव ने कहा, ''इस क्रूर युद्ध की शुरुआत से अबतक के लगभग दो साल के कालखंड में 2,00,000 से अधिक यूक्रेनियाई और उनके परिवार के सदस्य ब्रिटेन आए हैं।

### भूराजनीतिक टकराव

# अमेरिका की भारत-प्रशांत रणनीति क्षेत्रीय शांति के लिए खतरा

**सोल, एजेंसी**

अमेरिका की भारत-प्रशांत रणनीति "भूराजनीतिक टकराव" को जन्म दे रही है और इससे क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए खतरा उत्पन्न हो रहा है। द. कोरिया की न्यूज एजेंसी कोरियाई सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) द्वारा रविवार को प्रकाशित एक लेख में ये बातें कही गयी हैं। द. कोरिया के विदेश मंत्रालय के अमेरिकी अध्ययन संस्थान के एक शोधकर्ता री जी वोन के लेख में कहा गया है कि रणनीति के शुरू के दो साल बाद वर्तमान स्थिति यह है कि अमेरिकी बिडेन प्रशासन द्वारा बनाये गये "स्वतंत्र, खुले, समृद्ध एवं स्थिर (भारत-प्रशांत ) क्षेत्र के निर्माण में बेरुखी को दिखाई दे रही है। लेख में कहा गया है कि अमेरिका की भारत-प्रशांत रणनीति ने क्षेत्र में "स्वतंत्रता" के बजाय टकराव को जन्म दे दिया है।

### हाउती ने डेनमार्क की जहाज को लक्षित कर तीन मिसाइलें दागीं

**वाशिंगटन, एजेंसी।** यमन में अंसार अल्लाह आंदोलन (हाउती) द्वारा नियंत्रित क्षेत्रों से चार एंटी-शिप मिसाइलें दागी गईं। इनमें करीब तीन के जरिए लाल सागर में डेनमार्क की व्यापारी जहाज एमटी पोलक्स को निशाना बनाया। यह जानकारी अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने रविवार को दी। सेंटकॉम ने बताया कि यमन के ईरानी समर्थित हाउती-नियंत्रित क्षेत्रों से लाल सागर में चार जहाज-रोधी बैलिस्टिक मिसाइलें दागी गयीं। एमटी पोलक्स या क्षेत्र में अन्य किसी जहाज के क्षतिग्रस्त होने या किसी घायल होने की सूचना नहीं है। वहीं, अमेरिकी सेना ने शुक्रवार को यमनी जल क्षेत्र में एक जहाज-रोधी क्रूज मिसाइल और एक मोबाइल मानव रहित सतह जहाज (यूएसवी) के खिलाफ हमले किए।

# पूर्व थाई पीएम थाकसिन पेरोल पर रिहा

**बैंकॉक, एजेंसी**

थाईलैंड के दोषी पूर्व प्रधान मंत्री थाकसिन शिनावात्रा को स्व-निर्वासन से देश लौटने के छह महीने बाद रविवार को पेरोल पर रिहा कर दिया गया। शिन्हुआ के पत्रकारों ने बताया कि थाकसिन को ले जाने वाली एक कार रविवार को स्थानीय समयानुसार सुबह 6:06 बजे बैंकॉक के एक पुलिस अस्पताल से निकली, जहाँ उन्होंने चिकित्सा उपचार करवाया।

थाई प्रधान मंत्री श्रेथा थाविसिन ने पहले कहा था कि थाकसिन की पेरोल पर रिहाई कानून के अनुरूप थी। देश के न्याय मंत्रालय के अनुसार 74 वर्षीय पूर्व प्रधान मंत्री इस महीने पेरोल के लिए स्वीकृत 930 कैदियों में से एक हैं। वह पेरोल के लिए पात्र है क्योंकि उसकी उम्र 70 वर्ष से अधिक है और वह एक गंभीर बीमारी से पीड़ित है। थाकसिन ने 15 साल से अधिक का अपना निर्वासन समाप्त किया और पिछले साल अगस्त में थाईलैंड लौट आए,



लेकिन जल्द ही उन्हें हिरासत में ले लिया गया और कई आरोपों में आठ साल की जेल की सजा सुनाई गयी। उनकी वापसी के तुरंत बाद स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं के कारण उन्हें बैंकॉक जेल से अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया था। उल्लेखनीय है कि पिछले सितंबर में थाकसिन के शाही क्षमादान के अनुरोध के बाद थाई राजा महा वजिरालोंगकोर्न ने थाकसिन की आठ साल की जेल की सजा को घटाकर एक साल कर दिया था। थाकसिन ने वर्ष 2001 से 2006 तक दक्षिण पूर्व एशियाई देश के प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया और वर्ष 2008 से विदेश में स्व-निर्वासन में थे।



मेला

फरीदाबाद : 37वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय क्राफ्ट मेला में उमड़ी दर्शकों की भीड़। • एजेंसी

### एयर शो

# आईएएफ की सारंग टीम सिंगापुर में दिखाएगी करतब

**सिंगापुर एजेंसी**

भारतीय वायुसेना (आईएएफ) की सारंग एरोबेटिक टीम अगले सप्ताह यहां आयोजित होने वाले सिंगापुर एयरशो-2024 में अपने शानदार 'एयरोबेटिक्स' (हवाई जहाज की कलाबाजी) का प्रदर्शन करने के लिए पूरी तरह तैयार है। एयरशो के आयोजक एक्सपीरिया ने रविवार को यह जानकारी दी। आयोजकों के मुताबिक चांगी प्रदर्शनी केंद्र में 20-25 फरवरी तक आयोजित होने वाले पांच दिवसीय एयरशो में 50 से अधिक देशों और क्षेत्रों की 1,000 से अधिक कंपनियां भाग लेंगी। इस विशाल एयरशो में भारतीय वायुसेना (आईएएफ) की सारंग हेलीकॉप्टर प्रदर्शनी टीम के 71 कर्मियों की एक टीम पांच उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर (एएलएच) 'ध्रुव' के साथ भाग लेगी। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड द्वारा डिजाइन और परिकल्पित 'ध्रुव' हेलीकॉप्टर सभी प्रकार के मौसम में काम करने के अलावा कई तरह के मिशन में कार्य करने में सक्षम है।

**कवायद** सोशल मीडिया पर बेचैनी नयी प्रौद्योगिकियों के बारे में नैतिक घबराहट का है अगला दौर

# सोशल मीडिया के आदी युवाओं को लत से मुक्ति दिलाने के रास्ते की खोज

**बोल्डर (अमेरिका) एजेंसी**

कई लोग सोशल मीडिया की लत की तुलना सिगरेट से करते हैं। वे कहते हैं कि सोशल मीडिया पर कितने लाइक मिले इसे देखने की इच्छा एक नयी तरह की 'धूम्रपान की तलब' है। अन्य का मानना है कि सोशल मीडिया पर बेचैनी नयी प्रौद्योगिकियों के बारे में नैतिक घबराहट का अगला दौर है।

हम अनुसंधानकार्तओं की जोड़ी हैं जो जिसने जांच की कि सोशल मीडिया युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य को कैसे प्रभावित करता है। 75 प्रतिशत से अधिक किशोर




हर घंटे अपने फोन को देखते हैं और उनमें से लगभग आधे कहते हैं कि उन्हें ऐसा लगता है कि वे अपने उपकरणों के आदी हो गए हैं। यहां कुछ बाते हैं जो उन्होंने हमें बताई हैं: ''टिकटॉक ने मुझे परेशान कर रखा है।'' ''मैं 1,000 प्रतिशत कहूंगा कि मुझे इसकी लत है।'' ''मुझे पूरी तरह से अहसास है कि यह मेरे दिमाग पर कब्जा कर रहा है, लेकिन मैं इससे दूर नहीं हो पा रहा। इससे मुझे शर्मिंदगी महसूस होती है।'' हो सकता है कि आपकी अपनी भी ऐसी ही भावनाएं रही हों।

### उत्तर की तलाश

सोशल मीडिया के उपयोग पर 2010 के शुरुआती अनुसंधान शरीर पर प्रभाव, खाने की आदतों में विकार और सामाजिक तुलना कर नकारात्मक प्रभाव दिखाते हैं। इसके विपरीत, अन्य अध्ययन सोशल मीडिया के मानसिक स्वास्थ्य लाभों की ओर इशारा करते हैं, जिसमें सामाजिक बेहतरी, मजबूत दोस्ती और विविध दृष्टिकोणों का सुलभ होना शामिल है। फिर भी अन्य अध्ययन परस्पर विरोधी परिणाम पेश करते हैं। वास्तव में, इस विषय पर अनुसंधान करते समय अनिर्णायक या मिश्रित परिणाम एक आवर्ती परिपाटी प्रतीत होती है।

### चार सप्ताह का हस्तक्षेप

हमारे मौजूदा अध्ययन में विभिन्न प्रकार की सोशल मीडिया आदतों वाले 500 से अधिक कॉलेज छात्रों ने हिस्सा लिया। छात्र ने सोशल मीडिया के साथ अपने वर्तमान संबंधों पर विचार करके शुरुआत की और फिर उन परिवर्तनों के लिए लक्ष्य निर्धारित किया जो वे करना चाहते हैं। इसमें बिना सोचे-समझे 'स्क्रॉल' करने में कम समय बिताना, किसी ऐप पर प्रोत्साहित नहीं करना या शयनकक्ष में फोन लेकर न सोना शामिल हो सकता है। चार सप्ताह तक, प्रतिभागी अपने लक्ष्यों को हासिल करने की कोशिश में मिली सफलता की जानकारी देते है। वे 'जर्नलिंग' (डायरी लिखने) और मानक मनोवैज्ञानिक सर्वेक्षणों के माध्यम से अपनी भावनाओं और अनुभवों को बताते हैं।

### सकारात्मक बदलाव में लगता है समय

किसी भी व्यवहार परिवर्तन की तरह, स्वस्थ मीडिया के इस्तेमाल की आदतों को अपनाने के लिए समय, समर्पण और आत्म-चिंतन की आवश्यकता होती है। हमारा अनुसंधान कॉलेज के छात्रों पर केंद्रित है। लेकिन हमारा मानना है कि कार्य और विचार पर केंद्रित एक समान चार-सप्ताह की प्रक्रिया सभी उम्र के लोगों के लिए समग्र कल्याण में उपयोगी हो सकती है। सोशल मीडिया पर अपनी निर्भरता कम करने के लिए आप अभी कुछ व्यावहारिक कदम उठा सकते हैं।

### संबंध

# जयशंकर व चीन के विदेश मंत्री ने जर्मनी में मुलाकात की

**बीजिंग/म्यूनिख, एजेंसी**

विदेश मंत्री एस. जयशंकर और चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने जर्मनी में म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन से इतर मुलाकात की। म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन के वीडियो फुटेज में जयशंकर और वांग को इस कार्यक्रम से इतर एक संक्षिप्त बातचीत करते हुए देखा जा सकता है। इस सम्मेलन में अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और दुनिया भर के अन्य शीर्ष राजनयिक शामिल हुए हैं। भारत और चीन की तरफ से हालांकि दोनों विदेश मंत्रियों के बीच हुई चर्चा के बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। छह महीने से अधिक समय में दोनों नेताओं के बीच यह पहली मुलाकात थी। दोनों की पिछली मुलाकात जुलाई में जकार्ता में आयोजित आसियान की बैठक के दौरान हुई थी।

### जयशंकर ने अल-मलिकी के साथ चर्चा की

**म्यूनिख।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने रविवार को अपने फलस्तीनी समकक्ष रियाद अल-मलिकी से मुलाकात कर युद्धग्रस्त गाजा की मौजूदा स्थिति पर चर्चा की। जयशंकर म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में भाग लेने के लिए जर्मनी में हैं। बैठक की एक तस्वीर साझा करते हुए मंत्री ने 'एक्स' पर लिखा, "फलस्तीनी विदेश मंत्री रियाद अल-मलिकी से मिलकर अच्छा लगा।